प्रयागराज, शुक्रवार, 11 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 202, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00



अंदर- विराट की नई कामयाबी: टी-20 फॉर्मेट में चार हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैट्समैन

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर- आखिर डिम्पल को ही क्यों अखिलेश ने उतारा ?

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# मैनपुरी में मुलायम की दो बहुओं में होगी टक्कर!

## उपचुनाव में रोमांचक मुकाबला, आमने-सामने हो सकती हैं डिम्पल और अपर्णा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा गढ़ बन चुकी मैनपुरी लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी अपना कब्जा बना सकती है। भाजपा ने यूपी में जिस तरह से कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ अमेठी में सेंध लगाई है। कुछ वैसी ही तैयारी अब मैनपुरी को लेकर भी कर रही है।

सपा संरक्षक धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव (नेताजी) के परलोक सिधार जाने से रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा की सीट पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव में भाजपा भी बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। समाजवादी पार्टी की तरफ से नेताजी की बड़ी बहू कन्नौज की पूर्व सांसद डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद बीजेपी इस सीट पर बड़ा दांव खेल सकती है। नेताजी की दोनों बहुएं चुनाव में आमने-सामने हों सकती हैं। भाजपा मैनपुरी से नेताजी की छोटी बहू अपर्णा यादव बिष्ट को लोकसभा उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बना सकती है।

अगर भाजपा ने अपर्णा को प्रत्याशी बना दिया,तो मैनपुरी में नेताजी की दोनों बहुओं में उनकी विरासत संभालने का बड़ा ही दिलचस्प चुनावी मुकाबला होने के आसार हैं। नेताजी के चले जाने से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव को गुरुवार को सपा द्वारा पार्टी का प्रत्याशी बनाने की घोषणा की गई है। माना जा रहा है कि अब भाजपा उनके खिलाफ नेताजी की छोटी बहू अपर्णा यादव को मैदान में उतार सकती है।

सूत्रों की माने तो भाजपा हाई कमान ने गुरुवार को सपा द्वारा डिम्पल यादव को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद नेताजी की छोटी बहू अर्पणा यादव विष्ट को दिल्ली तलब कर लिया। दिल्ली पहुंचने के बाद देर शाम तक भाजपा हाईकमान के साथ अर्पणा की बैठक चली। बताया जा रहा है कि बैठक में भाजपा ने अर्पणा को मैनपुरी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार भी कर लिया है। शुक्रवार को भाजपा अर्पणा को प्रत्याशी बनाने की घोषणा भी कर सकती है। बताया जा रहा है कि बीजेपी ने इससे पहले नेताजी जी के छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव को चुनाव लड़ाना चाह रही थी। लेकिन शिवपाल इस पर तैयार नहीं हुए।

मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी के नाम का एलान कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। सपा ने गुरुवार को उनके नाम की घोषणा कर दी। बता दें कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी मैनपुरी से उम्मीदवार के तौर पर डिंपल यादव के अलावा तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव के नाम पर विचार कर रही थी, लेकिन बृहस्पतिवार को डिंपल यादव के नाम पर मुहर लग गई है। डिंपल इससे पहले कन्नौज से सांसद रह चुकी हैं। फिरोजाबाद से भी चुनाव लड़ी थी, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। डिंपल यादव के चुनाव का संचालन खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करेंगे। *कासं*

**मैनपुरी लोकसभा सीट**

**सपा ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को बनाया प्रत्याशी, अखिलेश खुद करेंगे चुनाव का संचालन**

**भाजपा हाईकमान ने अपर्णा को दिल्ली बुलाया, देर शाम तक अपर्णा के साथ चली बैठक, आज हो सकता है नाम का ऐलान**



# हिंदुत्ववादी पीएम नरेंद्र मोदी को अल्टीमेटम दें

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राज्यसभा सांसद रह चुके सुब्रमण्यम स्वामी ने फिर से अपनी ही सरकार और पार्टी को असहज किया है। उनका कहना है कि रामसेतु को सरकार धरोहर घोषित नहीं कर रही है। अगर ये सिलसिला चलता रहा तो 2024 में बीजेपी बुरी तरह से हारेगी। या फिर हिंदुत्ववादी ताकतें मोदी को ही हटाकर बीजेपी को चुनाव में शानदार जीत दिलाएंगी। उनका कहना है कि हिंदुत्ववादी ताकतों को चाहिए कि पीएम मोदी को वो आखिरी अल्टीमेटम दें।



उधर, रामसेतु मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में भी स्वामी के तेवर खासे तल्ख दिखे। रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर दायर स्वामी की याचिका पर आज सुनवाई होनी थी। लेकिन केंद्र ने फिर से स्थगन की अपील कर दी। स्वामी ने कोर्ट से कहा कि 8 साल से ये सिलसिला जारी है। हर बार केंद्र कोई न कोई तर्क देकर मामले की सुनवाई को टलवा देता है। स्वामी ने ये बात तब कही जब इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से 2 सप्ताह का और समय मांगा। सीजेआई चंद्रचूड़ सिंह और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच के समक्ष स्वामी ने कहा था कि केंद्र ने 13 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा था। लेकिन अभी तक हीलाहवाली ही चल रही है। उनका कहना था कि एक चिट्ठी में कहा गया है कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता आज नहीं आ सकेंगे। उसके बाद केंद्र की तरफ से दो सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए मांगा गया।

**स्वामी बोले**

**रामसेतु नहीं बना धरोहर तो 2024 में हारेगी बीजेपी**

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

## सीएम योगी आज वाराणसी में सात जेटी का उद्घाटन और 8 का करेंगे शिलान्यास

**वाराणसी।** भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा 11 नवंबर को वाराणसी के रविदास घाट पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात जेटी का उद्घाटन और आठ जेटी का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ दोपहर दो बजे से दो दिवसीय पीएम गतिशक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन का आयोजन बड़ालापुर स्थिति दीनदयाल हस्तकला संकुल में होगा। वाराणसी से लेकर कोलकाता के बीच कुल 60 जेटी बनाए जाने हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में सात जेटी तैयार हुए हैं, जिनमें वाराणसी के रविदास घाट, रामनगर, कैथी, चंदौली में बलुआ, गाजीपुर में कलेक्टर घाट, बलिया में उजियार घाट बरौली और शिवपुर शामिल हैं। उद्घाटन वाराणसी के रविदास घाट से 11 नवंबर को सुबह 11 बजे होगा, जबकि इस मौके पर आठ जेटी का शिलान्यास भी किया जाना है। विशिष्ट अतिथियों के अलावा दो हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था रविदास घाट पर की जा रही है। इस कार्यक्रम के बाद दोपहर दो बजे से पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के माध्यम से बांग्लादेश, भूटान, नेपाल देशों के अलावा कई राज्यों को भी जोड़ने की कोशिश होगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सवार्नंद सोनेवाल, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री श्रीपत नायक, कैबिनेट मंत्री महेंद्र पांडेय, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह आदि शामिल होंगे।

## ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मामले की सुनवाई को बेंच गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मामले की सुनवाई के लिए शुक्रवार को पीठ का गठन करेगा। हिंदूवादी संगठन की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने गुरुवार को इस मामले पर तुरंत सुनवाई की मांग की। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करने की बात कही है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को कुछ हिंदू भक्तों की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलों पर ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा देने का आदेश 12 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम कल दोपहर 3 बजे एक बेंच का गठन करेंगे।

# आजम नहीं लड़ पाएंगे रामपुर उप-चुनाव

**लखनऊ।** नफरती भाषण देने के मामले में निजली अदालत के फैसले पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी रामपुर की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने रामपुर की सेशन कोर्ट को आज ही आजम खां की दोषसिद्धि के अपील के स्टे प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करने और फैसला देने के आदेश दिए थे। इस संबंध में कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब रामपुर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय एमपी एमएलए सेशन कोर्ट (न्यायाधीश आलोक दुबे की कोर्ट में) आजम खां के मामले पर सेशन कोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। आजम खां की तरफ से पूर्व अपर महाधिवक्ता इमरान उल्लाह बहस की। उन्होंने पूर्व में दिए गए फैसले का हवाला दिया।सपा नेता आजम खां को 27 अक्तूबर को रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई थी। कोर्ट से तीन साल की सजा मिलने के बाद अगले दिन 28 अक्तूबर को उनकी विधायकी रद्द कर दी और रामपुर विधानसभा सीट को रिक्त घोषित कर दिया। इसके बाद चुनाव आयोग ने पांच नवंबर को रामपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव कराने का एलान कर दिया था। उपचुनाव के लिए गजट अधिसूचना 10 नवंबर को जारी होनी थी। उप चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य भी 10 नवंबर से शुरू होना था। इस बीच सपा नेता आजम खां ने सात नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर दाखिल की थी। उन्होंने सरकार की मंशा और चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। जिस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में सुनवाई हुई। सपा नेता आजम खां ने बुधवार को ही सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की।

**झटका**

**दोषसिद्धि पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी खारिज, सेशन कोर्ट ने सुनाया अपना फैसला**



## तमिलनाडु के मदुरै की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै जिले के उसिलांबट्टी के पास गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे 5 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 मजदूर घायल हैं। सिंधुपट्टी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया ब्लास्ट इतना जोरदार था कि फैक्ट्री में काम कर रहे 5 मजदूरों के शरीर के चीथड़े उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। एसपी मदुरै ने इस हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया विस्फोट की वजह अभी तक पता नहीं चली है। जांच की जा रही है, जल्द ही कारण पता चल जाएगा। मृतकों की पहचान अम्मावासी, वल्लारासु, गोपी, विकी और प्रेमा के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। इससे पहले सितंबर में तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। जिसमें 7 मजदूरों की मौत हुई थी जबकि कई मजदूर घायल हो गए थे। इससे पहले जुलाई में नेवेली लिग्नाइट पावर प्लांट में विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 17 लोग घायल हो गए थे।

**सितंबर में तमिलनाडु के कुड्डालोर में 7 की हुई थी मौत**

# उत्तर बंगाल को अलग करने की हो रही साजिश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उत्तर बंगाल को राज्य से अलग करने के लिए बिहार और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से आग्नेयास्त्रों की तस्करी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस उद्देश्य के लिए वीआईपी वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है और इस तरह के प्रयासों को रोकने के लिए जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया। ममता बनर्जी ने अधिकारियों से कड़ी निगरानी रखने को भी कहा, उनका कहना है कि कुछ लोगों की योजना दिसंबर से राज्य में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को मतदाता सूची को अपग्रेड करने में शामिल अधिकारियों से कहा कि वे 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके लोगों को इसमें शामिल करें और किसी को भी धार्मिक पहचान से बाहर न करें। एक बैठक में सीएम बनर्जी ने आरोप लगाया कि साजिश रची जा रही है और कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 30 प्रतिशत मतदाताओं को नई सूची से बाहर कर दिया गया है। ममता बनर्जी ने बैठक में कहा कि मैं अधिकारियों से अनुरोध करती हूं कि चुनाव आयोग के नियम के अनुसार सभी का नाम शामिल करें।

**ममता का आरोप**

**सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की योजना**



## पहले दिन मैनपुरी में नहीं हुआ कोई नामांकन

**मैनपुरी।** लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के लिए कलक्ट्रेट पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पहले दिन कोई भी प्रत्याशी नामांकन करने के लिए नहीं पहुंचा। वहीं भाजपा नेता सतीश पाल ने एक पर्चा खरीदा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई।

# यूएस वीजा चाहने वाले भारतीयों के लिए गुड न्यूज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वीजा की चाहत रखने वाले भारतीयों के लिए खुशखबरी है। एक तरफ जहां वीजा के लिए वेटिंग पीरियड कम किया जा रहा है। वहीं, एक लाख नए वीजा स्लॉट भी खोले गए हैं। इस दिशा में कुछ अहम कदम उठाए जा चुके हैं और नियमों में बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा एच और एल वर्क वीजा के लिए 100,000 स्लॉट भी खोले गए हैं। अमेरिकी एंबेसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। इस साल अमेरिका ने भारतीय छात्रों को 82,000 स्टूडेंट वीजा जारी किया है। इसके बाद अगली प्राथमिकता अन्य वीजा से जुड़े वेटिंग पीरियड को खत्म करनी है। इनमें एच और एच कैटेगरी के अनिवासी वर्क वीजा के साथ प्रतिष्ठित एच-1बी वीजा, बी-1 बिजनेस वीजा, बी-2 टूरिज्म वीजा और शिपिंग व एयरलाइंस कंपनियों के क्रू के लिए वीजा भी शामिल हैं।

अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका शुरूआत में इन श्रेणियों में अप्लाई करने वालों पर आक्रामक ढंग से फोकस करेगा। इसके लिए ड्रॉप बॉक्स सुविधा का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा फर्स्ट टाइम अप्लाई करने वालों से पहले उन्हें तरजीह दी जाएगी उन्हें पहले वीजा दिया जा चुका है। इंटरव्यू क्लियर करने वाले सभी लोगों को वीजा जारी किया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक कोशिश हो रही है कि वेटिंग पीरियड जितना हो सके कम किया जाए। साल 2023 के जून-जुलाई तक इस लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश रहेगी। इसके अलावा प्राथमिकता अमेरिका में मौजूद एच-1बी वीजा होल्डर भारतीयों को दी जाएगी, जो परिवार से मिलने के लिए देश आना चाहते हैं। इसके बाद पहली बार अप्लाई करने वालों पर फोकस किया जाएगा। भारत में गर्मियों तक स्टाफ 100 परसेंट हो जाएगा। अमेरिका भी इस कोशिश में लगा हुआ है। इसके लिए अस्थायी कर्मचारियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही भारतीयों के अप्लीकेशंस को प्रोसेसिंग के लिए रिमोट लोकेशंस पर भेजा जा रहा है।

**यूएस ने उठाया कदम**

**एच और एल वर्क वीजा के लिए 100,000 स्लॉट भी खोले गए**

# सरकार ने आधार के नियमों में किए बदलाव

**नई दिल्ली ।** सरकार ने आधार के नियमों में संशोधन कर आदेश जारी कर दिए हैं। केंद्र द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आधार संख्या प्राप्त करने से 10 साल पूरा होने के बाद कम से कम एक बार इसमें अपडेट करना जरूरी होगा।

इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आधार में अपडेट होने से केंद्रीय पहचान डेटा रिपोजिटरी में संबंधित जानकारी की निरंतर आधार पर सटीकता सुनिश्चित होगी। मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आधार धारक आधार के नामांकन की तारीख से हर 10 साल पूरे होने पर कम से कम एक बार पहचान और निवास प्रमाणपत्र वाले दस्तावेजों का अपडेट करा सकते हैं।

**पहल**

**10 साल पूरा होने पर दस्तावेजों को करना होगा अपडेट**

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे पवार

**हेल्थ बनी बाधा**

**आदित्य ठाकरे शुक्रवार को यात्रा में होंगे शामिल**

**नांदेड़।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार स्वास्थ्य कारणों से कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। रमेश ने पत्रकारों को यहां संबोधित करते हुए कहा कि पवार (81) ने पहले इस पैदल यात्रा में शामिल होने पर सहमति जताई थी।

कांग्रेस के संचार महासचिव रमेश ने कहा कि हाल ही में वह (पवार) अस्पताल में भर्ती हुए थे और आराम करने की डॉक्टरों की सलाह के मद्देनजर वह यात्रा में शामिल नहीं होंगे। भारत जोड़ो यात्रा में शरद पवार की बेटी और एनसीपी की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सूले, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड, इस पैदल यात्रा में शामिल होने के लिए नांदेड़ पहुंच गए हैं। ये नेता राहुल गांधी की सार्वजनिक सभा में गुरुवार शाम को शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस रैली में शामिल होंगे। रमेश ने कहा कि पवार जब अस्पताल में थे तो राहुल गांधी ने उनसे बातचीत की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पवार ने यात्रा में शामिल होने के लिए अपनी सहमति जताई थी, आराम करने की डॉक्टरों की सलाह के कारण वह यात्रा में भाग नहीं लेंगे। शिवसेना नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे शुक्रवार को इस यात्रा में शामिल होंगे।



# गुजरात में भाजपा के 84 विधायकों का पत्ता साफ

## मोरबी ब्रिज हादसे में पानी में कूदकर लोगों को बचाने वाले को भी टिकट

**गांधीनगर।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को पहली लिस्ट जारी की। 180 विधानसभा सीटों में से अभी 160 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल घाटलोढ़िया से चुनाव मैदान में उतरेंगे। यहां उनके खिलाफ कांग्रेस की एमी यागनिक हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की जगह डॉ. दर्शिता शाह राजकोट पश्चिम से चुनाव लड़ेंगीं। वहीं पार्टी ने वर्तमान सरकार में शामिल 5 मंत्रियों का भी टिकट काट दिया है। इनमें राजेंद्र त्रिवेदी और प्रदीप परमार जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं।

मोरबी में भाजपा ने मौजूदा विधायक बृजेश का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। मोरबी पुल हादसे के वक्त कांतिलाल लोगों की जान बचाने के लिए मच्छू नदी में कूदे थे। उन्होंने जल्द रेस्क्यू के लिए वीडियो भी पोस्ट किया था। रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को जामनगर उत्तर से टिकट दिया गया है। प्रद्युमन सिंह जडेजा (अबडासा), कुवरजी बावड़ियां (जसदन), जवाहर चावडा (मानावदर), हर्षद रिबडीया (विसावदर), भगा बारड ( तालाला), अश्विन कोटवाल (खेडब्रह्मा), जीतू चौधरी (कपराडा) को बीजेपी से टिकट दिया गया है। ये सभी नेता 2017 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। अब बीजेपी की ओर से मैदान में हैं।

टिकटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में भाजपा सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बुधवार को मीटिंग हुई थी। करीब 3 घंटे चली मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह शामिल हुए थे। मीटिंग में गुजरात की 182 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गई।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने 84 विधायकों का टिकट काट दिया है, जबकि 75 विधायक को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। स्पीकर डॉ. निमाबेन आचार्य का भी टिकट कट गया है। राजकोट की चारों सीट पर पार्टी ने नए चेहरे को उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में होने वाली मीटिंग से पहले ही गुजरात के पूर्व सीएम, डिप्टी सीएम समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों ने विधानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। इन नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को पत्र लिखकर चुनाव न लड़ने की घोषणा की।

भाजपा और कांग्रेस को प्रत्याशी चयन में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। इन दोनों दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती जातीय समीकरणों को साधकर उम्मीदवार उतारना है। इस चुनाव में बड़े और छोटे 18 समुदायों ने दलों से टिकट मांगा है। भाजपा से पाटीदार समुदाय ने 50 लोगों को टिकट देने को कहा। वहीं प्रजापति 10, कोली 72, ठाकोर 8, जैन 10-15, क्षत्रिय 25, अहीर 12, ब्राह्मण 10, इसके अलावा बंजारा, माली, भोई, राणा, खारवा, मेर, वाघेर जैसी अन्य छोटी जातियों ने भी अलग सीटों की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी ने मोरबी के पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। पार्टी ने सीटिंग विधायक बृजेश मेरजा का टिकट काट दिया है। कांतिलाल वहीं शख्स हैं, जिन्होंने मोरबी पुल हादसे के दौरान जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगा दी थी। इन्होंने कई लोगों की जान बचाई थी। 30 अक्टूबर की शाम मोरबी की मच्छू नदी पर बना ब्रिज टूट गया था। इस हादसे में 135 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 177 लोगों को रेस्क्यू किया गया था।

**बदनामी से तौबा**

**रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को टिकट, कांग्रेस से आने वाले कई नेताओं को दिया टिकट**




SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम टिकाऊ उत्पाद
ठोस प्लास्टिक के दरवाजे, पल्ले एवं खिड़कियों की चौखट
विशेषताएं
1. पानी एवं सीलन से सुरक्षित
2. ऐंठने या टेढ़े होने का डर नही ।
3. अवधि 50 वर्ष एवं अधिक।
4. रख-रखाव का खर्च कुछ नहीं।
5. दीमक एवं कीड़े-मकोड़ों का असर नहीं।
6. आग फैलती नहीं खुद बुझ जाती है।
7. डिजाइन एवं साइज आवश्यकता अनुसार उपलब्ध।
MAKE IN INDIA
वितरक - जैन एजेन्सीज
व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित
17A नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी,
फोन-0542-2207486, मो. 9554220883

## संक्षेप

**मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि 14 तक बढ़ी**

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र जुलाई 2022- 23 के लिए प्रवेश की तिथि 14 नवम्बर 2022 तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने लिया। कुलपति के इस निर्णय से प्रदेश के सुदूरवर्ती छात्र लाभान्वित होंगे। कुलपति प्रोफेसर सिंह के इस निर्णय से प्रवेश के इच्छुक ऐसे छात्रों को भी लाभ मिलेगा, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन करा लिया है और प्रवेश शुल्क अभी तक जमा नहीं कर पाए हैं। यह प्रवेशार्थियों के लिए अंतिम मौका होगा। मुक्त विश्वविद्यालय में इस समय ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध लगभग 1300 अध्ययन केंद्रों पर संचालित की जा रही है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र समस्त कार्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में 14 नवम्बर तक ऑनलाइन शुल्क जमा करते हुए प्रवेश ले सकते हैं।

# डेंगू पीड़ित दो लोगों की इलाज के दौरान मौत

जनसंदेश न्यूज




**उरुवा।** डेंगू पीड़ित दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही दोनों लोगों के घर कोहराम मच गया। लगातार हो रही मौतों से रामनगर में हड़कंप मचा हुआ है। मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी स्व. हनुमान दास केसरी का बड़ा बेटा 60 वर्षीय अशोक केसरी तथा राजाराम केसरी का छोटा बेटा 42 रमाशंकर केसरी उर्फ पिंटू केसरी कई दिनों से डेंगू बुखार से पीड़ित रहे। जिनका कई जगह इलाज कराने के बाद सीएचसी रामनगर से शहर रेफर किया गया था। बुधवार की शाम अशोक केसरी की प्रयागराज तथा रमाशंकर केसरी की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही दिवंगत दोनों लोगों के घर कोहराम मच गया,पीड़ित परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल था। डेंगू बीमारी से लगातार हो रही मौतों से रामनगर सहित पास के अनेक गांव में हड़कंप मचा हुआ है। बतादें की बीते पंद्रह दिनों में डेंगू से रामनगर में दो तथा अन्य गांव में भी दो लोगों की मौत हो चुकी है। रामनगर सहित अनेक गांव के कई लोग इस बीमारी से पीड़ित होकर अनेक लोगों का शहर तथा कुछ अपने घर में ही अपना इलाज करा रहे हैं।

## रंगदारी न देने पर मिली जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक मोबाइल के दुकानदार को दो युवक पहले से रंगदारी मांगते चले आ रहे हैं। दोनों युवक दुकान में घुस कर रंगदारी मांगने लगे न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। सारा मामला सीसी कैमरे में कैद हो गया। दुकानदार ने एक नामजद एक अज्ञात युवक के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास निवासी जीतेंद्र कुमार सोनी पुत्र अनिल कुमार सोनी का आरोप है कि उससे दो युवक बराबर रास्ते में और फोन पर रंगदारी मांगते चले आ रहे हैं। जीतेंद्र सोनी का आरोप है कि उसकी दुकान में घुस उक्त युवकों ने रंगदारी मांगी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। जीतेंद्र सोनी ने मऊआइमा थाने में अबू हमजा उर्फ शहबान पुत्र जैन उद्दीन निवासी सुलतानपुर खास को नामजद करते हुए। एक अज्ञात के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। साथ में सीसी कैमरे का फुटेज निकाल कर वीडीओ भी पुलिस को दिया है । पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# भाजपा नेता की असामयिक निधन, क्षेत्र में शोक

जनसंदेश न्यूज


भाजपा नेता अशोक तिवारी (फाइल फोटो)

**सहसों।** प्रयागराज शहर समेत ग्रामीण अंचलों के क्षेत्रों में इन दिनों मच्छरों के प्रकोप ने कई लोगों को अपनी आगोश में ले लिया है। वहीं पर सहसों सहित आसपास गांव के कई लोग अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं एवं कई लोगों की मौत भी हो चुकी है।

सहसों क्षेत्र के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव निवासी भाजपा नेता जिला संयोजक गंगापार एवं व्यापार मंडल गंगा पार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने गुरुवार की भोर लगभग 2:00 बजे दिल्ली के एक अस्पताल में बुखार से पीड़ित होने पर चलते इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।

अशोक कुमार तिवारी 49 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बृजभूषण तिवारी की तबीयत गत 3 नवंबर को खराब हुई तो जांच करवाने पर डेंगू पॉजिटिव पाया गया। जिस पर परिजन उन्हें प्रयागराज के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। अपेक्षित सुधार ना होने पर परिजन अच्छे इलाज के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में 5 तारीख को भर्ती कराया।जहां पर उन्होंने गुरुवार की भोर लगभग 2:00 बजे अंतिम सांस ली। उनके बड़े भाई सोभालाल तिवारी ने बताया कि खून की जांच करवाई गई थी जिसमें डेंगू पाया गया था और प्लेटलेट्स भी काफी कम था। अचानक भाजपा नेता के असामयिक निधन से उनके परिजनों सहित क्षेत्र के लोगो में गहरा शोक व्याप्त हैं।



### भाजपा नेता के निधन पर विधायक सहित गणमान्य व्यक्तियों ने दी श्रद्धांजलि

**सहसों।** भाजपा नेता अशोक कुमार तिवारी के असामयिक निधन पर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ,भाजपा के जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद सिंह डब्बू,ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपिंद सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह पटेल जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी ,भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, देवराज उपाध्याय, अनिल सरोज सत्यम हिंदू, संजय सिंह, राजधर दुबे, चिंतामणि शुक्ला, लक्ष्मी कांत मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला, चंद्रेश केसरवानी, अरुण प्रकाश शुक्ला सहित भारी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जमीन में हेर फेर एवं तथ्यों को छिपा कर लिया ऋण, मुदकमा दर्ज

**मऊआइमा।** महिला के हाथ बैनामा कर दिया गया। एवं महिला को जमीन पर कब्जा भी नहीं दिया गया। महिला ने चार के खिलाफ जालसाजी और फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटाता जलालपुर निवासिनीय ममता देवी पत्नी दुधनाथ ने भूमि संख्या 43 रकबा ( .05490 ) हेक्टेयर जमीन में से 1140 हेक्टेयर जमीन मोमिना बीबी पत्नी स्वर्गीय नईमुद्दीन व मोहम्मद मियां से 29 सितम्बर 2010 को बैनामा ले लिया। परन्तु उन्हें कब्जा नहीं मिला। मोमिना बीबी के देहांत के बाद मोहम्मद मियां के पुत्रों ने कागजों में हेर फेर और तथ्यों को छिपा कर 23 अगस्त 2021और 16 अक्टूबर 2018 को बैंक ऑफ बड़ौदा मऊआइमा से ऋण ले लिए। ममता देवी का आरोप है कि आज तक उस जमीन पर उसे कब्जा नहीं दिया गया। तथा और जमीन बेचने के फिराक में हैं। ममता देवी ने मऊआइमा थाने में इमरान ,कामरान, रिजवान, सुफियान पुत्रगण मोहम्मद मियां के खिलाफ जालसाजी और फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## अपना दल 'एस' लड़ेगा निकाय चुनाव




**फाफामऊ।** सोरांव विधानसभा की मासिक बैठक विधान सभा कार्यालय कलन्दरपुर में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सोरांव विधानसभा अध्यक्ष सुशील कुमार पटेल ने किया, तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन विधानसभा सचिव आदित्य पटेल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विधि मंच प्रीतम पटेल ने बताया कि आज हमारी पार्टी प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी दर्जा प्राप्त राज्यस्तरीय पार्टी बनी है ।और अभी पिछले महीने में ही हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री मा० बहन अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में हम सबने अपनी मेहनत के बलबूते घर-घर जाकर एक करोड़ सदस्य बनाने का सफलतापूर्वक कार्य किया है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी पार्टी ने घर-घर जाकर मात्र एक महीने में एक करोड़ सदस्य बनाने काम किया है ।साथ ही साथ इसी महीने की 4 तारीख को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में पुनः नवनियुक्त पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा है हम आगामी नगर पंचायत का चुनाव भी पूरे दम-खम के साथ लड़ेंगे। यदि संभव हुआ तो ये चुनाव भी हम गठबन्धन धर्म का पालन करते हुए अपनी सहयोगी पार्टी के साथ ही लड़ेंगे। अन्यथा हम अकेले ही चुनाव लड़ने का कार्य करेंगे ।मासिक बैठक में प्रदेश सचिव किसान मंच संजय पटेल दामोदर, प्रदेश सचिव महिला मंच रामशीला पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवमूरत पटेल, जिला उपाध्यक्ष बाबा हरीलाल रविदास, जिला मीडिया प्रभारी गंगापार धर्मराज पटेल (बागी) जिला उपाध्यक्ष किसान मंच हरीनाथ शास्त्री,नवीन पटेल, बृजभान पटेल, सुरेन्द्र पटेल, रमेश पटेल, पार्षद आवेदकों में रुपचंद पासी,अमर बहादुर विश्वकर्मा, मुकेश वर्मा, शशांक शेखर पाल, कमलाकांत पटेल, सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भरत सरिस को राम सनेही, जग जब राम-राम जप जेही : विनोदानन्द



**करछना।** आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 24वें जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर पहुंचे रामकथा प्रवाचकों ने भरत की महिमा का बखान करते हुए खूब तालियां बटोरी। प्रयाग से पधारे स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने भरत सरिस को राम सनेही, जग जप राम, राम जप जेही.... जैसी चौपाई की मार्मिक व्याख्या करते हुए भरत को विश्व में अनूठे भक्त की संज्ञा दी। स्वामी जी ने कहा कि जहां संपूर्ण संसार भगवान राम का जप कर भवमुक्त होना चाहता है वहीं श्रीराम स्वयं भरत लाल की अगाध भक्ति के भक्त होकर उनके नाम का जप करते हैं। ऐसा अनूठा उदाहरण विश्व में अन्यत्र नहीं मिलता। वृंदावन से पधारे कथावाचक गोपाल जी महाराज ने भक्त और भक्ति के मर्म को समझाते हुए भगवान श्री राम के लोकजीवन में चरित्र और मयार्दा को सर्वोपरि बताया। मिजार्पुर से जमुनापार महोत्सव में तीसरी बार पधारे आचार्य पंकज जी महाराज ने कहा कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए प्रेम ही सबसे सरल मार्ग है जिसकी आसक्ति भक्ति का पर्याय बन आत्मा को परमात्मा के मिलन का पथ प्रशस्त कराती है। इसके पूर्व आकाशवाणी और दूरदर्शन के चर्चित लोक कलाकार श्यामलाल बेगाना ने, जवानों और किसानों का अभिनंदन करते हुए.. तोहके बहाये परी खून औ पसिनवा, येही देशवा के करनवा जैसे गीत पर खूब तालियां बटोरी। मोनू मस्ताना के दादरा और झूमर पर भी श्रोता झूम उठे तो वहीं मोहिनी श्रीवास्तव ने, राम जी से पूछे जनकपुर के नारी,बताइद बबुआ, जैसे गीतों पर भी श्रोताओं को भाव विभोर किया। मोहन जी शुक्ल और शबरेज अहमद के गीत खूब सराहे गए तो वहीं महेश मिश्र की बांसुरी पर भी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। विद्यालय की छात्राओं ने भी गीत प्रस्तुत कर खूब शमा बांधीं। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने मंच पर पहुंचे संत गणों का माल्यार्पण स्वागत और दूसरे दिन राम कथा का श्रवण करने वाले श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन गीतकार राजेंद्र शुक्ला ने किया। महोत्सव के तीसरे दिन जमुना पार की अंतर्विद्यालयीय लोक गायन और लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महोत्सव के दूसरे दिन जितेंद्र कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, मालती शर्मा, जगतपाल, विजय सिंह, कमला शंकर तिवारी, विश्वेश ओझा, राजकुमार विश्वकर्मा, विमला देवी, केशव पांडेय, रोशन लालओझा, समेत क्षेत्रीय गणमान्य और बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

## लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज में हुआ वार्षिकोत्सव


समारोह में संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री

**माण्डा।** मांडा के लाल बहादुर शास्त्री सेवा निकेतन इंटर कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव में 56 वां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम पूर्व वर्ष की भांति आयोजित किया गया। माण्डा से शास्त्री का लगाव रहा है और इसी लिये उनके नाम पर इस विद्यालय की नींव रखी गयी है। इण्टर कालेज के वार्षिकोत्सव पर इण्टर में प्रथम स्थान प्राप्त कशिश केशरी व हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त मानसी कुशवाहा व अन्य कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को विद्यालय के अध्यक्ष सुनील शास्त्री व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने सम्मानित किया और बच्चों को सम्बोधित कर शिक्षा में क्रांन्ति लाने के विषय में अनिल शास्त्री ने कहा। इस कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लिया ।इस अवसर पर जिसमें प्रबन्धक जितेंद्र नाथ चौधरी, प्रधानाचार्य विजय श्याम द्विवेदी, अध्यापक गिरजा शंकर तिवारी, रोहित पांडे, प्रदीप पांडेय कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश मिश्रा ने किया।

## 16 नवम्बर से 9 कुंडीय यज्ञ प्रारंभ

**खीरी।** कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार में 16 नवंबर से नौ कुंडीय महायज्ञ प्रारंभ है। जिसमें कलश शोभायात्रा एवं श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण संपन्न कराया जाएगा। तथा विभिन्न संस्कार का भी आयोजन सुनिश्चित है। कार्यक्रम 16 नवंबर से प्रारंभ होकर 21 नवंबर तक अनवरत चलता रहेगा। बताते चलें कि कार्यक्रम धर्मराज गेस्ट हाउस खीरी से आयोजित होगी। आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त नौ कुंडीय यज्ञ, कलश यात्रा से लोक कल्याण, मानव में देवत्व जगाना एवं प्राणी मात्र का उत्थान तथा रूढ़िवादिता को हटाने का प्रयास किया जाएगा। उक्त में पंडित रामजी शर्मा आचार्य द्वारा लिखित 19वां प्रज्ञा पुराण का वाचन होगा।

# वृद्ध के पुश्तैनी मकान पर दबंग कर रहे कब्जे का प्रयास

जनसंदेश न्यूज


पुस्तैनी मकान के साथ वृद्ध

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के दम गड़ा गांव में एक वृद्ध की पुश्तैनी पक्के मकान पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है ।विरोध पर दबंगों द्वारा पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी मिल रहे हैं। दम गड़ा थाना उतराव निवासी शंभू नाथ प्रजापति मजदूरी करता है। गांव के ही अपराधी किस्म के लोग वृद्ध शंभू नाथ के पक्के मकान पर जबरन कब्जा का प्रयास बनाया जा रहा है। जिसमें पीड़ित ने एडीजी के यहां पहुंचकर जान माल की सुरक्षा व न्याय की गुहार लगाई है। वृद्ध शंभू नाथ प्रजापति ने बताया कि गांव के ही कलाम उर्फ बिकानू व अपराधी किस्म के छोटू इश्तियाक चुन्नू उर्फ सुवेब परवेज उर्फ लाला,निसार अहमद,अरशद,अज्जु उर्फ अनश गुलाम व जिला बदर जावेद आदि जो अपराधी किस्म के लोग हैं। इनके खिलाफ जिले के कई थानों में कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोप है कि जबरन शेरेपुस्ति के बल पर पुश्तैनी मकान पर कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। जिसके मामले में वृद्ध ने एडीजी जोन के यहां पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही एडीजी जोन द्वारा मामले में जांच के लिए आदेश दिया गया है ।पीड़ित वृद्ध शंभू नाथ प्रजापति ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन भी है। तथा मेरे पक्ष में लेखपाल द्वारा हाल में ही जांच कर निवास करने का रिपोर्ट भी प्रेषित किया है ।इस मामले में उप जिलाधिकारी द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया ।उसके बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि गांव के अनीश उर्फ गुड्डू को बदनाम करने की साजिश भी रची जा रही है जबकि इनसे कोई दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। प्रदेश में है योगी सरकार द्वारा लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। लेकिन यहां वृद्ध को परेशान किया जा रहा है। वही दूसरे पक्ष के कलाम द्वारा 2021 में आबादी मकान का बैनामा कराया गया है ।अब देखना यह है कि भाजपा की सरकार में इस वृद्ध को कितना न्याय मिलेगा यह वक्त बताएगा। लेकिन अपराधियों के इस हौसलों को देखकर प्रदेश में रही भाजपा सरकार व कानून ब्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह बन रही है।

## सड़क के घटिया निर्माण की सांसद विधायक से शिकायत

**लालगोपालगंज।** कस्बा के मेवालाल जायसवाल कॉलेज में स्मार्ट फोन वितरण समारोह कार्यक्रम के समापन के बाद कॉलेज के प्रचार्य ने कॉलेज जाने वालेमार्ग को व्यक्ति विशेष द्वारा अवरूद्ध करने एवं मीट की दुकान हटाने को लेकर शिकायत की गई। इसके बाद कॉलेज पहुंचने तक विगत दिनों बनाए गए मानक विहीन खडंजा निर्माण की भी शिकायत की गई। कहा गया कि करीब चैदह लाख रूपए की लागत से खडंजा निर्माण कराया गया है, जो आगणन के अनुसार नहीं बनाया गया। सड़क बनने के बाद से ही उखड़ने लगी। जन प्रतिनिधियों ने सभी शिकायतों को संज्ञान लेते हुए एसडीएम सोरांव को कार्रवाई कराने का निर्देश दिया है।


रामनगर में डेंगू का बढ़ता प्रकोप देखकर फागिंग और छिड़काव कराते प्रधान

## डेंगू का प्रकोप बढ़ता देख प्रधान ने कराया फागिंग और दवा छिड़काव

**उरुवा।** डेंगू के बढ़ते प्रकोप से निपटने के लिए प्रधान द्वारा मशीन से फागिंग कर धुआं व दवा का छिड़काव कराया गया। जिससे मच्छर जनित बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। गुरुवार को उरुवा ब्लॉक के रामनगर गांव में ग्राम प्रधान संगीता नीरज सिंह यादव के नेतृत्व में मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु सफाई कर्मी के द्वारा छिड़काव और समूचे गांव में फागिंग मशीन चला कर धुआं किया गया। जिससे मच.छरों को भगाया जा सके और उनसे होने वाली बीमारियों डेंगू और मलेरिया जैसे रोग से बचा जा सके। लोगों का कहना था कि प्रधान द्वारा मशीन से फागिंग कर धुआं करना और दवा का छिड़काव कराना कुछ राहत पहुंचाने की सकारात्मक पहल है। मसीन द्वारा दवा का छिड़काव और फागिंग होने से मच्छरों के आतंक से परेशान ग्राम वासियों को जहां राहत मिलेगी वहीं मच्छर जनित रोग डेंगू,मलेरिया से बचाव भी होगा। प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव ने ग्रामवासियों से अपील की है कि अपने आस पास पानी न इकट्ठा होने दें। अगर कहीं पानी इकट्ठा हो तो उसमें कुछ तेल की बूंदे डाल दें,ऐसा करने से डेंगू मच्छर के लार्वा नहीं पनपेंगे और डेंगू रोग से बचाव भी हो जाएगा।

# बदमाशों ने पूरे परिवार बंधक बनाया, की लाखों की लूट

**फाफामऊ।** गद्दोपुर में बुधवार की देर रात नकाबपोस अज्ञात बदमाशों ने एक घर के पूरे परिवार को तमंचे के बल पर बंधक बनाकर बट से उनकी पिटाई कर घर से लाखों के कीमत के जेवर, एक कार, एक बाइक सहित हजारों की नकदी समेत अन्य सामान लूट ले गए। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर एसएसपी प्रयागराज सहित अन्य अधिकारियों ने घटना की जांच का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया। डकैती की घटना से बस्ती के अन्य लोगों में भय व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ कमासिन के रहने वाले रामकुमार पांडेय प्राइवेट कार ड्राईवर है। वह गद्दोपुर बीबीएस कॉलेज के पीछे कछार में मकान बनवाकर परिवार सहित रहते है। बुधवार की रात करीब 11 बजे घर में परिवार सहित सो गए इसी बीच आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाशों ने घर की चाहर दिवाली डालकर घर के अंदर घुस गए और तमंचा और पिस्टल सटाकर परिवार के बड़े तीन सदस्यों को बंधक बनाकर तमंचे से पिटाई कर घायल करने के बाद घर के आलमारी में रखा दो सोने के चैन, दो सोने की अंगूठी, पत्नी साधना के गले का मंगलसूत्र, पायल, मोबाइल फोन, छोटे भाई विवेक पांडेय के गले से सोने के चैन सहित लाखों के जेवर घर के बाहर खड़ी सेवारलेट कार, एक होंडा साइन बाइक लूट 20 हजार रुपया नकद लूट कर फरार हो गए। रामकुमार पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने पांच से छः अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार की सुबह एसएसपी प्रयागराज, एसपी गंगापार, सीओ सोरांव ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने का फाफामऊ पुलिस को निर्देशित किया। बस्ती के लोगों में डकैती की घटना से भय का माहौल व्याप्त है।

## ग्राम पंचायत पुरैनी में जल निकासी परियोजना का कार्य भूमि पूजन के साथ शुरू

**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी में दलित बस्ती में जल निकासी को लेकर लंबे अरसे से चली आ रही समस्या को अब निजात मिल सकेगी विकासखंड करछना से स्वीकृत परियोजना का कार्य भूमि पूजन के साथ ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडेय के नेतृत्व में गांव के गणमान्य लोगों द्वारा जल निकासी परियोजना का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसके लिए गुरुवार को मंत्रोचार के द्वारा भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ तत्पश्चात जल निकासी परियोजना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है सुरेश पांडेय ने बताया कि पुरैनी ग्राम पंचायत में विगत कई वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी जिसको लेकर खंड विकास अधिकारी करछना से शिकायत की गई थी जिस पर उक्त कार्य को पूर्ण कराने के लिए संस्तुति की गई जिसके तहत दलित बस्ती में जल निकासी की परियोजना जल्द पूर्ण कर ली जाएगी और ग्रामीणों की समस्या का निदान जल्द ही पूर्ण करा दिया जाएगा इस अवसर पर गांव के कई गणमान्य लोग भूमि पूजन कार्य में सम्मिलित रहे।

# सवाल का उत्तर ना दे पाने पर प्रबंधक ने छात्र को जमकर पीटा

**बेरहमी**

**साल भर फीस माफ करने की बात पर हुआ समझौता**

**प्रबंधक ने प्रतीक की डंडों एवं लात घूसों से की जमकर पिटाई**

जनसंदेश न्यूज


मारपीट से घायल छात्र अपनी चोट दिखाता हुआ

**कोरांव।** एक प्रश्न का उत्तर न दे पाने पर विद्यालय के प्रबंधक ने कक्षा 1 के छात्र को डंडों एवं लात घूसों से उसे जमकर पीट दिया जिससे छात्र को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिजनों ने इलाकाई पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। नगर पंचायत कोरांव के गोविंद नगर निवासी पवन कुमार सोनी पुत्र शिवराम द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उसका पुत्र प्रतीक सोनी उम्र 7 वर्ष श्री कृष्णा एकेडमी में कक्षा एक का छात्र है। बुधवार को स्कूल खुलने के बाद प्रतीक अपनी कक्षा में बैठकर पढ़ाई कर रहा था इसी बीच विद्यालय के प्रबंधक मदनलाल बिंद कक्षा में पहुंचे । प्रबंधक ने छात्र से किसी प्रश्न का उत्तर बताने को कहा प्रतीक सवाल का उत्तर नहीं दे सका जिससे आग बबूला होकर प्रबंधक ने प्रतीक की डंडों एवं लात घूसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। मामले की जानकारी जब बच्चे के परिजनों को हुई तो पवन कुमार सोनी शिकायत लेकर स्कूल में पहुंचा और प्रबंधक से मारपीट की घटना की जानकारी लेनी चाही तो प्रबंधक ने धमकी देते हुए स्कूल से चले जाने को कहा। मामले में गुरुवार को पवन कुमार सोनी ने घटना की लिखित शिकायत कोरांव पुलिस के पास दर्ज कराई एवं आरोपी प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने की माँग की। मामले में जब स्कूल के प्रवन्धक मदन लाल बिन्द से घटना के बावत जानकारी ली गयी तो उनका कहना था कि मैंने बच्चे के अभिभावक से अपनी गलती मान ली है ।आपस मे समझौता कर लिया गया है ।चर्चा है कि दो बच्चो की साल भर की फीस माफ करने एवम मारपीट में घायल बच्चे का इलाज करवाने की बात पर समझौता किया गया है ।

# मोदी सरकार में महिलाओं को अधिक अधिकार मिला : सांसद

**मेवालाल कॉलेज के 430 बच्चों को वितरण किया गया मोबाइल-टैबलेट**

जनसंदेश न्यूज


छात्रों को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित करतीं सांसद केशरी देवी पटेल

**लालगोपालगंज।** डीजी शक्ति के सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत कस्बा के मेवालाल जायसवाल पीजी कॉलेज प्रांगण में टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 430 छात्र-छात्राओं को मोबाइल व टैबलेट वितरण किया गया। उपहार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

बतौत मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने लाभार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही हैं। यहां तक कि हमारी बेटियां प्लेज तक उड़ाने का काम करती हैं। मोदी सरकार ने महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिला हैं। यही वजह है कि महिलाएं भारत देश में आदर्श हैं। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए फाफामऊ विधायक गुरू प्रसाद मौर्य ने कहा कि आप ने मेहनत किया तो स्मार्ट फोन और टैबलेट के रूप में फल मिला है। प्रदेश के मुखिया योगी जी द्वारा चलाई जा रही स्मार्ट फोन व टैबलेट पाने के बाद इसका सदुपयोग करें। इससे आप जिस प्रकार चाहे ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इससे पूर्व अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर कॉलेज प्रबंधक लक्ष्मी नारायण जायसवाल ने स्वगत करते हुए बताया कि 384 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन और 46 लाभार्थी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया, इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। संचालन दिनेश देशबन्धु द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सोरांव डॉ. कंचन सिंह, अधिशासी अधिकारी संतोष वर्मा, जगदीश पटेल, प्रवीण कुमार रानू जायसवाल, विजय भास्कर संते तिवारी, विनोद ओझा, रामबाबू अग्रवाल, डॉ.राज कुशवाहा रामू, राम आसरे, अमरसिंह पटेल, रूपम, उर्मिला आदि समेत कॉलेज प्रबंधसमिति के पदाधिकारी, स्टाफ और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नाली की सीमा के भीतर दुकान लगाएं व्यापारी : धीरेंद्र सिंह



**कोरांव।** गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने नगर पंचायत में नाली के बाहर दुकान लगाने वाले व्यापारियों को नाली के अंदर दुकान लगाने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे गए सामानों को हटवाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों से कहा कि नाली की सीमा के भीतर ही दुकान का सामान रखें ताकि नगर में जाम की समस्या कम हो सके। पुलिस टीम के साथ इंस्पेक्टर ने नगर की शराब की दुकानों पर भी निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल की। इस दौरान शराब दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी को भी दुकान के आसपास शराब पीने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा निर्धारित समय के बाद अगर शराब की बिक्री की गई तो मामले में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आए दिन यह देखा जा रहा है कि शराब दुकानदार निर्धारित समय के बाद भी गुपचुप तरीके से देर रात तक शराब की बिक्री करते रहते हैं इसके अलावा दुकान के आसपास भी पियक्कड़ों का जमावड़ा लगा रहता है । उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत में सड़क की पटरियों एवं नाली के ऊपर दुकान लगाने की वजह से नगर में जाम की समस्या बढ़ी हुई है। विभिन्न गावो से। बाजार में आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही आड़े तिरछे तरीके से खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से आए दिन जाम लगता रहता है।

**आवश्यकता है**

एस.आर. सिंह. आर.बी. सिंह महाविद्यालय
मोतिहॉ, हण्डिया प्रयागराज
बी0एड0 संकाय सहायक आचार्य हेतु
(1) शिक्षा के परिपेक्ष्य- 03 पद, (2) शिक्षण विषय- गणित-01 पद, विज्ञान-01 पद, भाषा-01 पद
(3) स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा-01 पद, (4) ललित कला - 01 पद, (5) निष्पादन कला (संगीत, नृत्य, रंगमंच) - 01 पद
परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु
हिन्दी - 01 पद
परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु
समाज शास्त्र - 01 पद
परास्नातक कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु
प्रा0 भा0 इतिहास - 01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 हिन्दी साहित्य-01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 गृह विज्ञान-01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 समाज शास्त्र-01 पद
स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 शिक्षा शास्त्र-01 पद
स्नातक स्तर- विज्ञान संकाय बी0एस0सी
जन्तु विज्ञान - 01 पद
स्नातक स्तर- वाणिज्य संकाय बी0काम - 01 पद
योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय के मानकानुसार। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर।
प्रबंधक-राम बहादुर सिंह (मो0: 8853264243)



इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही के खिलाफ क्लास कैंपेनिंग में शामिल छात्र

# प्रयागराज माघ

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 35.00 |
| न्यूनतम : | 25.00 |
| सूर्योदय : | 05.31 |
| सूर्यास्त : | 06.45 |

## संक्षेप

### मुक्त विश्वविद्यालय में प्रो0 पीके साहू का व्याख्यान आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार 11 नवम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11:30 बजे लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पी के साहू का विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया है। शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी।

# प्रयागराज में बनेगा पोषाहार, कृषि मंत्री ने किया प्लांट का शुभारंभ

## कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा- उत्तर प्रदेश में यूरिया और डीएपी की कोई कमी नहीं

**शुभारंभ**

300 समूहों की परिकल्पना का साकार स्वरूप है गाढ़ा कटरा में स्थापित प्लांट

कृषि मंत्री ने इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) सभागार में आयोजित मंडलीय रबी गोष्ठी को भी किया संबोधित

जनसंदेश न्यूज



गाढ़ा कटरा में टीएचआर पोषाहार प्लांट का विधि-विधान से पूजन अर्चन कर श्रीगणेश करते कृषि मंत्री

**प्रयागराज।** कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को दूसरे पहर यमुनापार के शंकरगढ़ में पोषाहार बनाने वाले प्लांट का शुभारंभ किया। हेलीकाप्टर से शंकरगढ़ (पीपीजीसीएल के हेली पैड पर) पहुंचे कृषि मंत्री ने गाढ़ा कटरा में टीएचआर पोषाहार प्लांट का विधि-विधान से पूजन अर्चन कर श्रीगणेश किया। कृषि मंत्री ने कहा, इस प्लांट के चालू हो जाने के बाद से बच्चों व धात्री महिलाओं को दिया जाने वाला पोषाहार यहां से उत्पादित होगा और इसका वितरण जनपद के शंकरगढ़, जसरा और कौंधियारा में किया जाएगा। बताते चलें कि इस प्लांट की स्थापना क्षेत्र के 300 स्वयं सहायता समूहों ने मिलकर की है और इसके लिए प्रत्येक समूह ने 30-30 हजार रुपये का निवेश भी किया है।

किसानों के हितों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री ने कहा, जनपद के दूरस्थ क्षेत्र गाढ़ा कटरा में पोषाहार प्लांट के चालू होने से कई लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा रबी की बुवाई के सीजन में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को गेहूं, सरसो, चना और मटर के उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि पाने वाले व पंजीकृत किसानों को उक्त बीज 50 फीसद की छूट के साथ दिए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए सब्जी, दलहन और तिलहन के खेती के लिए प्रोत्साहित किया।

कृषि मंत्री ने कहा प्रदेश में यूरिया और डीएपी की कोई कमी नहीं है। किसान भाई किसी भी कंपनी की यूरिया और डीएपी का प्रयोग कर सकते हैं। बशर्ते वह खाद सहकारी समिति या पंजीकृत संस्थान से खरीदी गई हो। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अवधारणा वन नेशन वन फटीर्लाइजर है। इसको जल्द ही पूरा किया जाएगा। इसके पूर्व कृषि मंत्री ने इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) सभागार में आयोजित मंडलीय रबी गोष्ठी को भी संबोधित किया। इस मौके पर कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, सीडीओ शिपू गिरि, बीडीओ रामविलास राय, एनआरएलएम के अधिकारी, एडीओ (पंचायत) प्रेमचंद्र सचिव राजेन्द्र कुमार मौर्या समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## आज प्रयागराज में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी

**प्रयागराज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आएंगे। जौनपुर से सीधे जिले की सीमा में प्रवेश करते ही पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष का झूंसी में स्वागत करेंगे। जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की सुबह 11:30 बजे जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर निकाय चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूपी कांग्रेस चीफ बृजलाल खाबरी शामिल होंगे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं से संवाद करेंगे। इसके बाद दोपहर में आयोजित अन्य कार्यक्रमो में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को सुबह लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पार्टी दफ़्तर में बैठक की गई। जिसमे नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, राकेश पटेल, मनोज पासी, विवेक पाण्डेय, सिद्धनाथ मौर्य, मो०हसीन, दिनेश सोनी, शकील अहमद समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम कार्यालय पर सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**लंबे समय से एक ही क्षेत्र में तैनात सफाई इंस्पेक्टर का क्षेत्र बदलने की मांग**



प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी

**प्रयागराज ।** नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में तैनात आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने इलाहाबाद नगर निगम सफाई मजदूर यूनियन के तत्वावधान में अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की तथा नगर आयुक्त को ज्ञापन सौपा। सफाई कर्मचारियों ने सफाई नायक पर सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। सफाई यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप ने कहा कि सफाई नायक लम्बे समय से एक ही क्षेत्र में तैनात है और मनमानी ढंग से सफाई कर्मचारियों के साथ मनमानी व उत्पीड़न करते है। इन्हें तत्काल स्थांतरित कर सफाई नायक के क्षेत्र बदलने की मांग नगर आयुक्त से की है। नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मचारी, ड्राइवर कर्मचारी, संविदा कर्मचारी नियमित कर्मचारी को एक साथ वेतन भुगतान करने, सफाई कर्मचरियों का उत्पीड़न कर रहे सफई नायक जो लम्बे समय से एक जगह पर कार्यरत है उनके स्थांतरण सहित अन्य मांगो को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। यूनियन के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के निस्तारण हेतु नगर आयुक्त को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन में प्रदीप कुमार, जगन लाल, श्याम बाबू, दिग्ध नारायण, हरेंद्र, गोपाल, रघुनाथ, विनय, दीपू, मुन्ना, दिनेश, राकेश, शिवशंकर, विजय, राजू, हरिश्चंद्र, गुड्डु, रामू, रामप्रवेश, उपेन्द्र आदि शामिल रहे।

## असहाय लोगों की मदद करना ही हमारा संकल्प

**फाफामऊ।** राष्ट्रीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ संस्थान के पदाधिकारियों की एक बैठक गुरुवार को एक बैठक फाफामऊ बाजार स्थित बाल निकेतन इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में शोषित, गरीब और असहाय लोगों की मदद कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। बैठक में 12 नवंबर को प्रयागराज में मनाए जाने वाले संस्थान के स्थापना दिवस और वार्षिक समारोह की भी चर्चा किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिमन्यु पांडेय, रामनारायण मिश्रा, सुसील मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा, शैलेश मिश्रा, परमोत्म पांडेय, कल्लन मिश्रा, सनद मिश्रा, धीरज मिश्र, पवन त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहें।

# पहले दिन एक्सन में दिखे नये जीएम एनसीआर

**निरीक्षण**

दिनभर चली बैठक, देर रात्रि 10.30 पर पहुँचे जं0स्टेशन, यात्रियो तथा रेल कर्मियो से बात की

जनसंदेश न्यूज



रात में निरीक्षण को निकले महाप्रबंधक उमरे

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक सतीश कुमार कामकाज संभालते ही एक्शन में आ गए हैं। प्रयागराज आगमन के पहले दिन ही दिन देर रात लगभग 10.30 बजे प्रयागराज जं का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही यात्रियों एवं रेल कर्मियों से वार्ता भी की। उधर, एनसीआर मुख्यालय में बुधवार को दिनभर बैठकों का दौर चला। महाप्रबंधक ने परियोजनाओं की समीक्षा की। मैकेनिकल विभाग के कार्यों को भी परखा।

सतीश कुमार का औचक निरीक्षण करने का उद्देश्य स्टेशन की वास्तविक स्थिति में यात्रियों को उपलब्ध व्यवस्थाओं को मूल रूप में परखना था। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को विक्रय हेतु भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्लेटफॉर्म सं-01 पर बंद फूड प्लाजा को देख कर उस स्थान पर नए फूड प्लाजा को खोलने के लिए आईआरसीटीसी के अधिकारियों से वार्ता के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

महाप्रबंधक सतीश कुमार ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में यात्री विश्रामालयों तथा शौचालयों को देखा। उन्होंने इस दौरान शौचालयों में उचित सफाई व्यवस्था बनाए रखने क लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा। इसी क्रम में श्री कुमार ने स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं जैसे वाटर बूथ, शौचालय, व्हील चेयर आदि को भी देखा।

महाप्रबंधक ने इस दौरान स्टेशन पर उपस्थित रेल यात्रियों से वार्ता कर यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का फर्स्ट हैंड फीडबैक लिया। उन्होंने इस दौरान रेल कर्मियों से भी बात की।



सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ प्रचार करते मंत्री पद के प्रत्यासी अतुल बैभव द्विवेदी

## पर्चा वैध होने के बाद प्रत्याशियों ने शुरू किया प्रचार प्रसार

**मेजा।** नामांकन के बाद पर्चे वैध होने के बाद मेजा में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रचार प्रसार शुरू हो गया है। मेजा बार एसोसिएशन के मंत्री पद के प्रत्याशी अतुल वैभव द्विवेदी ने गुरुवार को अपने सहयोगी अधिवक्ता बंधुओं के साथ प्रचार प्रसार शुरू किया। उनके साथ रमेश बाबू, राकेश द्विवेदी, भुवनेश्वर त्रिपाठी, राजीव कुमार शुक्ल, अजय यादव, अखिलेश सोनकर, राकेश यादव, मनीष यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, कमल नारायण पांडेय, अब्दुल हक अंसारी आदि तमाम अधिवक्ता शामिल रहे । अतुल वैभव द्विवेदी पत्रकार दीन दयाल द्विवेदी के छोटे भाई हैं। मेजा बार एसोसिएशन के तमाम मतदाता जिला न्यायालय में हैं, जिससे प्रत्याशियों को मेजा के अलावा जिला कचहरी में प्रचार प्रसार करना पड़ रहा है।

# पूर्णाहुति यज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

जनसंदेश न्यूज



हवन पूजन करते कथा व्यास श्री कृष्ण मुकुंद जी महाराज व भक्तगण

**नैनी।** पीडीए कॉलोनी स्थित अवंतिका रामलीला पार्क में 03 नवंबर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा की पूर्णाहुति पर गुरुवार को कथा व्यास श्री कृष्ण मुकुंद जी महाराज के आचार्यत्व में पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न हुआ जिसमें अवंतिका वासी श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महाराज श्री ने कहा कि बिना पूर्णाहुति यज्ञ किए कोई भी धार्मिक आयोजन पूर्ण नहीं होता। जब हम यज्ञ कुंड में आहुतियां डालते हैं तो वह संबंधित देवी- देवताओं को प्राप्त होती हैं और वे प्रसन्न होकर हमें अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं जिससे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही यज्ञ कुंड से उत्पन्न हुआ धुंआ आसपास के वातावरण को शुद्ध कर देता है।

सर्वप्रथम कथा के मुख्य यजमान प्रमोद श्रीवास्तव एवं श्रद्धा श्रीवास्तव ने यज्ञ कुंड में आहुतियां डालीं। तत्पश्चात अन्य उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। अंकुर श्रीवास्तव एवं भव्या श्रीवास्तव ने यज्ञ भगवान की आरती की। यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। पूर्णाहुति यज्ञ में प्रमुख रूप से प्रमोद श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, भव्या श्रीवास्तव, आर के शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अनुभव श्रीवास्तव, अनुज मिश्रा (व्यवस्थापक, श्री हरि दिव्य साधना पीठ, प्रतापगढ़), सत्यम शुक्ला, रमेश नेगी आदि उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही के खिलाफ छात्रों ने की क्लास कैंपेनिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर चल रहे छात्रसंघ संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में छात्र नेता अजय यादव सम्राट के अगुवाई में अनशन का 841 दिन व 400% फीस वृद्धि के विरोध में चल रहे आमरण अनशन का 66वा दिन भी जारी विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही के खिलाफ छात्रों में व्यापक आक्रोश छात्रों ने क्लास कैंपेनिंग करके छात्रों को किया जागरूक आंदोलन को व्यापक बनाने के रास्ते पर चल रहे हैं छात्र। इस मौके पर छात्र नेता कृष्ण मुरारी, हरेंद्र यादव, त्र्यंबक नाथ, राहुल पटेल, अभिषेक यादव,विकास, नवनीत, गौरव, अमित पाण्डेय, शैलेश, शक्ति, आनंद सांसद आदि लोग उपस्थित रहे।



सेमिनार में उपस्थित लोग

## लाइफ स्किल्स का सेमिनार आयोजित

**प्रयागराज।** महावीर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के सभागार में गुरुवार को लाइफ स्किल्स का सेमिनार आयोजित हुआ। संस्था के प्रधानाचार्य इंजीनियर सुनील मिश्रा के प्रयास से सुप्रसिद्ध मोहम्मद हलीम द्वारा उपस्थित छात्रों को लाइफ स्किल्स पर भावी टेक्नोक्रेट बनने हेतु उपयोगी सुझाव दिए गए हलीम द्वारा मुख्य रूप से छात्रों को उनके लक्ष्य को निर्धारित करने हेतु साथ ही साथ चैरिटी के माध्यम से समाज के दबे कुचले व्यक्तियों की मदद हेतु आगे आने का आह्वान किया गया उनके वक्तव्य सारगर्भित थे उसमें उन्होंने जीवन संघर्ष को एक तितली की कहानी से सभी को प्रेरणा देने की सीख दी भविष्य में उन्होंने छात्रों को राष्ट्र निमार्ता की भूमिका में उनके कर्तव्यों के निर्वहन की भूमिका पर भी काफी बल दिया इस अवसर पर संस्था के निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी जी ने मोहम्मद सलीम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इनके कार्यक्रमों के आयोजनों हेतु आग्रह किया इस अवसर पर संस्था में सभी शिक्षक गण उपस्थित थे यह जानकारी संस्था के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने दी है।

# पुलिस ने पैदल गस्त कर लोगों को किया जागरूक



व्यापारियों और बाइक चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए

जनसंदेश न्यूज

**मेजा।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मेजा ने यातायात माह के मद्देनजर गुरुवार को मेजारोड में पैदल भ्रमण कर बाजार के लोगों को जागरूक किया और उनके निर्देश पर कोतवाली क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया ।

कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने मेजारोड बाजार में पैदल भ्रमण किया । इस दौरान उन्होंने व्यापारियों,और आने जाने वाले यात्रियों को पीए सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी साथ ही श्री मिश्र ने बाइक चालकों को जागरूक करते हुए बताया कि तीन सवारी न बैठें और हेलमेट जरूर पहने यह आप की सुरक्षा के लिए है । इसी तरह व्यापारियों से अपील किया कि सड़क पर अतिक्रमण न करें जिससे बाजार में जाम की स्थिति न उतपन्न हो। कोतवाल के साथ चौकी इंचार्ज मेजारोड रामभवन वर्मा, अरविंद चौबे सहित कई पुलिसकर्मी रहे।

## थरवई पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, चार पहिया वाहनों से निकाली गई काली फिल्म

**थरवई।** प्रयागराज अंतर्गत थाना थरवई द्वारा गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी व उपनिरीक्षक सोहराब अहमद उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार एसएसआई राजीव श्रीवास्तव व मय पुलिस टीम द्वारा चल रहे यातायात माह वाहनों की चेकिंग की गई। गुरुवार को सौ गाड़ियों का ई चालान भी किया गया। जिसमे बिना हेलमेट के लोगों को रोक कर जागरुक किया साथ ही टैक्सी वाहनों में लगे अनावश्यक वस्तुएँ व पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म व चमकीले फिल्म आदि को तत्काल निकलवाया गया। वहीं दो पहिया वाहनों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा हेलमेट पहनाकर जागरूक किया लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जीवन की उपयोगिता को समझाते हुए सभी को जरूरी नियमावली के तहत अपने वाहनों को सुरक्षित रखते हुए अपने को सामान्य स्पीड में चलने के लिए कहा गया साथ ही अनावश्यक तरीके से रोड पर हॉर्न बजाकर एवं गलत दिशा में ड्राइव करके वाहन चलाने वालों से अपील किया गया की अपने को एवं दूसरों को सुरक्षित रखते हुए सही दिशा में अपने वाहन को चलाएं कभी भी नशे की हालत में अपने वाहनों को ना चलाएं एवं किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ ना सफर करें जो नशे में धुत हो सावधानी हटी दुर्घटना घटी मूल मंत्र को सभी को याद कराया गया साथ ही शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त किया गया व सार्वजानिक स्थानों पर रखे अतिक्रमण को लेकर हटाने के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए दिए।

# कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

**कलश यात्रा**

गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा,सैकड़ों भक्तों ने लिया हिस्सा

जनसंदेश न्यूज



कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु

**मेजा।** क्षेत्र के जगेपुर में डॉ गिरीश चंद दुबे के आवास पर गुरुवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा एवं अंकुरोपण सहित विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ । भगवत कथा में श्रृंगवेरपुर धाम से पधारे संतोष महराज ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाई ।

श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन गुरुवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया । कलश यात्रा कथा स्थल चलकर पूरे गाँव घूमते हुए कथा स्थल वापस आई । कलश यात्रा के बाद कथा के मुख्य यजमान प्रेमशंकर दुबे व पुष्पा देवी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की उसके बाद कथा आरम्भ हुई ।

कथा के प्रथम दिन संतोष महराज ने भक्तों को सुक परीक्षित अवतार व उसके महात्म्य के विषय मे विस्तार से बताया । उन्होंने कहा कि भगवत कथा सुनने से ही मानव जीवन का कल्याण होगा । इस अवसर पर मुख्य रूप से ई गणेश शंकर पाण्डेय, डॉ गिरीश चंद दुबे,सुरेंद्र नाथ पाण्डेय, महेश चंद पाण्डेय,अशोक कुमार दुबे, राजेश कुमार दुबे, विनोद कुमार दुबे, प्रमोद कुमार दुबे, स्वयं प्रकाश दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोतागण रहे । डॉ गिरीश चंद दुबे ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया भगवत कथा सुनकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## संक्षेप

### तमंचा के साथ युवक धराया

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाने की पुलिस ने बुधवार की रात घोसियाना गांव के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपित युवक के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपित युवक कुंडा प्रतापगढ़ का धीरज है। पुपुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित युवक को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### भूमि विवाद को लेकर युवक की पिटाई

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा गांव निवासी संजय ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी जमीन की रंजिश है। पीड़ित की मानें तो मंगलवार शाम वह खेतों की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ता रोककर दबंग अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपित चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृहद मेगा शिविर का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को वृहद मेगा शिविर का आयोजन डॉ रिजवी कॉलेज आफ लॉ करारी में किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ महिला कल्याण विभाग, सोशल एक्शन फार ग्लोबल अवर्नेश सोसायटी, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला दिव्यांग विभाग सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार भूपाल सिंह द्वारा किया गया, जिनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राजस्व से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। एआरटीओं तारकेश्वर मल्ल द्वारा सड़क में सुरक्षित एवं यातायात नियमों एवं हेल्मेट पहनने के लिये कहा गया व सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटना में घायल लोगो की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशील कुमार द्वारा उनके विभाग में चल रही योजना और लाभ के बारे में बताया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा महिलाओं को सशक्त अपने अधिकारों के बारे मे जागरूक होने के लिए प्रेरित किया गया। महिला कल्याण अधिकारी अंजू द्विवेदी द्वारा उनके विभाग में महिलओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। सोशल एक्शन फार ग्लोबल अवर्नेश सोसायटी की सदस्य संगीता कुशवाहा द्वारा महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आभा पाल द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है, मुकदमा दर्ज होने के पहले प्री लिटिगेशन के आधार पर सुलह समझौता के बारे में एवं अन्य कनूनों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आभा पाल, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, पीटीओ महेन्द्र पाण्डेय, आरआई कौशल कुमार सिंह एवं महिला कल्याण अधिकारी अंजू द्विवेदी सहित जनमानस व स्कूल के अध्यापकगण भी उपस्थित रहें।



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण व प्रांगण में मौजूद महिलाएं

# आडिट में खुला जिला पंचायत के भ्रष्टाचार का रहस्य

**भ्रष्टाचार**

**कई मदों का धन डकार गए जिम्मेदार, कोष में नहीं जमा हुई धनराशि**

**जनसंदेश न्यूज**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत की हुई ऑडिट से हड़कंप मचा है। 20 करोड़ के भुगतान पर आपत्तियां दर्ज कराते हुए अफसरों को उत्तरदायी बनाया गया है। अंधेरगर्दी यह कि बैरियर वसूली के रुपये भी सरकारी कोष में नहीं जमा हुए। ऐसा कोई मद नहीं जिसमें धनराशि के दुरुपयोग की ऑडिट आपत्ति नहीं है। ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी होते ही जिला पंचायत में खलबली मच गई है।

जिला पंचायत में घोटालों की पूरी एक फेहरिश्त है। वर्ष 2017.18 से वर्ष 2020.21 तक अफसरों ने सरकारी धन का दुरुपयोग किया। यूं कह लीजिए कि कागज पर ही प्रस्ताव, कागज पर ही काम हुआ और अफसरों ने रुपये निकाल लिए। बालू परिवहन शुल्क के लिए बैरियर लगाए गए थे। बैरियर पर शुल्क वसूला गया। रुपये की जमकर वसूली हुई, लेकिन ऑडिट आपत्ति कह रही है कि यह शुल्क सरकारी कोष में जमा ही नहीं हुआ। ऑडिट टीम ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। बैरियर का ठेका कितने का थाए वसूली का लक्ष्य क्या थाए इसका कहीं कोई जिक्र ही नहीं किया गया था। यही हाल अन्य कार्यों का है। पंचायत चुनाव के दौरान कोरोना का भी प्रकोप था। अधिकारियों ने इसका पूरा फायदा उठाया। ऐसा कोई मद ही नहीं बचा थाए जिसमें गड़बड़ी न रही हो। राजस्व वसूली में भी खिलवाड़ किया गया था। तहबाजारी से लेकर अन्य प्रकार से होने वाले राजस्व आय में गड़बड़ी की गई और सरकारी कोष में रुपया नहीं जमा किया गया।

# ट्रेन की टक्कर से महिला की गई जान

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत नौढ़िया गांव के समीप रेलवे लाइन पर एक महिला की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई। आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिक्र करें तो कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर गांव निवासिनी गेंदकली पत्नी रामचंद्र कोरी (45) किसी काम से नौढ़िया की ओर गई थी। कहा जा रहा है कि उसकी ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई। हालांकि मृतका अपने पीछे तीन बच्चे है सौरभ (18)शुभम (16) व बेटी ज्योति (10) को छोड़ गई। अब यदि चचाओं पर जाएं तो कहा जा रहा है कि महिला किसी बात से नाराज थी, और वह ट्रेन के सामने कूद कर आत्म हत्या किया है। हालांकि मामले में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। उधर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची मृतका के परिजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा।

### घर से निकली किशोरी गायब

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार की शाम संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई। किशोरी शाम पड़ोस की रहने वाली सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसके बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। गुरुवार को किशोरी का पिता थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## सीएचसी प्रभारी ने क्षेत्र में कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

**दारानगर, कौशाम्बी।** जिले में तेजी से डेंगू पांव पसार रहा है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर काम कर रहा है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अधीक्षक डॉ. मो सऊद के निर्देश पर अस्पताल क्षेत्र के नगर पंचायत द्वारा नगर में नरसिंहपुर कछुआ आदि गांवों में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए एंट्री लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने गांवों की नालियों आदि में एंटी लार्वा का छिड़काव करते हुए आमजन को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों से नियमित मच्छरदानी का इस्तेमाल करने व अपने आसपास साफ सफाई रखने की अपील की। इस दौरान चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा सागर विश्वास की अगुवाई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें निशुल्क दवाएं भी दी गई।

# सीडीओ ने किया आधार अनुश्रवण समिति की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**कौशाम्बी।** विकास भवन स्थित सरसहाल में बृहस्पतिवार के मुख्य विकास अधिकारी डा. रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गठित आधार अनुश्रवण समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं, आधार अपडेट एवं उससे सम्बन्धित क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत समीक्षा की गयी। इसके साथ ही आधार कार्ड का उपयोग, शासकीय डेटाबेसों में आधार लिंकेज एवं अपडेशन का अनुसरण, लाभार्थीपरक परियोजनाओं में आधार सीडिंग, वैलिडेशन की प्रगति का अनुश्रवण, जनपद में संचालित आधार नामांकन किट्स का समुचित उपयोग 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन की व्यवस्था का अनुश्रवण करना, 10 वर्षों के पूर्व बने आधार कार्ड को अपडेट करने, सीएससी ई.गवर्नेंस द्वारा जनपद,तहसील विकास खण्ड स्तर पर आधार सेवा केंद्रों की स्थापना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सहायक प्रबन्धक यूआईडीआई क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक कौशाम्बी, वरिष्ठ अधीक्षक इण्डिया पोस्ट प्रयागराज, प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पेमेण्ट प्रयागराज एवं डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर सी.एस.सी ई.गर्वनेन्स उपस्थित रहें।



सम्बंधितों के साथ बैठक करते सीडीओ

# जबरन भूमिधरी पर किया जा रहा कब्जा

**दबंगई**

**पीड़ित ने प्रधानप्रति व उनके परिवार पर लगाया दबंगई का आरोप**

**जनसंदेश न्यूज**

**चायल, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के फरीदपुर समरो गांव में राजकुमार व ग्राम प्रधान शुकरू लाल की जमीन को लेकर दोनों पक्षों में तनाव को स्तिथि बनी हुई है। पीड़ित पक्ष ने न्याय के लिए तहसील से लेकर थाने तक शिकायत किया है लेकिन वही लेखपाल द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

बता दें कि करारी थाना क्षेत्र के फरीदपुर समरों गांव में राजकुमार का आरोप है कि 187 भूमिधर जमीन पर जोकी मेरे पिता दो भाइयों को नौ बिसवा दो धूर पट्टा किया गया था। मिट्ठन लाल को पांच बिसवा द्वारिका प्रसाद को चार बिसवा दो धूर पट्टा किया गया था, जो की दोनो भाइयों ने कई वर्ष पहले भूमिधर करा लिया था। अब ग्राम प्रधान सुकरू लाल पुत्र बिदाई लाल, व ओम प्रकाश पुत्र बिदाई लाल, बुधराम पुत्र बिदाई लाल ने मेरी भूमिधरी जमीन पर कब्जा करने की नियत से कब्रस्तान बनाना चाहते है और गाली गलौज कर वहा मिट्टी डाल रहे है। इस मामले में करारी थाने में लिखित शिकायत किया है, मामले में अभी तक पुलिस ने कोई करवाही नही कर रही है। इस मामले में जब लेखपाल से बात की गई तो वह भी संतुष्ट जनक उत्तर न देकर टरका रहे थे। ऐसे में कहीं न कहीं राजस्व निरीक्षक की भूमिका भी सवालों के घेरे में लग रही है। बहरहाल कुछ भी मामले में क्या सच्चाई यह तो अफसरों की जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।



भूमि के पास खड़े लोग

## ट्रैक्टर चालक से गाली-गलौज व मारपीट

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के बेरूई चौकी अंतर्गत एक व्यक्ति ट्रैक्टर में पुआल लादकर आ रहा था। तभी कुछ लोग शराब में धुत होकर उसे रोक कर गाली गलौज किया। वहीं विरोध करने पर मारपीट भी किया। पीड़ित ने इसकी लिखित तहरीर चौकी पुलिस को दिया है।

मालीपुर नगरेहा गांव निवासी लवकुश मौर्या पुत्र स्व. श्री पाल मौर्य बुधवार को किराए के ट्रैक्टर से अपना पुआल घर लेकर आ रहे थे। तभी गांव के ही विजय यादव चेतन यादव शराब पीकर गाली गलौज करने लगे लवकुश के मना करने पर विजय यादव चेतन यादव ने लाठी.डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बीच.बचाव कर मामला शांत कराया। उधर पीड़ित ने लिखित तहरीर चौकी पुलिस को दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी।

## स्वर्ण पदक लाकर बच्चों ने विद्यालय सहित जिले का नाम किया रोशन : प्रधानाचार्य

**जनसंदेश न्यूज**

**कौशाम्बी।** काजीपुर स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीता। इस दौरान जीते हुए खिलाड़ियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि इन बच्चों ने विद्यालय का ही नहीं बल्कि जनपद का नाम रौशन किया है।

गैर जनपद बरेली के स्केयर्ड हार्ट पब्लिक स्कूल में हुए राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कौशांबी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने 28 स्वर्ण, 18 रजत और 13 कांस्य पदक जीतकर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। इसमें विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 14 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीते। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव कामेश शर्मा ने उपाध्यक्ष और टीम कोच अनुराग सिंह, टीम मैनेजर नकुल तिवारी को बधाई दी। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आस्था पांडे, अंकिता यादव, शालिनी सिंह, हनी सिंह, अनुकृति, लवी, सत्यम सोनी, सनी, विराट यादव, सत्यम यादव, अप्रूव पांडे, शिवम यादव, अद्विक, अध्याय रहे। वहीं रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में देवेंद्र, अभिषेक मिश्रा, आदित्य, श्लोक और गर्व केसरवानी रहे। कौशल, रितिका त्रिपाठी, राधे कृष्णा, लकी यादव ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर उत्थान संस्था सचिव डा. केके तिवारी, डायरेक्टर अभिषेक त्रिपाठी, प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल और दिनेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## सरकारी निर्माण में घटिया सामाग्री का प्रयोग

**कौशाम्बी।** रामपुर धमावां गांव के मजरा रामरतन का पुरवा में आरआरसी सेंटर कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरैंया में नाली का निर्माण हो रहा है। गांव के ही भानु प्रताप सिंह ने पिछले दिनों डीपीआरओ से शिकायत कर बताया था कि जिम्मेदार निर्माण में घटिया किस्म की सामग्रियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका विरोध करने पर गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। शिकायत पर गुरुवार को डीपीआरओ डॉ बाल गोविंद श्रीवास्तव ने निमार्णाधीन आरआरसी सेंटर व नाली का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिम्मेदारों को मानक के अनुरूप निर्माण कराने का निर्देश दिया। चेताया कि मनमानी करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आपस में भिड़े दो पक्ष, मारपीट

**कौशाम्बी।** करारी के मलकिया गांव निवासी मनोज कुमार का पट्टीदारों से विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम इसी को लेकर पट्टीदार उससे भिड़ गए। कहासुनी के बाद आरोपित मनोज के घर पहुंच गए। घर में घुसकर कुनबे को पीट दिया। चीख पुकार सुन परिवार के साथ गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित आदित्यए गुड्डू समेत एक दर्जन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मामूली बात को लेकर युवक की पिटाई

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर निवासी गुड्डू का पड़ोसी मनोज से गुरुवार की सुबह मामूली बात पर विवाद हो गया। तीखी झड़प के बाद आरोपित ने युवक को पीट दिया। बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तहरीर लेकर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सैनी पुलिस को मिली सफलता तीन बदमाश गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सैनी थाना पुलिस ने तीन अंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की ओर से यह भी दावा किया गया है कि घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने दरोगा.सिपाहियों पर फायर झोंक दिया था। हालांकि किसी भी जवान के घायल होने की खबर नहीं है। पकड़े गए आरोपितों ने चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने का जुर्म कुबूल किया है। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सैनी इंस्पेक्टर भुवनेश चौबे मंगलवार देर रात गश्त पर थे। तभी उन्हें संभुई गांव स्थित नहर पुलिया के समीप तीन संदिग्ध दिखाई पड़े। पुलिस कर्मचारियों ने घेराबंदी की तो आरोपित फायरिंग करते हुए भागने लगे। इस दौरान हड़बड़ी में उनकी बाइक पलट गई। फिर पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना स्थित अख्तियारी गांव निवासी आशीष कुमार पुत्र भारत लाल सरोजए परानूपुर निवासी मयाराम सरोज पुत्र राममोहन व कुंडा थाना स्थित भद्रीटिका राम का पुरवा निवासी रामकिशोर पुत्र भुल्लर सरोज के रूप में हुई है। बदमाशों ने बताया कि 26 मई को उन्होंने गुलामीपुर स्थित प्राइवेट बैंक से हजारों का माल पार किया था। बदमाशों ने कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रयागराज और प्रतापगढ़ में कई चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कुबूली है। उनके पास से एक बाइकए एक इनवर्टरए एक बैट्रीए तमंचाए कारतूस व करीब आठ हजार रुपया बरामद किया गया है।

### भाई का दोस्त बना बहन का प्रेमी, फरार

**दारानगर, कौशाम्बी।** ससुराल से आकर मायके में रह रही विवाहिता मौका साधकर भाई के दोस्त के साथ फुर्र हो गई। जानकारी होने पर मां ने इसकी लिखित तहरीर कड़ा कोतवाली पुलिस को सौंपा है। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के एक गांव में ब्याही विवाहिता ससुराल में हमेशा फोन पर व्यस्त रहती थी। इससे तंग आकर ससुरालियों ने उसे मायके भेज दिया। यहां रह रही विवाहिता मौका साधकर भाई के दोस्त के साथ फरार हो गई। जानकारी होने पर विवाहिता की मां ने लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है।

### महुए की शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाने की पुलिस ने बुधवार की रात अंधावा गांव में छापामारी कर एक महिला को शराब बनाते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर महुआ की शराब बरामद की। पकड़ी गई महिला अंधावा गांव की शीला देवी है। पुलिस ने आरोपित महिला को जेल भेज दिया है।

# कड़ा में आयोजित हुआ पशु आरोग्य मेला

**पशु आरोग्य मेला**

**शिविर में कुल 458 पशुओं का पंजीकरण किया गया**

**जनसंदेश न्यूज**

**कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के संभूई गांव में बुधवार को पर्डित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान अमरनाथ की अध्यक्षता व पशु चिकित्साधिकारी की अगुवाई में शिविर में कुल 458 पशुओं का पंजीकरण किया गया, जिसमें 127 पशुओं की चिकित्सा, 180 पशुओं को कृमिनाशक दवापा, 82 पशुओं का बांझपन, 300 पशुओं का टीकाकरण व 58 पशुओं का बधियाकरण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान अमरनाथ, कमलेश निषाद, नीरज साहू, ड़ा. आर के सोनी, रवींद्र दूबे, पशुधन प्रसार अधिकारी संजय कुमार, मनीष कनैजिया, गुरदीप सिंह, राजू, मीर कुमार, यशवंत, मनीज, सतीश आदि मौजूद रहे।



आरोग्य मेला में मौजूद चिकित्सक व पशुपालक

### घर में घुसकर दाम्पत्ति की पिटाई

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा के दानपुर महावां गांव की शिवानी देवी पत्नी संतलाल का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों परिवार के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। बुधवार की शाम पड़ोसी साथियों के साथ घर पर पहुंच गया। घर में घुसकर तोडफोड़ करते हुए आरोपितों ने दंपती को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित बुधराम समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षेप

### मारपीट व तोड़फोड़ को लेकर तीन के खिलाफ केस

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व तोडफोड तथा गालीगलौज की घटना को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ बुधवार की रात मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के टोडरपुर निवासी मो. असलम पुत्र मो. शमीम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते सात नवंबर को सुबह दस बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मो. नसीम पुत्र मो. महताब व शायरा बानो पत्नी फिरोज अहमद तथा राशितुलनिशा पत्नी मो. नसीम लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपितो ने गालीगलौज करते हुए घर मे घुसकर पीडित की पत्नी फातिमा बेगम को मारापीटा और तोडफोड करते हुए घरेलू सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। जांच के बाद पुलिस ने मो. नसीम समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### चौकीदार के घर चोरों ने किया हाथ साफ

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के जमीने गांव में बीती रात चोरों ने चैकीदार के घर में ताला तोड़कर घर में घुस गए और घर में रखे सारे सामान उठा ले गए। बता दें कि पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जमीने गांव निवासी रंजीत कुमार पुत्र भुलई राम पट्टी कोतवाली में चैकीदार के पद पर कार्यरत है। बुधवार की रात वह कोतवाली पट्टी में रात्रि ड्यूटी पर था। इस दौरान उसके घर पर दो मासूम बच्चे थे। उसकी पत्नी का देहांत 2 वर्ष पूर्व हो चुका है इस दौरान घर पर देर रात जब दोनों बच्चे खाना खाकर सो गए तो अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर घर में घुस गए और घर में रखे कीमती सोने चांदी के आभूषण सहित पांच हजार नगदी व डेढ़ कुंटल राशन व अन्य कीमती सामान उठा ले गये। सुबह मामले की जानकारी फोन के माध्यम से जब चैकीदार को हुई तो वह घर पहुंचा तो देखा कि घर पर ताला टूटा था। इसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर वापस लौट आई जिसके पश्चात पीड़ित चैकीदार घटना की तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचा और कोतवाली पट्टी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पट्टी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक दो सगे भाइयों की मौत

जनसंदेश न्यूज




**प्रतापगढ़।** घर से ऑर्केस्ट्रा देखने निकले दो सगे भाइयों की बाइक सड़क किराने खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में अनियंत्रित होकर टकरा गई। मौके पर ही दोनों भाइयों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

कंधई थानाक्षेत्र के सकरा गांव निवासी राम मिलन सरोज के सात बेटों में तीसरे नंबर का अजय (22) व पांचवे नंबर का संजय सरोज (19) मजदूरी करते थे। राममिलन का पुराना घर वर्तमान आवास से तकरीबन 200 मीटर दूर है। बुधवार रात तकरीबन 10 बजे अजय व संजय खाना खाने के बाद एक बाइक से पुराने घर पर सोने के लिए निकले। लेकिन पुराने घर न जाकर दोनों भाई मंदाह में हो रहा आर्केस्ट्रा देखने जाने लगे। घर से करीब एक किमी. दूर स्थित प्रीतम सराय गांव के पास नहर की पटरी पर सड़क का काम चल रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क पर गिट्टी बिखरी थी। निर्माण में लगी डामर लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को सड़क किनारे खड़ी कर मजदूर सो रहे थे। अजय की बाइक वहां पहुंची तो अनियंत्रित होकर ट्रॉली में पीछे से टकरा गई। बाइक चला रहे अजय का सिर ट्रॉली से टकरा गया और पीछे बैठा संजय उछलकर ट्रॉली में रखे ड्रम पर जा गिरा। दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे कंधई एसओ टीएन पांडेय ने बाइक के कागज से किसी तरह मोबाइल नम्बर का पता लगाकर राम मिलन के घर आधी रात सूचना दी तो रोना-पीटना मच गया। संजय मजदूरी के अलावा कक्षा आठ में पढ़ाई भी करता था।

# चेकिंग अभियान चलाकर यात्रियों से हुई वसूली

**चेकिंग अभियान**

साकेत और पदमावत एक्सप्रेस के यात्रियों की हुई चेकिंग

जनसंदेश न्यूज

**प्रतापगढ़।** बिना टिकट प्लेटफार्म पर इंट्री करने वाले यात्रियों को पकड़ने के लिए गुरुवार को चेकिंग स्टाफ ने अभियान चलाया। इस दौरान जो भी यात्री मिले उनका टिकट बनाया गया। हालांकि इससे पेनाल्टी भरकर यात्रा की इच्छा रखने वाले यात्रियों को आसानी भी हुई। उन्हें इसके लिए टीटीई को ढूंढना नहीं पड़ा।

साकेत एक्सप्रेस और पदमावत एक्सप्रेस ट्रेन के समय यात्रियों को पहुंचाने वाले भी बेरोक टोक काफी संख्या में प्लेटफॉर्म के अंदर दाखिल हो जाया करते हैं। इससे अंदर काफी भीड़ हो जाती है। केवल यात्री ही अंदर दाखिल हो सके। इसके लिए चेकिंग स्टाफ ने अभियान चलाया। सीआईटी राकेश सिंह, बद्री यादव और बिपिन शर्मा की टीम ने प्रवेश द्वार पर ही फिल्डिंग लगा दी। जो पात्र था वहीं अंदर गया। इसके अलावा जो भी मिला उसे गेट से ही यह कहकर लौटा दिया गया कि जाइए प्लेटफार्म टिकट लेकर आइए। अगर कोई अंदर मिला तो उसका टिकट बनाया गया। अभियान से दो फायदा हुआ। एक,भीड़ नियंत्रित हुई। दूसरा, राजस्व भी बढ़ा। सीआईटी ने बताया कि इससे अंदर भीड़ कम होगी। प्लेटफार्म टिकट भी बिकेगा। हालांकि इससे आए दिन बेरोक टोक प्लेटफार्म में दाखिल होने वाले यात्रियों को दिक्कत आई।



स्टेशन पर यात्रियों का टिकट चेक करते रेलकर्मी

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में छह घायल

**प्रतापगढ़।** गयासपुर गांव के अफजल (24) पुत्र इजहार गांव की ही कैसर बानो (12) पुत्री मुकीम खान को लेकर बाइक से कहीं जा रहा था। वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल गया। रैय्यापुर भदरी गांव के फूलचंद की बेटी कविता यादव (13) स्कूल जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गई। सुल्तानपुर ढिनगा गांव का सनी (23) पुत्र खालिक वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। नया पुरवा गांव निवासी मो. असलम (24) पुत्र सुक्खन बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कुंडा नगर की रिंकी केसरवानी (19) पुत्री अयोध्या केसरवानी वाहन की टक्कर से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को इलाज को सीएचसी भेजा।

# विश्वनाथगंज विधायक पर रानीगंज के सपा विधायक को गाली देने का वीडियो वायरल

**रानीगंज विधायक का दावा वह करेंगे इसकी शिकायत, विश्वनाथगंज विधायक ने मामले पर साधी चुप्पी**

**प्रतापगढ़।** अपना दल एस व भाजपा के संयुक्त विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल का एक वीडियो बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में रानीगंज के सपा विधायक डॉ आरके वर्मा को गाली देने का दावा कर विधायक की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ पूर्व में गुंडा एक्ट की कार्रवाई का प्रयास कराया गया था। वायरल वीडियो में बताया गया है कि विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल अपने कार्यालय पर बैठे थे इस दौरान रानीगंज विधायक की चर्चा उठने पर उन्होने पुरानी बातों को याद कर गाली दी। रानीगंज विधायक डॉ आरके वर्मा को विधायक जीतलाल की ओर से गाली देने का वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना है। इस मामले में बृहस्पतिवार की देर शाम तक किसी पक्ष की ओर से कहीं शिकायत नहीं की गई। रानीगंज विधायक डॉ आरके वर्मा का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है और इसकी शिकायत वह पुलिस के साथ ही शासन स्तर तक करेंगे। जबकि रानीगंज विधायक को गाली देने का वीडियो वायरल होने के बाद से विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल इस प्रकरण पर कुछ बोलने का तैयार नहीं है। दो विधायकों की आपसी अदावत व गाली प्रकरण को लेकर जिले के नेताओं में तरह- तरह की चर्चा है।.

# महिला के साथ दुष्कर्म पर नहीं हो रही कार्रवाई, सीओ से शिकायत

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न होने पर सीओ से न्याय की गुहार लगायी है। सीओ ने थानाध्यक्ष को उचित कार्रवाई के निर्देश दिये है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गुरूवार को सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते सात नवंबर की शाम वह घर के समीप शौच के लिए गयी थी। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाकर बैठे गांव के एक युवक ने उस पर तमंचा तान दिया। आरोपी ने पीडित को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। यही नही आरोपी ने पीडिता का अश्लील वीडियो भी बना लिया और किसी से शिकायत करने पर पीडिता व उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी है। आरोपी ने मामले की शिकायत पुलिस से करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दी। घर आकर पीडिता ने अपने पति से आपबीती सुनाई और अगले दिन आठ नवंबर को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दिया। लेकिन जांच के नाम पर पुलिस ने कार्रवाई नही की। परेशान पीड़िता ने गुरूवार को सीओ को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के लिए संग्रामगढ़ थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

# चेक बाउंस के आरोप में दोषी पाते हुए कारावास व अर्थदंड की सजा

**फैसला**

दो माह में 10 लाख पांच हजार रुपए मय ब्याज वापस करने का भी दिया आदेश

सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी प्रथम की अदालत का फैसला

जनसंदेश न्यूज

**प्रतापगढ़।** सिविल जज जूनियर डिविजन /एफ टी सी प्रथम प्रदीप यादव ने चेक बाउंस के मामले में दोषी पाते हुए रमाकांत शुक्ला प्रबंधक राजा दिनेश सिंह कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़ निवासी बढ़नी मोहनगंज, प्रतापगढ़ को दोषी पाते हुए 6 माह के सश्रम कारावास व पांच हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर उसे 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही चेक की शेष धनराशि पांच लाख अस्सी हजार रूपया व चार लाख पच्चीस हजार रुपया पर छः प्रतिशत वार्षिक ब्याज वाद दाखिल करने की तिथि से दो माह में परिवादी संतोष कुमार को देना सुनिश्चित करें। अभियुक्त रमाकांत द्वारा दौरान मुकदमा 45 हजार रुपए परिवादी को वापस किया। वादी मुकदमा संतोष कुमार मिश्रा निवासी प्रेम मिश्र का पुरवा,थाना नवाबगंज जनपद इलाहाबाद से विपक्षी रमाकांत शुक्ला ने आवश्यक कार्य के लिए छः लाख पच्चीस हजार रूपया 16 जून 2013 व चार लाख पच्चीस हजार रुपए माह मई 2013 को लिया था। विपक्षी परिवादी को उक्त रकम तीन-चार माह में वापस करने का वादा किया था। तीन-चार माह बीत जाने के बावजूद वापस न करने पर उसने परिवादी को 14 सितंबर 2013 को छः लाख पच्चीस हजार रुपए व 25 अक्टूबर 2013 चार लाख पच्चीस हजार रुपए के चेक दिया। परिवादी ने उक्त चेको को अपने खाते में लगाया तो विपक्षी के खाते में पर्याप्त धनराशि ना होने के कारण चेक बाउंस हो गया। परिवादी संतोष कुमार ने विपक्षी रमाकांत से पैसा वापस हेतु कई बार कहा किंतु लिए गए धनराशि को वापस ना करने पर एन आई एक्ट के तहत न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया,जिस पर न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात आदेश पारित किया है। उक्त प्रकरण की पैरवी परिवादी की ओर से सुदीप रंजन मिश्र व लोक नाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से किया।

# चौथे दिन भी परिजनों में आक्रोश, दिया धरना

जनसंदेश न्यूज




प्रसूता की मौत पर कार्रवाई न होने से लालगंज सीएचसी में धरने पर बैठे परिजन

**लालगंज।** सीएचसी लालगंज मे सोमवार को इलाज के दौरान प्रसूता की मौत पर गुरूवार को लोगों का आक्रोश फिर भड़क उठा। मृतका के परिवार व मायके के लोग सीएचसी पहुंचे और धरने पर बैठ गये। अधीक्षक के मान मनौवल के बाद लोग घंटे भर बाद लोग किसी तरह माने इसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर सीएमओ को संबोधित ज्ञापन अधीक्षक को सौंपा। लालगंज के खानापटटी निवासी मुकेश गुप्ता की बहन रीता 35 सोमवार को सुबह प्रसव पीड़ा के चलते परिजनों के साथ लालगंज सीएचसी पहुंची। यहां महिला चिकित्सक डा. शिल्पी सिंह द्वारा किये गये ऑपरेशन से प्रसव पीडिता ने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगडने लगी तो चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर रीता की मौत हो गयी। उसके बाद रीता के भाई व परिजन उसका शव लेकर सीएचसी पहुंचे । यहां महिला चिकित्सक पर सुविधा शुल्क के नाम पर इलाज मे लापरवाही बरतने को लेकर घंटो हंगामा किया। पीएम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे और अगले दिन बुधवार की सुबह चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर लोगों का आक्रोश फिर भड़क उठा। लोगों ने शव को लालगंज सांगीपुर मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। एसडीएम व सीओ के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम को समाप्त किया। अफसरों के आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने पर गुरूवार को मृतका प्रसूता के परिजनों का आक्रोश फिर भड़क उठा। गुरूवार को परिजन लालगंज सीएचसी पहुंचे और चिकित्सक पर कार्रवाई न होने को लेकर आक्रोश जताते हुए धरने पर बैठ गये। सीएचसी अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता के घंटे भर किये गये मान मनौवल के बाद किसी तरह लोग माने। इसके बाद परिजनों ने सीएमओ को संबोधित ज्ञापन अधीक्षक को सौंपा। ज्ञापन के जरिए परिजनों ने सीएमओ से जांच कमेटी गठित कर घटना की जांच कराने और आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने की संस्तुति प्रदान करने की मांग उठाई है। मृतका के भाई मुकेश गुप्ता का कहना है कि उसकी बहन को न्याय न मिलने तक वह कानूनी तरीके से लड़ाई जारी रखेगे। इस बाबत अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता का कहना है कि मृतका के परिजनों ने ज्ञापन दिया है, सीएमओ से मिलकर मामले के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जिला कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**प्रतापगढ़।** बार एसोसिएशन तहसील सदर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के गुरुवार को जिला कचहरी पहुचने पर जूनियर बार एसोसिएशन के पुरातन के पूर्व अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दिया। जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित स्वागत समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह, महामंत्री बृजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शरद मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिला कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत बार एसोसिएशन तहसील सदर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने कहा कि यह जीत हमारी नहीं बल्कि समस्त अधिवक्ता साथियों की है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओ के मान-सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। नवनिर्वाचित महामंत्री बृजेंद्र उपाध्याय ने कहां कि बार और बेंच का आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए अधिवक्ताओ के हित में कार्य होगा। इस मौके पर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जावेद अख्तर ने तहसील कर्मियों को चेताते हुए कहा कि वह अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाएं। स्वागत समारोह के मौके पर अधिवक्ता विश्वनाथ त्रिपाठी, विनोद तिवारी, राकेश शुक्ला पप्पू, जूनियर बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला, संतोष त्रिपाठी निःशुल्क, तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष चंद्रेश पांडेय, जूनियर बार के पूर्व कनिष्ट उपाध्यक्ष शिवेश शुक्ल, फिरोज खान, अब्दुल सलाम, विवेक पांडेय सहित आदि अधिवक्ता शामिल रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर किया गया स्वागत

# कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** इलाके के असांव गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा प्रसंग में आचार्य शिवेश शास्त्री ने कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा आचार्य ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाय यह भगवान् श्रीकृष्ण व सुदामा के मित्रता की कथा से समझा जा सकता है। कथा प्रसंग में उन्होनें बताया कि अपनी पत्नी के आग्रह पर सुदामा अपने सखा से मिलने द्वारिका पहुंचे। द्वारिकाधीश के महल के सामने पहुंचने पर द्वारपालों ने सुदामा को दीनहीन समझकर रोक दिया। इस पर सुदामा ने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं यह बात जाकर द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण को बता दीजिए। द्वारपाल के मुख से मित्र सुदामा के आने का समाचार सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव मित्र से मिलने के लिए दौड पड़े और उनसे मिलकर गले लगा दिया। कृष्ण ने सुदामा की सेवा कर उन्हें बहुत सा धन देकर विदा किया। कथाव्यास ने कहा कि जब जब भक्तों पर विपदा पड़ती है तो प्रभु उनका तारण करने अवश्य आते हैं। मुख्य आयोजक सावित्री देवी, आलोक शुक्ल, प्रतीक, आशीष, मुदित आदि ने रोली चंदन से व्यास पीठ का पूजन किया। कथा के दौरान रमेशनाथ शुक्ल, अखिलेश मिश्र, श्रीनारायण पाण्डेय, सुधीर मिश्र, अभिषेक तिवारी, अशोक मिश्र, बीएल पाण्डेय, आनंदप्रकाश त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, आत्माराम पाण्डेय, अंबिका प्रसाद मिश्र, संकठा प्रसाद मिश्र आदि मौजूद रहे।



असांव गांव में श्रीमदभागवत कथा कहते आचार्य शिवेश शास्त्री

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटनाएं पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से संबंधित है। मारपीट की पहली घटना पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव से संबंधित है। गांव के रहने वाले उदय राज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि बीते दो नवंबर को पड़ोसी पड़ोसियों ने उनके भतीजे कृष्ण कुमार व सूरज को मारा पीटा था। आरोप है कि 3 नवंबर को जब वह लोग अपने दरवाजे पर बैठे थे तो विपक्षी रामबचन अभिषेक अंकित दिनेश आदि लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर चढ़कर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। वह लोग जान बचाकर घर में भागे तो विपक्षी घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की। इस मामले में पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा कर आरोपियों पर बलवा मारपीट तोड़फोड़ समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । वही मारपीट की एक अन्य घटना पट्टी कस्बे के बीबीपुर गांव से संबंधित है। गांव के डब्बू बनवासी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी सूबेदार, कालिया, रामखेलावन, मुकेश ने बीते 5 नवंबर को उसे मारा पीटा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर मारपीट गाली-गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है ।

# डॉक्टर की पत्नी समेत 24 घंटे में मिले 13 डेंगू पॉजिटिव

**डेंगू**

डेंगू संक्रमितों की पहुंची 339, शहर के हैं सात मरीज

जनसंदेश न्यूज

**प्रतापगढ़।** कोरोना की तरह इस बार डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर समेत 13 लोग ने प्रयागराज में जांच कराया और डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें सात मरीज शहर के रहने वाले हैं। बाकी ग्रामीण क्षेत्र के हैं। जिले में डेंगू संक्रमितों की संख्या 339 हो गई है। अबतक जिले में नौ लोगों की जान जा चुकी है। हालाकि स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में डेंगू से मरने वाले एक भी मरीजों की संख्या शामिल नहीं है।

राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय में हुए डेंगू जांच में एक भी पॉजिटिव मरीज सामने नहीं आए। प्रयागराज के एसआरएन में हुए जांच में 13 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें डॉक्टर सोने लाल पटेल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर आरके पांडेय की पत्नी प्रियंका पांडेय, विवेक नगर के भरत लाल, पूरे केशवराय के मोहम्मद हफीज, मीराभवन के चंद्रकेश, दहिलामऊ के शिवकन्या, पल्टन बाजार के सुधा देवी, बेगमवार्ड के आलिया को जहां डेंगू हो गया है वहीं ग्रामीणांचल के छह लोग है। इन मरीजों का जांच प्रयागराज में हुआ है। रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम संक्रमितों के घर पहुंचकर रक्त पट्टीका बनाया। घर में दवा का छिड़काव कराया। स्वास्थ्य विभाग के एक अफसर ने बताया कि राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय में एलाइजा डेंगू जांच बृहस्पतिवार को नहीं हुआ। यदि हुआ होता तो सख्या और बढ़ जाती। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 339 के करीब पहुंच गई। जबकि अबतक इतने मरीज कभी नहीं मिले थे।




### डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर व्यापारियों ने जताई चिंता

**प्रतापगढ़।** डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर विचार विमर्श हेतु उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी के आवास पर हुई। डेंगू बुखार का जनपद में पैर पसारना चिंताजनक बताया गया। बैठक में प्रशासन व नगरपालिका के कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए।

व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने प्रशासन से डेंगू के रोकथाम हेतु नाले नालियों में लगातार कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के साथ ही अस्पताल में मरीजों के उचित देखभाल, दवाओं व साफ-सफाई की मांग करते हुए आगाह भी किया कि यदि प्रशासन डेंगू पर रोकथाम में सर्वोचित कदम तत्काल नहीं उठाता तो व्यापार मण्डल आगे कार्यवाही करने पर बाध्य होगा। बैठक में सभी ने चिन्ता व्यक्त किया और कहा कि डेंगू बुखार से जनपद के लगभग हर घर से व्यापारी वर्ग व आम जनमानस के लोग पीड़ित हो रहे हैं। दुख की बात यह भी है कि डेंगू से लोगों की मृत्यु भी हो रही है। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, जिला महामंत्री संजय सोनी, उपाध्यक्ष सुरेश चन्द्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, संगठन मंत्री मनोज सिंह, नारायण खंडेलवाल व सरदार कुलविंदर सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## जनसंपादकीय

# माफियाओं का फैलता संजाल

शिक्षा और भूमि के बाद अब मेडिकल माफियाओं का फैलता संजाल कानून व्यवस्था के लिए एक नयी चुनौती बनकर उभरा है। इसके लिए देश की लचर एवं अदूरदर्शी स्वास्थ्य नीतियाँ ही सर्वाधिक जिम्मेदार हैं। वहीं सरकारी तन्त्र में व्याप्त भ्रष्टाचार कडुवे करेले को नीम का सम्बल प्रदान कर रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तथा उड़ीसा के बरहामपुर में मेडिकल माफियाओं के विरुद्ध हुई पुलिसिया कार्रवाई से इस बात को भलीभांति समझा जा सकता है। गोरखपुर के मेडिकल माफिया पर फर्जी दस्तावेज के सहारे मेडिकल कालेज चलाने का आरोप है तो उड़ीसा में एक ऐसा गैंग पुलिस द्वारा पकड़ा गया है जो सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को बहला-फुसला कर प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने के लिए प्रेरित करता था। जिसके बदले प्राइवेट अस्पतालों से उन्हें दलाली के रूप में मोटी रकम मिलती थी। ऐसे मेडिकल माफिया मात्र गोरखपुर और बरहामपुर में ही नहीं बल्कि देश के कोने-कोने में फैले हुए हैं। जो अपनी तिजोरी भरने के लिए सदैव आम जन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। मानक को ताक पर रखकर गली-गली चल रहे नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से चिकित्सा सेवा के नाम पर जो कुछ कर रहे हैं वह भी अब धीरे-धीरे उजागर होने लगा है। अनगिनत झोलाछाप डॉक्टर और फार्मासिस्ट स्वयं का नर्सिंग होम खोलकर बैठे हैं और सुबह-शाम डॉक्टर बनकर ओपीडी करते हैं जिससे इनके झांसे में आने वाले आम जन का जीवन संकट में पड़ना स्वाभाविक है।

यह सर्वविदित है कि लगभग सभी सरकारी डॉक्टर अपना छोटा-बड़ा नर्सिंग होम चलाते हैं। लेकिन अब तो सरकारी अस्पतालों के फार्मासिस्ट एवं कर्मचारी तक भी अपना-अपना निजी अस्पताल खोले हुए हैं। जहाँ मानक की धज्जियाँ उड़ती हुई कभी भी देखी जा सकती हैं। ज्यादातर ने अपने यहाँ मानक विहीन ट्रामा सेंटर, आई.सी.यू. (इंटेंसिव केयर यूनिट) तथा एन.आई.सी.यू.(नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) तक खोल रखा है। जिसके नाम पर गम्भीर मरीजों से पहले तो जमकर वसूली होती है और जब मरीज की हालत ज्यादा अधिक गम्भीर हो जाती है तब उनके परिजनों से कहीं और ले जाने के लिए कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। इस परिस्थिति में दो-चार प्रतिशत सौभाग्यशाली मरीजों को छोड़कर शेष की मृत्यु हो जाना सुनिश्चित है। मरीज की मृत्यु से आहत परिजन यदि हंगामा करते हैं तो कानून के रक्षक अस्पतालों की सुरक्षा में तटस्थ नजर आते हैं। परिणामस्वरूप परिजनों को अपने मरीज की मृत्यु को विधि का लेख मानकर सन्तोष करना पड़ता है और मेडिकल माफिया फिर नये शिकार की प्रतीक्षा में लग जाते हैं। कुछ जागरूक परिजन यदि इलाज में हुई लापरवाही की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से करते हैं तो जाँच के नाम पर उन्हें परेशान करते हुए शासनादेश संख्या 13-1/97-का-1/97 का हवाला देकर शिकायत से सम्बन्धित शपथ-पत्र एवं साक्ष्य के साथ बयान देने हेतु उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। जो एक सामान्य व्यक्ति के लिए दुरूह कार्य जैसा है। इसलिए कई शिकायतकर्ता जाते ही नहीं हैं। तो कई पर अस्पताल से जुड़े लोग साम, दाम एवं दण्ड की नीति अपनाकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हैं और प्रायः सफल भी होते हैं। दोनों ही मामलों में अपस्ताल संचालकों पर लगाये गये आरोप फर्जी सिद्ध करते हुए उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया जाता है। जो शिकायतकर्ता शपथ-पत्र, साक्ष्य और बयान देने हेतु पहुँच भी जाते हैं। उन्हें तरह-तरह के प्रश्नों और दलीलें देकर हतोत्साहित करने का प्रयास होता है। मसलन ह्यआप उस अपस्ताल में गये ही क्यों?ह्न, ह्यआपने उस अपस्ताल के डाक्टरों की डिग्री देखे बिना उनसे इलाज क्यों शुरू करवाया?ह्न, ह्यआपके मरीज की रिपोर्ट देखकर लगता है कि उनकी हालत बहुत खराब थी लेकिन उनका इलाज जितना हुआ है वह सही हुआ है।ह्न या ह्यउनकी उम्र बहुत ज्यादा थीह्न आदि बेतुके सवालों और कुतर्कों के माध्यम से अस्पताल संचालकों को बचाने का पूरा प्रयास किया जाता है। ऐसे में मेडिकल माफियाओं के हौंसले बुलन्द होना स्वाभाविक है।

जहाँ तक निजी अस्पतालों के मानक की बात है तो जानकारों के मुताबिक प्रति 20 बेड वाले अस्पताल में कम से कम एक एमबीबीएस डॉक्टर चौबीस घण्टे उपलब्ध रहना चाहिए। नर्सें भी जीएनएम (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी) की उपाधि प्राप्त होनी चाहिए। आपरेशन थियेटर में कम से कम एक ओटी टेक्नीशियन चौबीस घण्टे होना अनिवार्य है। इसी प्रकार आई.सी.यू. और एन.आई.सी.यू. में पूर्ण प्रशिक्षित डाक्टरों की टीम चौबीस घण्टे उपलब्ध रहना चाहिए। जिसमें एक बेहोशी का डॉक्टर अर्थात एनेस्थेटिस्ट होना आवश्यक है। लेकिन महज कुछ निजी अस्पतालों को छोड़ दें तो शायद ही कोई ऐसा नर्सिंग होम हो जो उपरोक्त कसौटी पर खरा उतरे। लेकिन चिकित्साधिकारियों की दृष्टि में शत-प्रतिशत अस्पताल पूर्ण मानक के साथ चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक उच्च अधिकारी ने बताया कि जब भी कोई हमारे पास सम्पूर्ण कागजी औपचारिकताओं के साथ नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन करवाने आता है तो हमारी मजबूरी है कि हमें उसका रजिस्ट्रेशन करना पड़ेगा। इससे सिद्ध होता है कि स्वास्थ्य विभाग की दृष्टि में प्रत्येक अस्पताल कागजी रूप से सभी मानकों से युक्त है। लेकिन यह सुनिश्चित कौन करेगा कि व्यावहारिक धरातल पर भी सम्पूर्ण मानकों के अनुसार सभी नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं? आम आदमी चिकित्साधिकारियों के उस भरोसे पर ही अपना इलाज करवाने किसी निजी अस्पताल में जाता है कि न केवल उसका रजिस्ट्रेशन सभी आवश्यक मानकों को पूरा करने के बाद ही किया गया है बल्कि चिकित्साधिकारियों की सतत निगरानी में उसका सञ्चालन भी मानक के अनुरूप हो रहा है। क्या यह व्यावहारिक रूप से सम्भव है कि मरीज इलाज करवाने से पहले डाक्टरों की डिग्री चेक करे? कदाचित कोई ऐसा प्रयास करे भी तो वह यह कैसे सुनिश्चित करेगा कि उसे जो डिग्री दिखाई जा रही है वह फर्जी है या असली है। गोरखपुर का मेडिकल माफिया फर्जी दस्तावेज दिखाकर ही तो मेडिकल छात्रों के एडमीशन ले रहा था और छात्र उन दस्तावेजों को असली समझकर अपना एडमीशन करवा रहे थे। इससे सिद्ध होता है कि दस्तावेज की जाँच एक एक्सपर्ट ही कर सकता है न कि कोई सामान्य व्यक्ति। शायद इसीलिए विशेषज्ञों की पूरी टीम चिकित्साधिकारियों के रूप में तैनात की जाती है। लेकिन दुर्भाग्य से वह टीम मौका पड़ने पर अपने नकारेपन और लापरवाही का ठीकरा आम आदमी के सर फोड़कर मेडिकल माफियाओं को बचाने का पूरा प्रयास करती है। सरकारी अस्पताल के डाक्टरों, फार्मासिस्टों या अन्य कर्मचारियों द्वारा संचालित निजी अस्पतालों के किसी भी दस्तावेज में उक्त डॉक्टर, फार्मासिस्ट या कर्मचारी का नाम नहीं होता है। जबकि व्यावहारिक रूप से वही उसके वास्तविक संचालक एवं मुख्य चिकित्सक होते हैं। आम आदमी उन्हीं को डॉक्टर मानकर इलाज करवाने जाता है। ऐसे अस्पतालों में हुई लापरवाही की शिकायत प्रायः उसी तथाकथित संचालक के नाम पर होती है और होनी भी चाहिए। तब जाँच दल यह कहते हुए पल्ला झाड़ने का प्रयास करते हैं कि क्या करें हमें कोई डाक्यूमेंट्री प्रूफ नहीं मिला। जबकि यदि वह गंभीरतापूर्वक जाँच करते हुए वहाँ भर्ती मरीजों से पूंछताछ करें, वहाँ के पुराने मरीजों तथा अस्पताल के आसपास रहने वालों से जानकारी करें तो उन्हें इस बात का व्यावहारिक प्रूफ सहजता से मिल जायेगा कि अस्पताल का वास्तविक डॉक्टर एवं संचालक कौन है। निजी अस्पतालों की एक और विशेषता है कि उनका मेडिकल स्टोर भी उसी परिसर में होता है। वहाँ की दवा बाहर के किसी मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलती है। एक्सरे, एमआरआई, से लेकर ब्लड जाँच तक यदि बाहर से करवानी है तो वह भी उन्हीं की बताई पैथालाजी या जाँच सेंटर में होगी। अन्य कहीं की जांच रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं होती। कुल मिलाकर चिकित्सा सेवा के नाम पर चारो तरफ लूट मची हुई है। लचर एवं अदूरदर्शी स्वास्थ्य नीतियों तथा चिकित्साधिकारियों की कृपा से मेडिकल माफियाओं का साम्राज्य सतत रूप से देश भर में अपनी जड़े जमा रहा है। लेकिन इस पर नियन्त्रण लगाने का कहीं कोई प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। सिर्फ एक उम्मीद की किरण स्थाई लोक अदालतों से आती हुई अवश्य दिखाई देती है। यदि आपके साथ इलाज में कहीं कोई लापरवाही या अनावश्यक धन उगाही हुई है तो आप अपने जिला न्यायालय परिसर में स्थित स्थाई लोक अदालत जा सकते हैं। जहाँ कम से कम औपचारिकताओं में निःशुल्क एवं त्वरित न्याय आपको प्राप्त होगा।



**डॉ.दीपकुमार शुक्ल**
**( लेखक स्वतन्त्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9450329314)**

# मैनेजर पाण्डेय का इस समय न होना

## स्मरण



**रविभूषण**

इस समय मैनेजर पाण्डेय ( 23.9.1941 - 6.11.2022) का होना सर्वाधिक जरूरी था। वे आईसीयू और वेन्टिलेटर पर लगभग दो महीने तक पड़े रहे और मृत्यु ने उन्हें हमसे छीन लिया। मृत्यु सुनिश्चित है, उन्हें और अधिक जीवित रहना था। उनकी उपस्थिति जरूरी थी। अब उनकी अनुपस्थित उपस्थिति है। भौतिक शरीर से अनुपस्थित और अपनी कृतियों में उपस्थित। अपने सैकड़ों योग्य-सुयोग्य छात्रों-छात्राओं के बीच वे उपस्थित हैं। उनके न रहने पर जिस प्रकार अनगिनत शोक-सभाएँ हो रही हैं, उनसे उनकी अपार लोकप्रियता प्रकट हो रही है। हिन्दी में पूर्ण आलोचक (टोटल क्रिटिक) उनकी तरह का शायद ही और कोई हो। टोटल पोएट की बात होती है, पर टोटल क्रिटिक की नहीं। मैनेजर पाण्डेय हिन्दी के हो नहीं, भारत के भी एक टोटल क्रिटिक थे। केवल साहित्य का आलोचक होकर पूर्ण आलोचक नहीं हुआ जा सकता। टोटल क्रिटिक के लिए यह जरूरी है कि वह साहित्य के मुल स्रोत समाज पर न केवल ध्यान दें, अपितु उसके सभी पक्षों को देख समझ कर उसे बदलने और स्वस्थ, सार्थक रूप प्रदान करने में अपनी भूमिका अदा करे। यही वह जगह है, जहाँ आलोचक केवल कृति और कृतिकार से न जुड़ कर समाज से जुड़ता है। पाण्डेय जी हिन्दी समाज के आलोचक थे और हिन्दी समाज का आलोचक होना सच के साथ खड़ा होना है, जो पहली शर्त है। साहित्य की सामाजिक भूमिका पर हिन्दी में बाल कृष्ण भट्ट (3.6.1844-20.7.1914) से लेकर अब तक सभी आलोचकों ने ध्यान दिया है, पर आलोचना की सामाजिकता (2005) पर विचार करने वाले और उसे आवश्यक मानने वाले पाण्डेय जी भारत के पहले महत्वपूर्ण आलोचक हैं। उनका आलोचना- कर्म किसी भी आलोचक की तुलना में कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने एक साथ कृति, कृतिकार, साहित्य रूप, समय, समाज, संस्कृति, दलित, स्त्री, आदिवासी प्रश्न और लेखन, भूमंडलीकरण, अमेरिकी साम्राज्यवाद, वैश्विक पूंजीवाद, सामन्तवाद, सम्प्रदायवाद, स्वाधीनता-आन्दोलन, मुक्ति-संघर्ष, इतिहास, राजनीति, अर्थव्यवस्था, परम्परा, वर्तमान, स्मृति, यथार्थ, स्वप्न, साहित्यिक-वैचारिक सिद्धान्त, उत्तर संरचनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद, मार्क्सवाद, कम्युनिस्ट पार्टियाँ, संघर्ष, प्रतिरोध सब पर विचार किया। उनकी आलोचना का, सोच-विचार का, चिन्तन का रेंज कहीं अधिक व्यापक था।

इस समय देश बुरे दौर से गुजर रहा है। चारो ओर भय-आतंक का माहौल है। राज्य (स्टेट) अपनी कल्याणकारी भूमिका का त्याग कर अपने नागरिकों से जिस प्रकार का व्यवहार कर रहा है, वह कहीं अधिक आतंककारी, विनाशकारी है। राष्ट्र और राष्ट्रवाद की जो बातें की जा रही है, वे राष्ट्र के लिए, समाज के लिए कहीं अधिक विघटनकारी है। प्रेमचन्द ने राष्ट्रवाद को वर्तमान युग का शाप कहा था। साम्राज्यवाद और व्यवसायवाद को उसकी संतानें माना था और उसे वर्तमान युग का कोढ़ कहा था। पाण्डेय जी ने अपने समीक्षा-कर्म को अपने मौलिक एवं सार्थक सोच से कहीं अधिक मूल्यवान बनाया। वे पार्थ चटर्जी (5.11.1947), अंबेडकर (14.4.1891-6.12.1956) और फ्रैंज फैनन (20.7.1925-6.12.1961) को अपने एक लेख राष्ट्रवाद, उपन्यास और प्रेमचन्द में याद करते हुए प्रेमचन्द को संकीर्ण राष्ट्रवाद के आलोचक कहते हैं। आज भारतीय राजनीति, चुनावी राजनीति मात्र बनकर केवल हाँफ ही, नहीं, दम भी तोड़ रही है। भाजपा के शासन काल में अब राजनीति सदैव इसी में सिमट चुकी है। भारतीय लोकतंत्र, भारतीय राज्य-सत्ता की सही पहचान के बगैर क्या सचमुच कोई आलोचक बड़ा बन सकता है? लोकतंत्र के वास्तविक चरित्र को पाण्डेय जी ने न केवल पहचाना था, अपितु उन्होंने आवश्यक हस्तक्षेप भी किया था। वे केवल साहित्य के आलोचक नहीं थे। वे सभ्यता-समीक्षक थे। उन्होंने भारत में लोकतंत्र के एकमात्र लक्षण चुनाव का वास्तविक चेहरा हमें दिखाया है झ यहाँ समय- समय पर अनेक स्तरो पर चुनाव होते हैं। लेकिन वे चुनाव कैसे होते हैं, किस प्रकार की जनता किन कारणों और किन रूपों में चुनाव में भाग लेती है, इन बातों पर विचार करते ही भारत के लोकतंत्र की असलियत सामने आ जाती है।

आलोचक का काम केवल रचना की समीक्षा न होकर अपने समय और समाज की समीक्षा है। उसका उत्तरदायित्व बहुत बड़ा है। पाण्डेय जी ने अपने इस उत्तरदायित्व का सदैव निर्वाह किया। उन्होंने आलोचना की दशा देख कर उसकी दिशा बदली। आलोचना की भूमि और भूमिका उनके यहाँ हम कहीं अधिक सार्थक रूप में देखते हैं। उन्होंने केवल गोदान पर नहीं लिखा। भूमंडलीकरण ने भारत में जिस प्रकार किसानों को तबाह और बर्बाद किया, उसे आत्महत्या करने पर मजबूर किया, उसका कहीं अधिक उन्होंने विरोध किया। एक आलोचक के लिए यह जरूरी है कि वह सच बोले, सच लिखे। पोस्ट ट्रुथ के युग में उन्होंने सच कहा और सच लिखा। वे एक सत्य निष्ठ, साहसी, निर्भीक, परिवर्तनकामी, मूलगामी, मुक्तिकामी, क्रान्तिकारी आलोचक थे और इसी कारण उन्हें अभी जीवित रहना था, स्वस्थ रहकर सक्रिय रहना था।

इस समय अनेक कवियों को भी भाषा और शब्द की अधिक चिन्ता नहीं है। कवियों ने समय-समय पर शब्दों पर कविताएँ लिखी हैं, पर आलोचकों में मैनेजर पाण्डेय अकेले ऐसे आलोचक हैं, जिन्हें शब्द की अधिक चिन्ता थी। नागार्जुन, उनके प्रिय कवि थे। अपनी मंत्र कविता के आरंभ में ही नागार्जुन ने शब्द को ब्रह्म कहा है झ ओं शब्द ही ब्रह्म है/ ओं शब्द और शब्द शब्द और शब्द। मैनेजर पाण्डेय की पहली पुस्तक शब्द और कर्म (1981) है। अड़तीस वर्ष बाद की उनकी एक पुस्तक शब्द और साधना (2019) है। उनका प्रत्येक शब्द महत्वपूर्ण है। उनकी आलोचना की तेज, चमकीली रोशनी में हम कुछ दूर तक जा सकते थे। वह रोशनी बुझ गयी है। हिन्दी समाज आज दक्षिणपंथियों का, हिन्दुत्ववादियों का गढ़ है। इस समय उनके जैसे आलोचक की उपस्थिति अनिवार्य थी, जो साहस के साथ सच कहे, अवसरवादी मार्क्सवादि?यों की आलोचना कर सके और सामाजिक आन्दोलन की दिशा में हमें सक्रिय कर सके। वैश्विक (ग्लोबल) होने से पहले उनके लिए स्थानीय (लोकल) होना जरूरी था। उनके यहाँ प्रतिरोध की सशक्त आवाज है। उन्होंने भारतीय समाज में प्रतिरोध की परम्परा (2013) से हमें अवगत कराया और हमें उस मार्ग पर चलने को प्रेरित भी किया। आज जब आलोचना में केवल सहमति ही सहमति है, उन्होंने आलोचना में सहमति-असहमति (2013) पर विचार किया।

मैनेजर पाण्डेय ने अपने समय को व्यापक सामाजिक चिन्ताविहीन समय? कहा है। ऐसे समय में उनकी व्यापक सामाजिक चिन्ताएँ थीं, जिन्हें हम उनकी आलोचनाओं में देखते हैं। उनके भाषणों-व्याख्यानों में सुनते थे। वे सांस्कृतिक आलोचक थे और संस्कृति के अन्तर्गत सब कुछ है। भूमंडलीकरण को उन्होंने भाषायी और सांस्कृतिक साम्राज्यवाद कहा है। वे बार- बार सखाराम देउस्कर (17.12.1869-23.11-1912) के सम्मोहन और चित्त-विजय की हमें याद दिलाते हैं, सावधान करते हैं। सम्मोहन और चित्त-विजय के अभियान पर उन्होंने जितना कहा और लिखा है, उतना किसी अन्य आलोचक ने नहीं। शिक्षा, साहित्य, कला, मीडिया आदि के जरिये सांस्कृतिक साम्राज्यवाद को स्थापित करने की अमेरिकी चाल और नीति की जानकारी देकर उन्होंने हमें सावधान किया है और आलोचना को एक नयी दृष्टि-दिशा भी प्रदान की है। बार-बार उन्होंने पूंजीवाद को झूठ और लूट की व्यवस्था कहा, लाभ उसका लक्ष्य है और लूट उसका उपाय। मार्क्स (5.5.1818 -14.3.1883) ने बुर्जुआ सभ्यता की जिन दो विशेषताओं- अथाह पाखण्ड और जन्मजात बर्बरता का उल्लेख किया था, पाण्डेय जी ने बार-बार उस ओर हमारा ध्यान दिलाया और यह बताया कि वह पहले से अधिक व्यापक और खूंखार रूप में दूसरे दौर के भूमंडलीकरण में मौजूद है। ग्राम्शी (22.1.1891- 27.4.1937) के इस विचार को कि यह आर्थिक स्थिति का स्वाभाविक और स्वतंत्र विकास नहीं है, उद्धृत कर पाण्डेय जी ने ग्राम्शी द्वारा की गयी अपने समय के पूंजीवाद की अर्थनीति की व्याख्या को भूमंडलीकृत भारत की अर्थनीति और राजनीति का भी सच कहा है। रामविलास शर्मा (10.10.1912-30.5.2000) के बाद वे दूसरे आलोचक हैं, जिन्होंने भारत की राजनीति और अर्थनीति पर विस्तार से विचार किया। आज हम सब इसके जाल में फँसे हुए हैं और अब हमें यह सब समझा कर सावधान करने वाला दूसरा कोई आलोचक नहीं है। हिन्दी के आलोच?कों का इस ओर ध्यान नहीं जाता है कि हमारे देश की राजनीति और अर्थनीति किस मोड़ पर आ पहुँची है। वह भाषा, कला, साहित्य, संस्कृति सबको प्रभावित कर रही है, पर हमारी उदासीनता बरकरार है। भूमंडलीकरण के बाद का भारत पहले के भारत से भिन्न है। जब से भारत भूमंडलीकृत से रहा है, तब से भारत में गरीबी घटने की गति धीमी हुई है। 2005 में गरीबी 37 प्रतिशत कम हुई तो 2010 में 32 प्रतिशत। भारतीय अर्थशास्त्रियों में अमित भादुड़ी (4.10.1940) अकेले हैं, जिन्होंने भूमंडलीकृत भारत के भयावह यथार्थ से हमें परिचित कराया। हिन्दी आलोचकों में ही नहीं, भारतीय आलोचकों में श्री पाण्डेय जी संभवतः अकेले आलोचक हैं, जो हमें बार-बार इन स्थितियों से अवगत कराते हैं, सावधान करते हैं और अपने समय को समझने की दृष्टि प्रदान करते हैं। पुराने उपनिवेशवाद से आज का मुख्य अन्तर उनके अनुसार यह है कि आज के दौर में शासक देशी है और पाखण्ड तथा बर्बरता की प्रक्रिया पहले से अधिक परिष्कृत तथा जटिल है। वे ग्राम्शी को याद करते हैं, जिसने कल्चर एण्ड एंथ्रोपोलॉजी में यह लिखा है कि बुद्धिजीवी की गलती यह है कि वह न केवल बिना समझे जानने में यकीन करता है, अपितु जानने के लिए महसूस करने में भी यकीन नहीं करता है। आलोचना में पाण्डेय जी ने सदैव महसूस करने के बाद ही जाना, समझा और लिखा है। उनकी चिन्ता हिन्दी के आलोचनात्मक मानस को मुक्तिधर्मी बनाने की थी।



मुक्ति की पुकार (1996) के बाद उनकी आलोचना के दूसरे चरण का आरंभ होता है। संसदीय व्यवस्था में भागीदारी करने वाली वामपंथी पार्टियों के बारे में पहले उन्हें लगता था कि उनमें परिवर्तन की आकांक्षा है, लेकिन क्षमता नहीं। बाद में उन्हें लगने लगा कि उनमें न परिवर्तन की क्षमता है, न आकांक्षा। उनकी चिन्ता यह थी कि आज के मार्क्सवादी बुद्धिजीवी रावण के घर पानी भरने के लिए ही नहीं, कुआँ खोदने के लिए भी तैयार बैठे हैं। ऐसे समय में पाण्डेय जी जैसे मार्क्सवादी बुद्धिजीवी का, भारतीय आलोचक का, सार्वजनिक बुद्धिजीवी का हमारे बीच होना बेहद जरूरी था, पर मौत ने उन्हें हमसे छीन लिया। भारतीय आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना की तेज रोशनी बुझ चुकी है, पर उसकी लौ और चिनगारियाँ उनकी रचनाओं में सदैव मौजूद रहेंगी। जिसके सहारे हम अगली यात्रा कर सकते हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम उस लौ को जलाये रखें और चिनगारियों को दहकाते हुए आगे बढ़ें।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# शिक्षा में मौलाना आजाद का अतुल्य योगदान

## स्मृति दिवस



**जाहिद खान**

देश में हर साल 11 नवम्बर मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्मदिन, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद का योगदान अतुलनीय है। स्वतंत्र भारत के वह पहले शिक्षा मंत्री थे। आजादी के बाद शिक्षा के क्षेत्र में जो भी नेशनल प्रोग्राम बने, उनमें मौलाना आजाद का अहमतरीन रोल था। दूसरी आलमी जंग के बाद जब सारी दुनिया में तालीम को लेकर बड़े पैमाने पर काम हो रहा था, तो वो मौलाना आजाद ही थे, जिन्होंने भारत में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अहम किरदार निभाया। विश्वस्तरीय शिक्षा का देश में प्रसार हो, इसके लिए उन्होंने ना सिर्फ.बच्चों को, बल्कि बड़ों को भी ज्यादा से ज्यादा स्कूल से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। शिक्षा के बारे में मौलाना आजाद के खयाल बड़े ही क्रांतिकारी थे। उनका कहना था, यह प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है कि उसे कम से कम बुनियादी शिक्षा मिले। जिसके बगैर वह एक नागरिक के तौर पर अपने कर्त्तव्यों को पूरी तरह नहीं निभा सकता।ह्न दरअसल, शिक्षा के माध्यम से मौलाना आजाद, समाज का स्तर ऊपर उठाना चाहते थे। यही वजह है कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई कार्य किए। शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को बनाया। इस शिक्षा प्रणाली में सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य व मुफ़्त की गई। प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने देश में उच्च शिक्षा के लिए आधुनिक संस्थानों को बनाने पर भी काफी जोर दिया। मौलाना आजाद ने यूजीसी यानी यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की नींव रखी। जिसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, भारत के सभी विश्वविद्यालयों के कार्यों का विश्लेषण करना और एक-दूसरे के बीच समायोजन स्थापित करना था। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने हमेशा आधुनिक संस्थाओं को खोलने की हिमायत की।

मौलाना आजाद, बचपन से ही अध्ययन में गहरी दिलचस्पी रखते थे। बारह साल की छोटी सी उम्र में वे फारसी और अरबी की तालीम पूरी कर चुके थे। मौलाना आजाद ने स्वाध्याय से ही अंग्रेजी का अभ्यास किया। कम उम्र में मौलाना आजाद की काबिलियत, सलाहियत और दानिश्वरी से मुतअसिर होकर मौलाना शिबली नोमानी ने उनसे कहा था, तुम्हारा जेहन व दिमाग अजायबे रोजगार (आश्चर्यजनक वस्तुओं) में से है। तुम्हें तो किसी इल्मी नुमाइशगाह में बतौर अजूबे के पेश करना चाहिए। उनके बारे में कमोबेश ऐसे ही बात सरोजिनी नायडू ने भी की थी, मौलाना की उम्र की बात मत करो, जब वे पैदा हुए थे, तब पचास साल के थे। मौलाना आजाद ने तेरह साल से अठारह साल तक की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते मुस्लिम विधि पर एलानुल-हक, सूफी मतों पर टीका करते हुए अहसनुल-मसालिक, मशहूर शायर उमर खय्याम का जीवन चरित्र, इस्लाम और आधुनिक विज्ञान के तुलनात्मक अध्ययन पर अल-अलूमुल जदीदः वलिस्लाम, नक्षत्र ज्ञान पर अलहैयत, इस्लाम के अद्वैतवाद और संसार के अन्य धर्मों की एकरूपता पर इस्लामी तौहीद और मजाहिबे आलम जैसी किताबें लिख दी थीं। मौलाना आजाद ने मुसलमानों को तंग नजरिए और फि रकापरस्ती से दूर रहकर, इंसानियत से मुहब्बत करने की तालीम दी। उन्हें समझाने के लिए वे अपनी बात अक्सर कुरान के हवाले से करते थे, कुरान में इंसानी बिरादरी और भाईचारे पर जोर दिया गया है और इस खयाल की मुखालफत की गई है कि सामाजिक या नस्ल के आधार पर इंसान का कोई तबका, दूसरे तबके से अफजल हो सकता है।

मौलाना आजाद ने बरतानिया हुकूमत के नस्ली भेद-भाव और शासन के अत्याचारी तौर-तरीकों की अपने लेखों में खुलकर मुखालफत की। साल 1902 में उन्होंने अल-हिलाल अखबार निकाला, जो आगे चलकर देश की राष्ट्रीय विचारधारा के विकास में प्रभावशाली योगदान देने वाला साबित हुआ। राष्ट्रीय क्षेत्र में अल हिलाल राष्ट्रवाद का प्रहरी बनकर सामने आया। इस अखबार के जरिए मौलाना आजाद ने ब्रिटिश नीतियों का जमकर विरोध किया। देशवासियों को उन्होंने राष्ट्रवाद के प्रति प्रेरित किया। नतीजतन, साल 1914 में अंग्रेज हुकूमत ने प्रेस अधिनियम के तहत उनके अखबार पर पाबंदी लगा दी। लेकिन अंग्रेजी हुकूमत की कोई भी पाबंदियां उन्हें रोक नहीं पाईं। एक अखबार पर पाबंदी लगती, मौलाना आजाद दूसरा अखबार निकाल लेते। इसी तरह आम अवाम को वे लगातार अपने लेखन से बेदार करते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में मौलाना आजाद का आगाज एक क्रांतिकारी के तौर पर हुआ। बंगाल के क्रांतिकारी लीडर श्याम सुंदर चक्रवती और अरविंद घोष से प्रभावित होकर, वे क्रांतिकारी आंदोलन में शरीक हुए। लेकिन 18 जनवरी, 1920 को महात्मा गांधी के साथ मुलाकात के बाद, वो कांग्रेस में शामिल हो गए। मौलाना आजाद ने गांधी और कांग्रेस के दूसरे बड़े लीडरों के साथ असहयोग आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश भर की यात्राएं की।

जंग–ए–आजादी के दौर में मौलाना आजाद का नाम महात्मा गांधी, सरदार पटेल और सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्रीय नेताओं के साथ अग्रिम पंक्ति में शुमार होता था। समग्र राष्ट्रीय आंदोलन में उनका योगदान अभूतपूर्व और अद्वितीय था। यहां तक कहा जाता है कि यदि मौलाना आजाद ने हिंदू और मुसलमानों को एकजुट कर दोनों को एक साथ लाने का बीड़ा न उठाया होता, तो हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की शक्ल कुछ और ही होती। हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए महात्मा गांधी के साथ मिलकर उन्होंने बेजोड़ काम किए। उनकी सोच थी, यदि स्वराज के मिलने में देरी हुई, तो यह हिंदुस्तान का नुकसान होगा। लेकिन अगर हमारी एकता जाती रही, तो यह विश्व-मानवता का नुकसान है। स्वतंत्रता आंदोलन में मौलाना आजाद की अहमियत इसलिए और बढ़ जाती है कि उनके आने से पहले सर सैयद अहमद खां ने मुसलमानों के दिल में यह बात अच्छी तरह से बैठा दी थी कि अगर उन्हें मुल्क में तरक़्क़ी करना है, तो सरकारपरस्ती की राह पर चलना होगा। आजादी की तहरीक में मौलाना आजाद का आगाज हुआ, तो उन्होंने अपनी तमाम तकरीरों में मुसलमानों से उस रास्ते से हटकर, अपने हिंदू भाईयों के साथ अंग्रेज हुकूमत का विरोध करने का पैगाम दिया। 25 अगस्त, 1921 को दी गई अपनी ऐसी ही एक तकरीर में मौलाना आजाद ने मुसलमानों को खिताब करते हुए कहा, मेरा अक़ीदा है कि हिंदुस्तान में हिंदुस्तान के मुसलमान अपने बेहतरीन फर्ज.तब तक अदा नहीं कर सकते, जब तक वे इस्लाम के आदेशों के मुताबिक हिंदुस्तान के हिंदुओं से पूरी सच्चाई के साथ एकता और इत्तेफाक न कर लें।

आजादी के आंदोलन में भागीदारी की वजह से साल 1916 में पहली बार मौलाना आजाद की नजरबंदी हुई और उसके बाद साल 1945 तक आते-आते वे छह बार और जेल की सलाखों के पीछे भेजे गए। दस साल का लंबा वक्फा उन्होंने जेल में बिताया, लेकिन उनकी वतनपरस्ती में कोई कमी नहीं आई। मुल्क के लिए किसी भी तरह की कुबार्नी देने के लिए वो हमेशा पेश-पेश रहे। मौलाना आजाद, मजहब के नाम पर अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली हर गतिविधि के मुखालिफ थे। राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान साम्प्रदायिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए उन्होंने मुस्लिम लीग से जुड़े कई मुस्लिम सियासतदानों की खुलकर आलोचना की। जाहिर है अपनी राजनीतिक आस्थाओं तथा विचारों के चलते उन्हें मुसलमानों के एक बड़े तबके का विरोध भी झेलना पड़ा। बावजूद इसके उन्होने महात्मा गांधी और कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। मौलाना आजाद ने नमक सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा, असहयोग, स्वदेशी, खिलाफत और भारत छोड़ो जैसे सभी बड़े आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। क्रिप्स मिशन, शिमला कांफ्रेंस, केबिनेट मिशन, माउंटबेटन मिशन और अस्थायी सरकार यानी जब भी किसी निर्णायक मोड़ या मरहले पर कांग्रेस को उनकी जरूरत पड़ी, वे सबसे आगे खड़े रहे। साल 1923 में वे कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष चुने गए। आजादी का आंदोलन जब निर्णायक स्थिति में था, उस वक़्त यानी साल 1940 से 1945 के दरमियान भी मौलाना आजाद के पास ही कांग्रेस की बागडोर थी। साल 1946 में जब मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना ने बंटवारे की मांग तेज की, तो मौलाना आजाद इसके खिलाफ डटकर खड़े हो गए। वे बंटवारे के घोर विरोधी थे। उनका मानना था कि हिंदू और मुसलमान दोनों भाई-भाई हैं, लिहाजा मजहब के नाम पर देश के बंटवारे की कोई जरूरत नहीं। 14 जून 1947 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में मौलाना आजाद ने अपनी तकरीर में कहा, कार्यसमिति जिस फैसले पर पहुंची है, वह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का नतीजा है। विभाजन भारत के लिए एक ट्रैजेडी है, इसके पक्ष में सिर्फ.एक बात कही जा सकती है कि हमने बंटवारे को टालने की बहुत कोशिश की है, लेकिन हम असफल रहे। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मुल्क एक है और इसका सांस्कृतिक जीवन एक है और एक रहेगा। राजनीतिक रूप से हम असफल हुए हैं और इसलिए देश को बांट रहे हैं। हमें अपनी पराजय स्वीकार करनी चाहिए लेकिन इसी समय हमें यह भी आश्वासन देना चाहिए कि हमारी संस्कृति विभाजित न होने पाए। उनकी लाख कोशिशों के बावजूद भारत का बंटवारा हो गया। बहुत से मुस्लिम लीडर बंटवारे के बाद पाकिस्तान चले गए, लेकिन मौलाना आजाद ने भारत में ही रहना मंजूर किया।

मौलाना आजाद साल 1952 और 1957 के आम चुनाव में लोकसभा के लिए चुने गए। आजादी के बाद उन्होंने पंडित नेहरू के नजदीकी सलाहकार के तौर पर काम किया। राष्ट्रीय नीतियों को बनाने में मौलाना आजाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने देश में शिक्षा के अलावा सांस्कृतिक नीतियों की भी नींव रखी। चित्रकला, मूर्तिकला और साहित्य के विकास के लिए मौलाना आजाद ने ललित कला अकादेमी, संगीत नाटक अकादेमी और साहित्य अकादेमी की स्थापना की। उन्होंने साल 1950 में इंडियन काउंसिल फोर कल्चरल रिलेशंस की स्थापना की, जिसका मुख्य काम दीगर देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बनाना और बढ़ाना था। मौलाना आजाद राष्ट्रीय एकता की एक अनूठी मिसाल थे।

भारतीय संविधान में धर्म निरपेक्षता, धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांतों को जुड़वाने में उनकी अहम भूमिका रही। मौलाना आजाद शिक्षा को समाज के बदलने का एक बड़ा माध्यम मानते थे। मौलाना आजाद ने स्वतंत्र भारत में शिक्षा का आधुनिक ढांचा खड़ा किया। राष्ट्रीय शिक्षा का मसौदा पेश करते हुए उन्होंने कहा था, शिक्षा की दुनिया में संकीर्ण एवं सीमित देश-प्रेम बेमानी है। मौलाना आजाद के कार्यकाल में ही साल 1948 में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की कायमगी हुई। वो वैज्ञानिक और तकनीकी तालीम के बड़े हामी थे। मुल्क में जादवपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, खड़गपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण संस्थान उन्हीं की कोशिशों का नतीजा हैं। मौलाना आजाद जामिया मिलिया इस्लामिया जैसी आला दर्जे की यूनिवर्सिटी के संस्थापक सदस्य रहे, तो वहीं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का आधुनिक चेहरा भी उन्ही की कोशिशों से मुमकिन हुआ। पहले मुल्क की आजादी और फिर उसके बाद जदीद हिंदुस्तान की तामीर, इन दोनों ही शोबों में मौलाना आजाद ने जो किरदार–अदा किया है,उसे कोई कैसे नजर-अंदाज कर सकता है ?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944 )**

## व्यंग्य



# अच्छे दिनों की उम्मीद में चौधरी साहब

**अनूपमणि त्रिपाठी**

किसी गांव में एक चौधरी साहब रहते थे। तो उसी गांव में राय साहब भी रहते थे। चौधरी साहब के पास सौ बकरियां थीं और राय साहब के पास पच्चीस। इन दोनों के बराबर गांव में किसी तीसरे की कोई हैसियत नहीं थी। दोनों कहीं मिलते तो दुआ सलाम होता। एक दूसरे के हाल-चाल लेते-देते। सब कुछ ठीक ही चल रहा था, मगर एक दिन क्या हुआ चौधरी साहब राय साहब को शक की निगाह से देखने लगे। धीरे-धीरे उनका शक घृणा की सूरत में बदलने लगा। ऐसे कैसे हुआ , तो गांव में कुछ लोगों का कहना था कि चौधरी साहब के सगे-संबंधियों ने ही उनके कान भर दिए हैं। उनका यह विचार था कि राय साहब के पास भी बकरियां हैं, तो वे चौधरी साहब की उतनी इज्जत नहीं करते,जितनी गांव के बाकी लोग करते हैं। राय साहब चौधरी साहब को दिल से नहीं मानते हैं। वो मानने का ढोंग करते हैं। दूसरे, राय साहब की बकरियां चौधरी साहब की बकरियों की अपेक्षा ज्यादा बच्चे बियातीं हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा,तो वो दिन दूर नहीं कि इस गांव में राय साहब का रुतबा होगा! इस तरह की बातें चौधरी साहब के कानों में डाली गईं। वहीं कुछ लोग इस बात से सहमति नहीं रखते थे। उनके अनुसार जब से गांव में सत्संग हुआ है, तभी से चौधरी साहब की नजर बदली है। सत्संग वाले ने ही कुछ समझाया-बुझाया है। सत्संग वाले ने चौधरी साहब को यह कहकर भड़काया है कि राय साहब इस गांव के नहीं हैं। उनके पुरखे बाहर से आकर बसे थे। वे गांव के सगे हो ही नहीं सकते।

अब कारण जो भी हो,मगर यह बात गांव वालों ने महसूस की कि चौधरी का मन राय साहब के प्रति खट्टा हो गया।

बहरहाल,अब मामला यह था कि चौधरी साहब राय साहब को नीचा दिखाने की तरह तरह से तरकीबें भिड़ाते। राय साहब कहीं मिल जाते तो उनसे कन्नी काट जाते। जिस रात चौधरी साहब राय साहब की बकरियों को लेकर कुछ ज्यादा ही चिंतित थे,संजोग से उसी रात गांव में बाघ आया और राय साहब की एक बकरी उठा ले गया। सुबह यह खबर जंगल की आग की तरह फैली। यह खबर सुनते ही चौधरी साहब के मुंह से जो पहला शब्द निकला वह था,'चौबीस!'

इस घटना के बाद चौधरी साहब की खुशी का ठिकाना न रहा। अगर उनका बस चलता तो पूरे गांव में मिठाई बंटवा देते। उस दिन उनसे जो भी मिलने आया भर पेट नाश्ता करके ही गया।

कुछ दिन बाद फिर सब सामान्य हो गया। गांव में उत्तेजना और चौधरी साहब की खुशी खत्म-सी हो गई। अभी चौधरी साहब बेचैन होते ही कि बाघ राय साहब की एक बकरी को फिर उठा ले गया।

'अब बची तेईस!' यह बोलते ही चौधरी साहब के बदन में खुशी की लहर दौड़ गई। उनको इतनी खुश मिली कि जिसका कोई जवाब नहीं! चौधरी साहब ने महसूस किया कि यह खुशी कुछ अलग ही टाइप की खुशी है। ऐसी खुशी उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं की थी। और इधर राय साहब ने बकरियों की रखवाली बढ़ा दी। रात को वे पहरेदारी करने लगे। मगर बाघ उनसे ज्यादा चतुर निकला। इस बार उसने दिन में ही घात लगाई और एक बकरी को उठा ले गया। अब राय साहब के लिए असहनीय था। वह सीधे पहुंचे चौधरी साहब के पास। बोले,'चौधरी साहब आप अपनी बंदूक कुछ दिनों के लिए हमें दे दें!या हम दोनों साथ में पहरेदारी करें!'

जाहिर था,चौधरी साहब क्यों देने लगे! चौधरी साहब ने यह बात एक सिरे से नकार दी। राय साहब ने समझाया,'देखिए बाघ को तो बकरियों से मतलब है! आज मेरी गई तो कल आपकी भी जा सकती है! मान लो,कल को मेरी सारी बकरियां खत्म हो जाएं फिर वह आपकी बकरियों को निशाना बनाएगा!' राय साहब ने फिर अपने पुराने संबंधों की दुहाई दी। गांव की भलाई का वास्ता भी दिया। मगर चौधरी साहब ने बंदूक की जगह ठेंगा दिखाया। राय साहब मिमियाते हुए चले गए।

कुछ दिनों बाद बाघ फिर आया। उसने एक बकरी को फिर शिकार बनाया। मगर इस बार फर्क यह था कि इस बार बकरी चौधरी साहब की थी। गांव के कई लोग जब चौधरी साहब के पास मातमपुर्सी के लिए आए तो देखा कि चौधरी साहब के चेहरे पर कोई शिकन तक नहीं।

फिर कुछ दिन सामान्य रहा। चौधरी साहब की एक बकरी और कम हो गई। बाघ ने अपना काम कर दिया। मातमपुर्सी के वक्त एक गांव वाला बोला,'चौधरी साहब यह तो बड़ा नुकसान हो गया! आपके पास अब अट्ठानवे बकरियां बचीं। चौधरी साहब रौ में बोले,' राय साहब की तो बाइस ही बचीं!'

दिन बीतते गए।

एक दिन चौधरी साहब अपने खेतों से आ रहे थे। उन्होंने देखा कि बाघ उनके दुआरे खड़ा है। संजोग से उस दिन उनके पास बंदूक भी थी। उन्होंने निशाना साधा। ट्रिगर दबाने ही वाले थे कि उनके मन ने कहा,'क्या कर रहा है पगले! इसी ने तो राय साहब की तीन बकरियों को मारा है! और तू इसे मारेगा! आज नहीं तो कल ये उसकी बची हुई बकरियों को भी खाएगा!' चौधरी साहब ठिठक गए। उन्हें कुछ ही पलों में चुनाव करना था। बाघ के लिए इतना वक्त काफी था। वह अपना काम कर गया। साथ अपने एक बकरी को ले गया।

चौधरी साहब ने इस घटना के बारे में किसी से नहीं कहा।

उस दिन के बाद से चौधरी साहब बाघ की प्रतीक्षा करते। एक दिन उनकी प्रतीक्षा खत्म हुई। बाघ आया तो जरूर,मगर इस बार भी चौधरी साहब की बकरी को ले गया।

इस दुख की घड़ी में कुछ गांव वालों ने चौधरी साहब को बंदूक की याद दिलाई, तो चौधरी साहब ने उनको मन ही मन गद्दार मान लिया। चौधरी साहब जब बाघ के नाम से राय साहब के चहेरे पर दहशत देखते,तो बाघ से उनकी रही-सही शिकायत भी दूर हो जाती। बकरे की अम्मा आखिर कब तक खैर मनाएगी!आज नहीं तो कल बाघ राय साहब की बकरियों को अपना निवाला जरूर बनाएगा! इधर चौधरी साहब उम्मीद से थे तो उधर बाघ का एक नियम सा बन गया था। कुछ दिनों के बाद बाघ आता और बकरी ले जाता।

आज बाघ ने चौधरी साहब की बकरी को फिर शिकार बनाया।

उसी रात दो गांव वाले बातें कर रहे थे;

क्यों! चौधरी साहब के पास अब कितनी बकरियां बचीं!

बयासी हैं अभी!

चौधरी साहब को तो बहुत दुख होता होगा!

नहीं रे!

क्या बात कर रहा!

सही कह रहा हूं!अभी उनको दुख होगा भी नहीं!

क्यों!

क्योंकि चौधरी साहब बाईस के बाद गिनती भूल गए हैं!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# विंध्याचल अस्पताल के कुआँ में डूबकर दो दोस्तों की मौत

**दुखद**

### नशे की हालत में लड़खड़ा कर कुआँ में गिरने से हुआ हादसा

### पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी

**जनसंदेश न्यूज**



**मीरजापुर।** विंध्याचल प्राथमिक अस्पताल के कुआँ में बुधवार की रात करीब 10 बजे दो दोस्त गिर गए। उनके गिरने की जानकारी पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने रेस्क्यू कर उन्हें निकाला। स्थानीय अस्पताल से मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में विंध्याचल थाना क्षेत्र के बंगाली चौराहा निवासी मिथुन 20 वर्ष और घमहापुर निवासी जितेंद्र 18 वर्ष दोनों दोस्त बताये गए हैं। पुलिस शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। विंध्याचल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के मुख्य द्वार के बगल में स्थित प्राचीन कुंआ है। जिस पर दो दोस्तों को बैठकर तफरीह करना महंगा पड़ गया। सुनसान इलाके की तलाशने की कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। चर्चा है कि दोनों युवकों ने नशीला पदार्थ का सेवन किया था। इसी दौरान दोनों असंतुलित होकर कुए के अंदर गिर गए। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पहुंची पुलिस ने कुए में पानी देख फायर ब्रिगेड को सूचित किया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने रेस्क्यू किया। दोनों युवकों को बाहर निकाल कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। उनकी हालत देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

दोनों को एंबुलेंस से भेजा गया। मंडलीय अस्पताल में युवकों का परीक्षण करने के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर भीड़ उमड़ पड़ी थी। हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों के परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी प्रभात राय ने बताया कि असंतुलित होकर कुंआ में गिरने से दो युवकों की मौत हुई है। जिनका शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## निलंबित एएनएम पर प्रसूता के पति ने 1200 रूपए लेने का लगाया आरोप

**हलिया।** विकास खंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज में प्रसूता के पति से 12 सौ रुपए सुविधा शुल्क लेने का मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र के गलरा गांव निवासी राम दयाल वर्मा की पत्नी सोनकली को बुधवार की देर रात प्रसवपीड़ा शुरू हो गई परिजन एंबुलेंस सेवा से प्रसव हेतु नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज ले गए जहां देर रात तीन बजे के करीब एएनएम रिंकी देवी ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बच्ची को जन्म दिया। दूसरे दिन सुबह प्रसूता के पति रामदयाल वर्मा ने ठेले पर प्रसव मामले में निलंबित चल रही एएनएम हीरावती पर प्रसव का एक हजार रुपए और जननी सुरक्षा योजना का फार्म भरने का दो सौ अलग से लेने का आरोप लगाया। दूसरे दिन प्रसूता को परिजन आटो से लेकर घर चले गए। जबकि स्वास्थ्य कर्मियों को एंबुलेंस से भेजना चाहिए था। वहीं एएनएम हीरावती देवी ने बताया कि प्रसूता के पति ने खुशी जाहिर करते हुए एक हजार रुपए दिया था। दो सौ रूपए जननी सुरक्षा योजना का फार्म जमा करते समय एआरओ को देना पड़ता है। इसलिए प्रसूता के पति से लिया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 कामेश्वर तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी नही है आरोपों की जांच की जाएगी।

# चोरों पर मेहरबान पुलिस नहीं रुक रही चोरी

**घटना**

### दस हजार समेत सोने चांदी के आभूषण पर चोरों ने किया हाथ साफ

### हौसला बुलंद चोरों का बोल बाला

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर बाक्स में रखा दस हजार रुपए तथा सोने चांदी के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चोर बाइक से फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी के होश उड़ गए।

दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पीड़ित ने ड्रमंडगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में लालमणि चौरसिया ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र के अमहा गांव में रामजनक चौरसिया के घर की पुताई और पेंटिंग करने के लिए गया हुआ था, पत्नी भी घर में ताला बंद कर धान की कटाई करने के लिए गई हुई थी। घर सूनसान देखकर बुधवार दोपहर में अपाची बाइक से आए दो अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोड़कर भीतर घुस गए और भीतर रखे बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा दस हजार रुपए नकद, नौ चांदी का लच्छा, 6 ग्राम का सोने की लाकेट, 27 भर चांदी की पेटी, उठा ले गए।

घर पर आने पर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। भीतर जाकर देखा तो बाक्स का भी ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा दस हजार रुपए नकद और सोने चांदी के जेवरात गायब थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## संक्षेप

### मवेशी को बचाने के चक्कर में युवक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राजापुर पेट्रोल पंप के सामने मीरजापुर निवासी स्व0कृष्णा प्रसाद सोनी का 30 वर्षीय पुत्र अनुराग सोनी बुधवार की देर रात लहंगपुर बाजार से अपने घर मीरजापुर जा रहा था कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम राजापुर के सामने आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल को मीरजापुर उपचार कराने के लिए भेजते हुए परिजनों को सूचना दिया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि अनुराग सोनी रोज की भांति लहंगपुर बाजार में सोने चांदी की दुकान पर गया था कि बुधवार को दुकान बंद कर अपने घर आ रहा था कि आवारा पशु को बचाने के चक्कर में पेड़ में टक्कर लगने से बांया हाथ टूट गया है और शरीर में कई जगह गम्भीर चोट लगी है। टक्कर लगने से बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं।

### शॉर्ट सर्किट से तहसील प्रांगण में लगे ट्रांसफार्मर में लगी आग

**लालगंज।** तहसील प्रांगण में लगे ट्रांसफार्मर शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग लगते ही तहसील परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं वादकारियों द्वारा आग को बुझाने का प्रयास कर आग बुझाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में स्थित ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली विभाग कर्मचारी (जेई) को तहसील नाजिर राकेश दुबे द्वारा सूचना दिया गया था। लेकिन कोई भी बिजली विभाग के कर्मचारी नही पहुंचे। गुरुवार को अचानक 2:15 बजे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई वहां आस-पास खड़ी कई बाइक व जनता को जलने से बचाया गया। तत्काल आग लगने की सूचना लालगंज विद्युत केंद्र (जेई) को सूचित किया गया लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग कर्मचारी उपस्थित नहीं हुए। आग लगने से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### युवती को अगवा कर ले जा रहे अपहरणकर्ताओं को ग्रामीणों ने पकड़ा

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजगढ़ बाजार में बीती रात एक युवती बस से उतरकर जोर जोर से चिल्लाने लगी और नजदीकी दुकान पर जाकर किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब हो ग?ई। जानकारी के अनुसार बीती रात राजगढ़ बाजार स्थित कंजड़ बस्ती के पास सोनभद्र जनपद से आ रही एक बस रुकी जिसमें बैठी एक दुल्हन उतरी और दौड़ लगाकर भागते हुए चिल्लाने लगी। इस दौरान तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बस में बैठे लोगों को भी उतारकर पुलिस को सूचना दी गई। जहां मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सभी बारातियों एवं युवती को थाने ले जाकर पूछताछ करने के बाद युवती के साथ जबरदस्ती करने एवं दबाव बनाकर उसके साथ शादी रचाने का मामला सामने आया है जिसमें दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र में गुरूवार को समय करीब 15.00 बजे थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत समदपुर मुख्य हाई-वे पर मोटरसाइकिल सवार आनन्द केसरी पुत्र शिवप्रसाद केसरी निवासी खिरौड़ी थाना अदलहाट मीरजापुर उम्र करीब-17 वर्ष को वाराणसी से शक्तिनगर की तरफ आ रही हाइवा द्वारा पीछे से टक्कर मार दिया गया, जिससे मोटरसाइकिल सवार आनन्द केसरी उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। सूचना पर थाना अदलहाट पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव तथा हाइवा को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गड्ढे में गिरी बाइक सवार की मौत

**मीरजापुर।** जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के केड़वा गांव में बुधवार की देर रात अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को मंडलीय चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। रामपुर रेक्सा गांव निवासी रविन्द्र (27) बुधवार की देर रात बाइक से बनकी मोड़ की ओर से केड़वा की ओर जा रहा था। सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची संतनगर पुलिस ने घटना की जानकारी परिजन को देते हुए घायल को मंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो बच्चों को बालश्रम से कराया गया मुक्त

**मीरजापुर।** उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन/ नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0/एस.जे.पी.यू प्रभारी उ0नि0 दिवाकर सिंह मय टीम द्वारा ढ़ाबा, दुकानों की चेकिंग कर मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर न रखा जाए। अभियान के क्रम में 02 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया तथा संलिप्त नियोक्ताओं के विरूद्ध चलान कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### छेड़खानी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री आपराधिक षड़यंत्र के तहत बहला फुसलाकर ले जाने व छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर 120बी भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। प्रभारी निरीक्षक चुनार द्वारा गुरूवार को उ0नि0 राम प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से सम्बन्धित आरोपी दीपक साहनी पुत्र बाढ़ू साहनी निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार मीरजापुर व नागेन्द्र साहनी पुत्र वीरेन्द्र उर्फ पप्पू साहनी निवासी बारी डाला थाना चोपन सोनभद्र को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने, मारने पीटने व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई, जिसमें एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक मड़िहान द्वारा गुरूवार को निरीक्षक रमेश प्रसाद मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित दूसरे आरोपी बिजुल वैद्य पुत्र झरी निवासी पहिती थाना मड़िहान मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते जेल भेजा गया।

### दो ग्राम पंचायतों में कोटे की दुकान का हुआ चयन

**हलिया।** विकास खंड के मनिगढ़ा गांव में कोटे की दुकान का चुनाव बृहस्पतिवार को किया गया जिसमें सरोज के पक्ष में 298 लोगों ने मत दिया और दूसरे स्थान पर रही लीलावती को 257 मत मिले। चुनाव अधिकारी एडीओ आइएसबी राजाराम उपाध्याय ने बताया कि मनिगढ़ा गांव में कोटे की दुकान के लिए महिला कोटेदार सरोज का चयन किया गया है। पुरवा औसान सिंह ग्राम पंचायत में बृहस्पतिवार को सरकारी राशन की दुकान के चयन के लिए खुली पंचायत भवन में खुली बैठक एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सरकारी राशन की दुकान के चुनाव के लिए बैठक में शामिल ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से लक्ष्मी आजिविका महिला स्वयं सहायता समूह के पक्ष चयन किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। इस दौरान ग्राम प्रधान कृष्णावती ग्राम सचिव प्रज्ञान कुमार शुक्ल, गंगासागर तिवारी, सूरज मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पुनरीक्षण सूची में नए मतदाताओं का जुड़वायें नाम : बीडीओ

लालगंज। खंड विकास अधिकारी शिव नारायण सिंह गुरूवार को ब्लॉक सभागार में विधानसभा की फोटोयुक्त मतदाता नामावली विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाए जाने के लिए सचिवों के साथ बैठक किया। कहा कि 12 नवंबर से विशेष अभियान के शुभारंभ होगा। जिसमें विकासखंड की भूमिका सुनिश्चित की गई है। सचिवों के साथ बैठक करते हुए खंड विकास अधिकारी शिवना रायण सिंह ने बताया कि पुनरीक्षण सूची में नए मतदाता जोड़ा जाएगा और जो मृतक हो चुके हैं। उनका नाम बाहर किया जाएगा। बूथ पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस मिशन को सफल बनाने के लिए सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी की भूमिका बनी रहेगी। जिसका निरीक्षण सुपरवाइजर, सेक्टर अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी करेंगे। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, शशिकांत, दिलीप, लल्लूराम, कैलाश, संजीव, जगजीत, संजय, अशोक, राजेश, लक्ष्मी राम चंचल आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर नाले में पलटा आपे

**कलवारी।** थाना मड़िहान के कलवारी बरदहवा नाले में साइकिल को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर आपे नाले में जा पलटा। ड्राइवर अवधेश मौर्य (32) पुत्र लालमणि मौर्य निवासी मधईमार कलवारी से गुरुदेव नगर की तरफ जा रहा था। बरदहवा नाले के पास पहुंचते ही उधर से साइकिल सवार पंचू लाल गोंड (62) पुत्र पंचम निवासी गोपलपुर साइकिल लेकर आ रहा था। बरदहवा नाले के पास मोड घूमाते ही साइकिल सवार अनियंत्रित होकर आपे में जा घुसा। आपे बरदहवा नाले में जा पलटा पलटने का आवाज सुनते ही पास पड़ोस तथा ग्रामीण जुट गए। किसी तरह साइकिल सवार घायल को कलवारी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आपे चालक अनियंत्रित सायकिल सवार को बचाने के प्रयास में खुद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### लकड़ी लदी डीसीएम पलटी बाल-बाल बचे ड्राइवर व खलासी

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत धुरकर नदी पर बने रपटे पर लकड़ी लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। राबर्ट्सगंज से डीसीएम लकड़ी लादकर मीरजापुर जा रहा था। तभी सोनभद्र व मीरजापुर के बॉर्डर पर बकहर नदी पर बने रपटे पर डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। डीसीएम पलटने से ड्राइवर व खलासी बाल बाल बच गये। चालक को हल्की चोट लगी। ग्रामीणों ने घायल ड्राइवर को धुरकर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक को छोड़ा गया। डीसीएम के बीच सड़क में पलटने से सड़क पर आवागमन बाधित हो गया था। बड़ी मशक्कत के बाद क्रेन के द्वारा डीसीएम को सड़क पर से हटवाया गया तब जाकर आवागमन चालू हुआ।

# कछवां भटौली पुल से होते हुये खाली ट्रक आने के लिये दी गयी अनुमति

**निर्देश**

### ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने लिया निर्णय

### ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन द्वारा व्यक्त की गयी सहमति

### रात्रि 11 बजे से पूर्वाह्न 05 बजे तक खाली वाहन लाने हेतु अनुमन्य

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** शास्त्री ब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन के रोक लगाने के पश्चात ट्रांसपोर्टरों की सहमति पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा भटौली पुल होते हुये खाली ट्रक/वाहन मीरजापुर की तरफ लाने की अनुमति प्रदान की गयी।

उक्त आशय की विस्तृत जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के दृष्टिगत ट्रांसपोर्टर एशोसिएशन एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर के साथ हुयी वार्ता के दौरान सहमति व्यक्त की गयी कि कछवां की तरफ से मीरजापुर आने के लिये भटौली पुल होते हुये रात्रि 11 बजे से पूर्वान्ह 05 बजे तक खाली ट्रक/वाहन लाने की अनुमति जिलाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी हैं। उन्होने कहा कि यह अनुमति केवल एकल मार्ग कछवां की तरफ से मीरजापुर आने वाले वाहनों के लिये ही अनुमन्य की गयी हैं।

भटौली पुल से बहियाडाढ़ होते हुये गुरूसण्डी के रास्ते मीरजापुर खाली ट्रको लाया जा सकता हैं। उन्होने यह भी कहा कि मीरजापुर से कछवां की तरफ किसी प्रकार का भारी वाहन नही ले जाया जायेगा। यह आदेश 11 नवम्बर से प्रभावी होगा।

# जमीन विवाद में चली गोली, समझाने गए व्यक्ति की मौत

**विवाद**

### वारदात में दोनों पक्ष के 14 घायल

### लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग में तीन को लगी गोली

**जनसंदेश न्यूज**



घटना स्थल पर जांच करते एसपी



अस्पताल पर पूछताछ करते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के अघौली गाँव में विवादित जमीन को लेकर गुरूवार को दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई। विवाद के दौरान विनोद पांडेय के लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर किया गया। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने पहुंचे धर्मेंद्र 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार की शाम विवाद के बाद गोलबंद होकर दूसरे पक्ष ने गुरुवार की सुबह हमला कर दिया। हमले में दोनों पक्ष के 14 लोग घायल हुए है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। एसपी ने गाँव में पहुँच कर निरीक्षण किया। घटना की जानकारी परिजनों से ली। वारदात स्थल पर पहुंची पुलिस मामले की तहकीकात करते हुए आरोपियों की तलाश में जुटीं है। गाँव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जाता है कि चार बीघा जमीन को एक पक्ष ने चाची से खरीदा था। जिसका विवाद न्यायालय में चल रहा है। इसी जमीन पर कचरा फेंकने को लेकर दोनों पक्ष में वाद विवाद शुरू हो गया। दोनों पक्ष से लोग लाठी डंडा लेकर आमने सामने आ गए। विनोद ने अपना लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल लिया। मौके पर पहुंच कर फायरिंग किया गया। जिससे कई लोग जख्मी हुए हैं। वारदात की जानकारी मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस के साथ ही पुलिस बल पहुँच गया।

घायलों को मंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहा धर्मेंद्र पांडेय को मृत घोषित कर दिया गया। मारपीट में एक पक्ष के घायल देवेंद्र पांडेय 48 वर्ष, रमेश पांडेय 78 वर्ष, रमेश पांडेय की पत्नी सावित्री 75 वर्ष, ओमकार पांडेय उम्र 75 वर्ष, निरंकार पांडेय उम्र 63 वर्ष, विकास पांडेय 24 वर्ष का इलाज मंडलीय अस्पताल में कराया गया। जबकि वारदात को अंजाम देने वाले दूसरे पक्ष के लोग फरार हो गए।

पुलिस घायलों का उपचार कराने के साथ ही आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। पूरे गांव की छावनी में तद्बील कर दिया गया है। बताया जाता है कि मृतक के लड़की की शादी अगले वर्ष पड़ी है जिसकी तैयारी परिवार के लोग कर रहे थे। इसी बीच मौत हो गई।

# पेयजल, सीवरेज तथा पार्कों के निर्माण कार्य को तत्काल करायें पूर्ण

**मीरजापुर।** सचिव नगर विकास उ0प्र0 शासन अनिल कुमार द्वारा गुरूवार अपने जनपद भ्रमण के दौरान नगर निकाय द्वारा संचालित नगर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न नगर पालिकाओं में कराये जाने वाले कार्यो एवं अन्य नगरीय विकास कार्यो के बारे में कलेक्ट्रेट में बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जल निकासी व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होने सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जल भराव वाले स्थानों को चिहिन्त कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें। आवश्यकतानुसार पम्पसेट आदि का प्रयोग भी सुनिश्चित किया जाय।

उन्होने कहा कि जल भराव वाले स्थानों पर नियमित रूप से एन्टी लारवा का छिड़काव भी कराया जाय। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर द्वारा बताया गया कि बेहतर जल निकासी के लिये जल निगम द्वारा अमृत योजनान्तर्गत आई0एन0टी0सीवर लाइन से जोड़ा जा रहा हैं तथा जहां पर अतिरिक्त जल भराव हो रहा है वहां पर पम्पिंग सेट के माध्यम से निस्तारण किया जा रहा हैं। वर्तमान में एन्टी लारवा स्प्रे के छिड़काव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में फागिंग करायी जा रही हैं। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि नगर के समस्त क्षेत्रो में जलापूर्ति के शुद्धता की जांच हेतु जल के नमूने एकत्र कर उनका ओ0टी0 टेस्ट तथा वायरोंलॉजिकल, वैक्टीरियोलॉजिकल एवं केमिकल एनालिसिस काराया जाय। डब्लू0टी0पी0 पर जीवाणु रोधक क्लोरीनेशन की अतिरिक्त व्यवस्था करने तथा प्लांट्स के अवमुक्त अपशिष्ट जल को भी प्रवाहित करने से पूर्व हाइपर क्लोरीनेंशन से सघन संक्रमण कराया जाय। नगरीय क्षेत्रों में सीवर अथवा पानी की पाइप न हो इसकी भी सघन जांच करा ली जाय। नगरीय क्षेत्रों में सड़को को आवश्यकतानुसार पैचवर रिन्यूवल करके समयबद्ध ढंग से गढ्ढा मुक्त किये जाने का भी निर्देश दिया गया। अमृत योजनान्तर्गत संचालित पेयजल सीवरेज तथा पार्क/ग्रीन स्पेस योजनाओं की भी जानकारी ली गयी। निर्देशित किया गया संचालित पेयजल योजना एवं सीवरेज के कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाय। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद कुमार गुप्ता, चुनार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते प्रमुख सचिव

## अधिवक्ता पर हमले की निंदा

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल शुक्ला के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार शुक्ला एडवोकेट के प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री शुक्ल अपने खेत से पानी की निकासी तालाब में कर रहे थे कि गांव के कुछ व्यक्ति मना कर मारपीट करने लगे। इस बात को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्यक्त है। प्रस्ताव पारित करते हुए उप जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा को अधिवक्ताओं ने पत्र देते हुए मांग किया कि समिति के सदस्य मनीष कुमार शुक्ला अपने खेत से पानी निकाल कर तालाब में ले जा रहे थे कि इसी बीच गांव के पूर्व प्रधान के लड़के मौके पर पहुंचकर पानी को रोक दिया और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे जिस पर श्री शुक्ल के सहयोगी जो मौके पर पानी की निकासी कर रहे थे वह मनीष शुक्ला को सूचित किए। मनीष शुक्ला मौके पर पहुंचे तो विपक्षी गणों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ पड़े और मारा-पीटा। अधिवक्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मांग किया कि विपक्षी गणों के खिलाफ जांच कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराएं।

# चोर गैंग का खुलासा, 5 लाख का सामान बरामद

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के मुकेरी बाजार में कल हुई चोरी का गुरूवार को खुलासा किया। चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी की गहने व गैस सिलेण्डर बरामद किया गया है। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया था जब वह पड़ोसी जनपद गए थे।

तब चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की थी। उनके कब्जे से गहना समेत करीब 5 लाख का सामान बरामद किया गया है। सब्जी मंडी निवासी दीनदयाल गुप्ता ने घर का ताला तोड़ कर घर में चोरी हो जाने की तहरीर 9 नवम्बर को दिया था। तहरीर के आधार पर कोतवाली कटरा पुलिस ने विवेचना प्रारम्भ किया। उप निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के साथ चोरी करने वाले 2 अभियुक्त संतोष गुप्ता उर्फ गड़बड़ और लल्लू उर्फ संजू विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से चोरी के गहने, 4 सिलेण्डर व चोरी में प्रयोग टोटो गाड़ी बरामद किया गया। कानूनी कार्यवाही करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया। जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, संतोष कुमार सिंह व राजेश कुमार त्रिपाठी ने टीम के साथ शामिल थे।



चोरी का खुलासा करते सीओ सिटी

# स्कूल को निपुण बनाने के लिए हम सभी का हो सहयोग : बीडीओ



बैठक में बोलते बीडीओ

**जमालपुर।** गुरुवार को ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों तथा प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी अध्यक्षों की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालयों के विकास के लिये मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने ब्लाक क्षेत्र के सभी विद्यालयों के समग्र विकास के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने पर बल दिया और कहा कि सबके समन्वय बनाकर कार्य करने से ही निपुण विद्यालय एवं ब्लाक के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। खंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने स्कूल को निपुण बनाने के लिए सभी का सहयोग मांगा तथा 19 पैरामीटर्स को सीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान सुशील, नरसिंह, वीरेंद्र, पुनीत, अनिल, विजय, सतीश, शिक्षक अमरेश, बृजेश, नित्यानंद , ज्योति प्रकाश, शशि प्रकाश, अरविंद , सुबास, काशीनाथ, प्रशांत सहित बड़ी संख्या मे शिक्षकों के साथ ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## सड़क किनारे झाड़ी में मिला नवजात शिशु

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बकहर नदी पुल के पास झाड़ी में एक नवजात शिशु पाया गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। चिकित्सक नवजात शिशु को स्वस्थ्य बता रहे हैं। गुरुवार की सुबह टहलने के लिए निकले एक व्यक्ति को राजगढ़ बकहर नदी पर बने पुल के पास मिर्जापुर सोनभद्र मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ी में एक नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। जिससे टहलने निकला व्यक्ति रुक कर झाड़ी में देखने लगा। जहां कपड़े में लपेटा हुआ उसे एक नवजात शिशु दिखाई दिया। जिसे लेकर वह व्यक्ति अपने गांव कोन भरूहवा गया। जहां शिशु मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया तथा पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस नवजात का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है। हालांकि बकहर नदी के पास इससे पहले भी नवजात शिशु पाए गए हैं। जिसको लेकर तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

# आरसी के सापेक्ष वसूली प्रगति बढ़ाने का निर्देश

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने सभी उपजिलाधिकारी तहसीलदारों एवं अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कर-करेत्तर, मुख्य देय/विविध देय वसूली के प्रगति के साथ विभिन्न न्यायालयों में लम्बित वादों के निस्तारण के प्रगति की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान खनिज, वन विभाग, नगर पालिका अहैरारा, मण्डी समिति, वाणिज्य कर एवं परिवहन विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर नारागजी व्यक्त करते हुये कहा कि वसूली कार्य में तेजी लाते हुये मासिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्राप्त आर0सी0 के सापेक्ष भी वसूली की प्रगति कम हैं।

अतएव आर0सी0 के सापेक्ष भी वसूली बढ़ाया जाय। उन्होने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। बाट माप, उद्योग विभाग, सड़क एवं पुल के द्वारा मासिक वसूली लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली पर संतोष व्यक्त किया गया। सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वसूली के प्रगति बढ़ाने के लिये अमीनवार वसूली की समीक्षा करें तथा कम वसूली वालें अमीनों के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि 05 वर्ष से अधिक पुराने वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान दिया जाय तथा सभी मजिस्ट्रेट अपने न्यायालयों में समय से बैठते हुये वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में आवासीय एवं कृषि भूमि आवंटन, चकबन्दी, आबकारी, स्टाम्प, भू माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही सहित अन्य सभी बिन्दुओं पर समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहारा, सदर चन्द्रभान सिंह, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, चुनार नीरज पटेल, एस0एल0ओ0 भरत लाल सरोज, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



बैठक को संबोधित करते एडीएम वित्त

# स्पोर्ट्स

## कतर ने विश्वकप के लिए जारी किये करंसी नोट और सिक्के

दोहा। कतर ने 20 नवंबर से होने वाले विश्वकप फुटबॉल मुकाबले को देखते हुए करंसी नोट और सिक्के जारी किये है। इन सिक्कों को यहां आने वाले लोग भी खरीद सकेंगे। कतर सेंट्रल बैंक (क्यू.सी.बी.) ने फीफा और सुप्रीम कमेटी फॉर प्रोजैक्ट्स एंड लिगेसी के साथ 22 कतरी रियाल स्मारक नोट और फीफा और विश्व कप के लोगो वाले सिक्के जारी किए हैं। कतर सेंट्रल बैंक के राज्यपाल शेख मोहम्मद बिन सऊद अल-थानीक के साथ फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी इस अवसर पर मौजूद थे। विश्व कप ट्रॉफी और कतर 2022 लोगो वाली जारी इस मुद्रा में एक तरफ लुसैल स्टेडियम की तस्वीर है और दूसरी तरफ अल बेयट स्टेडियम है। इस नोट की पृष्ठभूमि में कतर का राष्ट्रीय प्रतीक, क्षितिज, एक ढो और जुबारा किला भी दिखाई दे रहा है।



# टी20 विश्वकप : टीम इंडिया को दस विकेट से रौंदकर फाइनल में पहुंची इंग्लैंड

### रविवार को पाक से होगा खिताबी मुकाबला

**एडीलेड।** इंग्लैंड ने यहां टी20 विश्व कप क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में टीम इंडिया को दस विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। अब खिताबी मुकाबले में रविवार को उसका सामना पाकिस्तान से होगा। पाक टीम ने पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। पहले सेमीफाइनल की तरह ही यहां खेला गया दूसरा सेमीफाइनल भी एकतरफा रहा और भारतीय टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड ने भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 168 रन बनाये। इस प्रकार इंग्लैंड को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने 80 और एलेक्स हेल्स ने 86 रनों की आक्रामक पारी खेली। इस जोड़ी ने 16 ओवर में ही 170 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इस मैच में भारतीय टीम खेल के किसी भी क्षेत्र में नहीं टिक पायी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनो ही नाकाम रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और लोकेश राहुल 5 रन बनाकर आउट हो गये। राहुल क्रिस वोक्स की गेंद पर जोस बटलर के हाथों कैच हुए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पारी को आगे बढ़ाया। रोहित और विराट ने भारतीय टीम को 56 रनों तक पहुंचाया तभी रोहित 21 रन बनाकर जोर्डन की गेंद पर सैम करेन के हाथों कैच हुए। आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये और 14 रन बनाकर साल्ट का शिकार बने। इसके बाद कोहली 50 और हार्दिक पांड्या 63 ने पारी को संभाला और उसे आगे बढ़ाया। दोनो ने ही बढ़े शॉट लगाकर रन गति भी बढ़ायी। हार्दिक ने 47 गेंदों पर चार चौके और पांच छक्के लगाये जबकि विराट ने 40 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाया। वहीं इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने 3 विकेट जबकि क्रिस वोक्स और आदिल रशीद ने एक-एक विकेट लिया। *एजेंसी*



## शुरूआत में ही दवाब में आने के करण हारे : रोहित

**एडिलेड।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल में मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने माना है कि टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गयी थी। रोहित ने कहा, "मैं बहुत निराश हूं कि मैच आज कैसे बदल गया। हमने उस स्कोर को हासिल करने के लिए अच्छी बल्लेबाजी की पर हम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये। ऐसा नॉकआउट मैचों में दबाव के चलते होता है। हम शुरूआत में घबराए हुए थे, इस दौरान हम शांत नहीं रहे पाये हालांकि आपको इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों को श्रेय देना होगा, उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला।"उन्होंने साथ ही कहा, "मुझे लगा कि यह पहले ओवर में थोड़ा सा स्विंग हुआ, लेकिन सही दिशा से नहीं। हम जानते हैं कि रन स्क्वायर ऑफ विकेट के ऊपर से बनाए जाते हैं, हम इसके बारे में जानते थे। जब हमने पहला गेम जीता था, तो इसने काफी मजबूत चरित्र दिखाया था। बांग्लादेश के खिलाफ मैच काफी कठिन था। मुझे लगा कि हम अपने आप को संभाले हुए हैं पर आज ऐसा नहीं कर सके।" भारतीय टीम इस मैच में 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बना पायी और इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 16 ओवर में ही 170 रन बनाकर हासिल कर लिया।



ग्लास्गो में पोलैंड की मैगडा लिनेट बिली जीन किंग मुकाबले में शॉट खेलती हुई।

## विराट की नई कामयाबी: टी-20 फॉर्मेट में चार हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर बने

### एलेक्स हेल्स के बने 2 हजार रन

**मेलबर्न।** विराट कोहली टी-20 इंटरनेशनल में 4000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन बनाते ही उनके इस फॉर्मेट में 4000 रन पूरे हो गए। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में कोहली ने 40 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 4 चौके और एक छक्का लगाया।

अब कोहली के 115 टी-20 मैचों में 4008 रन हो गए हैं। वो टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। खास बात यह है कि इस फॉर्मेट में उनके पीछे यानी दूसरे पायदान पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित के 148 मैचों में 3853 रन हैं।



31 रन बनाते ही विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड फिलहाल, ऑस्ट्रेलिया के शॉर्टर फॉर्मेट के कप्तान एरोन फिंच के नाम दर्ज था। फिंच ने 16 टी-20 इंटरनेशनल पारियों में इंग्लैंड के खिलाफ 619 रन बनाए हैं। कोहली ने 20 पारियों में 639 रन हो गए हैं।

विराट टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन की पारी में 4 चौके लगाए। टी-20 वर्ल्ड कप में वो अब तक 103 चौके लगा चुके हैं। उन्होंने तिलरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ दिया। दिलशान के 101 चौके हैं। कोहली से आगे श्रीलंका के ही पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने हैं। महेला ने 111 चौके लगाए हैं।

16वें ओवर में क्रिस जॉर्डन की एक यॉर्कर को विराट कोहली मिड विकेट की तरफ खेलना चाहते थे। गेंद की रफ्तार 144 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। कोहली का बैलेंस बिगड़ा और वो विकेट पर गिर पड़े। अंपायर ने नॉटआउट करार दिया, लेकिन इंग्लिश टीम ने रिव्यू ले लिया। बहरहाल, थर्ड अंपायर ने इसे ह्यअंपायर्स कॉलह्न करार दिया और कोहली बच गए। इसकी अगली ही गेंद पर विराट ने क्लासिक कवर ड्राइव खेला और यह चार रन में तब्दील हो गया।

## लवलीना और अल्फिया एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

**अम्मान।** भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और अल्फिया पठान जॉर्डन के अम्मान में खेली जा रही एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गयी हैं। लवलीना और अल्फिया ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते हैं। लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में दक्षिण कोरिया की सेओंग सुयोन पर 5-0 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ही लवलीना ने इस सत्र में रजत पदक पक्का कर लिया है।



वहीं 81 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में अल्फिया ने 2016 की विश्व चैंपियन कजाकिस्तान की लज्जत कुंगेइबायेवा को 5-0 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। अल्फिया ने इस अनुभवी मुक्केबाज को दूसरी बार हराया है।

अब फाइनल में लवलीना का मुकाबला एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रुज्मेतोवा सोखीबा से होगा जबकि अल्फिया का मुकाबला जॉर्डन की इस्लाम हुसैली से होगा। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में भारत की ही अंकुशिता बोरो को उज्बेकिस्तान की खामिदोवा नवबखोर के खिलाफ सेमीफाइनल में 1-4 से हार गयीं जिससे उन्हें कांस्य ही मिला।

## हेल्स को शुरूआत में नहीं मिली थी विश्वकप टीम में जगह टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में की शानदार बल्लेबाजी

**एडीलेड।** टीम इंडिया के खिलाफ टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में शानदार बल्लेबाजी कर भारतीय टीम के गेंदबाजों की लाइन व लैंथ खराब करने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स को शुरूआत में टीम में जगह तक नहीं मिली थी। हेल्स ने भारत के खिलाफ 28 गेंद पर 5 छक्के और 1 चौका जमाते हुए अर्धशतक बनाया। वहीं इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने टी20 विश्व कप के लिए जो 15 सदस्यीय टीम चुनी थी उसमें हेल्स का नाम नहीं था। उन्हें विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो के चोटिल होकर बाहर होने के बाद ही टीम में जगह मिली भी। भारत के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने बिना कोई विकेट खोय ही केवल 16 ओवर में जीत हासिल कर ली। इसमें हेल्स की अहम भूमिका रही। हेल्स ने जोस बटलर के साथ मिलकर 170 रन की अहम साझेदारी बनायी।. हेल्स ने 47 गेंद पर 7 छक्के और 4 चौके लगाते हुए 86 रन बनाए।



## उत्तर प्रदेश के चार शहरों में खेले जाएंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24

### 20 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24 की मेजबानी करेगा। इन खेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश के 4 शहरों में होगा। राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और नोएडा इन खेलों का आयोजन करेगी। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल, नवनीत सहगल ने कहा खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स में लगभग 4500 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें बास्केटबॉल, जूडो, कबड्डी, रोइंग, कुश्ती, बॉक्सिंग सहित 20 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन खेलों में पूरे देश से तकरीबन 150 विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलो इंडिया के प्रतिनिधि और यूपी सरकार के अधिकारियों की बैठक में लिए गए फैसलों के अनुसार नोएडा में कबड्डी, जूडो, तीरंदाजी और तलवारबाजी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा, जबकि गोरखपुर को रोइंग के लिए तय किया गया है। वहीं कुश्ती, मलखंब और योग का आयोजन वाराणसी में जबकि बाकी कार्यक्रम लखनऊ में किए जाएंगे। सहगल ने कहा कि ह्यराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों में 26 साल से कम उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन में महिलाओं के खेलों पर विशेष ध्यान रहेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इन खेलों का उदघाटन और समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

KHELO INDIA
Ministry of Youth Affairs and Sports

## सूर्या की ब्रांड वैल्यू 200% बढ़ी: रोजाना की फीस 70 लाख की, 10 डील साइन कर सकते हैं

**मेलबर्न।** टी20 वर्ल्ड कप में शानदार बल्लेबाजी कर रहे भारतीय बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव की ब्रांड वैल्यू में तीन गुना इजाफा हुआ है। 360 डिग्री शॉट खेलने वाले सूर्या को करीब 10 ब्रांड अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें बेवरेज, मोबाइल एक्सेसरीज, मीडिया, स्पोर्ट्स अपैरल, कैजुअल अपैरल, एजुकेशन अब्रॉड सर्विस कैटेगरी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्या 2021 में हर दिन के करीब 20 लाख रुपए लेते थे, लेकिन परफॉर्मेंस चमकने के साथ अब उन्होंने एंडोर्समेंट फीस को बढ़ाकर 65 से 70 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट के मुताबिक नए खिलाड़ी प्रतिदिन 25 लाख- 50 लाख रुपए चार्ज करते हैं, जबकि अधिक सफल युवा क्रिकेटर 50 लाख-1 करोड़ कमाते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली आरआइएसइ वर्ल्डवाइड लिमिटेड में स्पॉन्सरशिप सेल्स एंड टैलेंट मैनेजमेंट के प्रमुख निखिल बर्डिया ने कहा कि उसने जुलाई 2021 में यादव को साइन किया था। उनके ऑन-फील्ड प्रदर्शन के कारण, उनकी सोशल मीडिया प्रजेंस 300% से ज्यादा बढ़ गई है। इंस्ट्राग्राम पर वह टॉप 10 एक्टिव क्रिकेटर्स में शामिल हैं।





ग्लास्गो में बिली जीन किंग फाइनल में स्पेन की टेनिस स्टार पाउला बाडोसा रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## लोकेश राहुल पर भड़के प्रशंसक

**एडिलेड।** टी20 विश्व कप क्रिकेट सेमीफाइनल में टीम इंडिया की करारी हार के बाद भारतीय टीम के उपकप्तान लोकेश राहुल पर प्रशंसकों का गुस्सा फूटा है। प्रशंसकों के अनुसार राहुल इस अहम मैच में भी खराब शुरूआत के दोषी हैं। राहुल इस मैच में केवल पांच रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। शुरूआत में ही विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गयी। प्रशंसकों का कहना है कि राहुल केवल कमजोर टीमों के खिलाफ ही रन बनाते हैं और बड़ी टीमों के सामने विफल रहते हैं, ऐसे में उन्हें टीम से बाहर कर देना चाहिये। कुछ प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर राहुल को संन्यास लेने तक की सलाह दे डाली। उनका मानना है क टूनार्मेंट में सभी बड़ी टीमों के खिलाफ वह नाकाम रहे हैं। केवल छोटी टीमों को ही वह निशाना बनाते हैं। टूनार्मेंट में राहुल ने केवल बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ ही अर्धशतक लगाये। वह पाकिस्तान के खिलाफ 4 रन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल 9 रन और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 5 रन बना पाये।



कोस्टा रिका और नाइजीरिया के बीच खेले जा रहे फुटबॉल मैच में गेंद के लिए संघर्ष करते हुए खिलाड़ी।

# जी-20 समिट में भाग नहीं लेंगे पुतिन, यूक्रेन युद्ध पर बाइडन सहित पश्चिमी नेताओं से हो सकती थी टकरार

## यूक्रेन पर हमला करने के बाद पहली बार बाइडन और पुतिन किसी विश्व मंच पर साथ आने वाले थे



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। इंडोनेशिया के एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले सप्ताह इंडोनेशिया में ग्रुप ऑफ 20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे।

पुतिन का यह कदम यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ संभावित टकराव से बचने के लिए है। रूस द्वारा इस साल फरवरी अंत में यूक्रेन पर हमला करने के बाद पहली बार बाइडन और पुतिन किसी विश्व मंच पर साथ आने वाले थे। जी-20 के चीफ ऑफ सपोर्ट लुहुत बिनसर पंडजैतन ने इंडोनेशिया के देनपसार में पत्रकारों से कहा कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इंडोनेशिया के अधिकारी ने कहा, यूक्रेन पर संभावित टकराव से बचने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेताओं को 15 नवंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लेना है। यह समिट इंडोनेशिया के शहर बाली में हो रही है। इंडोनेशिया में मास्को के दूतावास ने भी पुष्टि की कि पुतिन इसमें शामिल नहीं होंगे। रूसी दूतावास के प्रोटोकॉल के प्रमुख यूलिया टॉम्स्काया ने कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि (विदेश मंत्री) सर्गेई लावरोव जी20 में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन के कार्यक्रम पर अभी भी काम किया जा रहा है, वह ऑनलाइन भाग ले सकते हैं।

### देश में कांग्रेस होती तो कभी नहीं हटती धारा 370: योगी

**मंडी।** देश में अगर अभी भी कांग्रेस पार्टी की सरकार सत्ता में होती तो आज न ही कश्मीर से धारा 370 हटती और न ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होता और न ही कांग्रेस देश की सीमाओं की रक्षा करने में समर्थ होती। यह बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने बल्ह के कंसा मैदान और नाचन के धनोटू में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। गुरुवार को बल्ह के कंसा ग्राउंड में और धनोटू में भाजपा के प्रत्याशी इंद्र सिंह गांधी और विनोद कुमार के पक्ष में विशाल रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अगर हमें बनाना है तो मोदी सरकार को बार-बार होगा। उतर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने धनोटू में कहा है कि अयोध्या में जो राम मंदिर बन रहा है वह हिंदुत्व की भावना के साथ हमारे राष्ट्र का मंदिर है। योगी ने कहा कि यूपी में 402 सीटें है, जहां कांग्रेस के हाथ मात्र 2 सीटें हासिल हुई।

### जेल के अंदर पिटाई हुई प्राइवेट पार्ट में आई चोट, सुकेश ने फिर लिखा खत, दूसरी जेल में शिफ्ट करने की मांग

**मुंबई।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को एक और चिट्ठी लिखी है। सुकेश ने उसे और अपनी पत्नी को दिल्ली के बाहर किसी और जेल में शिफ्ट करने की मांग की है। सुकेश ने आरोप लगाया है कि उसके द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाए जाने के बाद उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं तथा उसपर दबाव मनाया जा रहा है। एलजी को लिखी चिट्ठी में सुकेश ने यह भी आरोप लगाया है कि उसे जेल के अंदर सीआरपीएफ के जवान प्रताड़ित कर रहे हैं। ठग सुकेश ने अपने वकील के माध्यम से लिखे गये खत में कहा है कि वो मंडोली जेल में फिलहाल एक अंडर ट्रायल कैदी है। उसकी पत्नी भी इसी जेल में बंद है। सुकेश चंद्रशेखर ने कहा है कि सत्येंद्र जैन, अरविंद केजरीवाल और कैलाश गहलोत जैसे आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं के खिलाफ शिकायत करने के बाद से मुझे लगातार धमकियां मिल रही हैं। मैंने आर्थिक अपराध शाखा और प्रवर्तन निदेशालय के सामने जो शिकायत दर्ज करवाई है।

## ईडी पर जैकलीन का आरोप-मैंने सहयोग किया फिर भी मुझे तंग कर रही एजेंसी



**मुंबई।** 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज की नियमित जमानत याचिका पर आज यानी 11 नवंबर को फैसला आएगा। इस केस में गुरुवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने कहा कि जैकलीन के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, इसलिए उन्हें नियमित जमानत न दी जाए। इस पर कोर्ट ने ईडी से पूछा कि अगर सबूत हैं तो आपने जैकलीन को अब तक अरेस्ट क्यों नहीं किया? सुनवाई के वक्त पटियाला हाउस कोर्ट में जैकलीन के साथ पिंकी ईरानी भी मौजूद थीं। पिंकी पर सुकेश से पैसा लेकर जैकलीन तक पहुंचाने का आरोप है। जैकलीन ने कोर्ट रूम में अपने बचाव में कहा, 'इस मामले में जांच एजेंसी को मैंने पूरा सहयोग किया है। मैंने खुद इस मामले में सरेंडर किया, लेकिन ईडी ने मुझे सिर्फ परेशान किया है। मैं अपने काम के सिलसिले में विदेश जाती रहती हूं, लेकिन मुझे विदेश जाने से रोक दिया गया। मुझे अपने परिवार वालों से भी नहीं मिलने दिया जा रहा है। जैकलीन ने आगे कहा, 'मैंने इन सब बातों के लिए जांच एजेंसी को ईमेल किया था, लेकिन उसका भी जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मैं देश छोड़कर भागने वाली हूं। फिर उन्होंने मुझे लुक आउट सर्कुलर जारी कर रोक दिया। ईडी के सारे आरोप बेबुनियाद हैं।' *एजेंसी*

## खास खबर

### अफजल खान के मकबरे के आसपास ढांचों को गिराने के खिलाफ सुनवाई आज

सुप्रीम कोर्ट महाराष्ट्र में आदिल शाही वंश के सेनापति अफजल खान के मकबरे के आसपास स्थित ढांचों को गिराने की मौजूदा प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। कोर्ट इस मसले पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा।

### प्रभात गुप्ता हत्याकांड: केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के खिलाफ दाखिल राज्य सरकार व वादी के अपीलों पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा व न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल की खंडपीठ ने मामले के वादी राजीव गुप्ता व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं तथा गृह राज्य मंत्री के अधिवक्ता की बहस सुनने के पश्चात कहा कि वह दोनों अपीलों पर अपना फैसला सुरक्षित कर रही है।

### बस से कानपुर से लखनऊ आ रहीं दो लड़कियां लापता, परिजनों ने थाना घेरकर किया हंगामा

कानपुर से लखनऊ आ रहीं दो लड़कियां लापता हो गई हैं। वो रोडवेज बस से लखनऊ आ रही थीं। उनकी अंतिम लोकेशन उन्नाव के अजगैन में मिली थीं। परिजनों ने पुलिस पर नाराजगी जताते हुए थाने का घेराव भी किया। हालांकि, कुछ देर बाद वो शांत हो गए। लड़कियों ने घर वालों को बस के अंदर व कंडक्टर का वीडियो बनाकर भेजा था। बस खाली थी। दोनों लड़कियां लखनऊ के कृष्णानगर की रहने वाली थीं। मामले में परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए कृष्णानगर थाने में तहरीर दी थी। दोनों लड़कियां बाबा गुरुनानक के पाठ के लिए कानपुर गई थीं। दोनों के मोबाइल बंद हैं।

## 'वीर नारियों' के लिए सेना ने उठाया बड़ा कदम

### शिकायतों के लिए वीरांगना सेवा केंद्र को किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** शहीदों की पत्नियों के कल्याण के लिए भारतीय सेना बड़े कदम उठा रही है। इस क्रम में भारतीय सेना ने प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में एक और कदम उठाया है। दरअसल, भारतीय सेना द्वारा वीर नारियों के कल्याण और शिकायतों के निवारण के लिए वीरांगना सेवा केंद्र (वीएसके) नामक एकल विंडो सुविधा शुरू की गई है। इस परियोजना का उद्घाटन सेना पत्नी कल्याण संघ के अध्यक्ष ने बुधवार को दिल्ली कैंट स्थित भारतीय सेना के पूर्व सैनिक निदेशालय परिसर में किया गया था। वीरांगना सेवा केंद्र (वीएसके) विंडो भारतीय सेना के वेटरन्स पोर्टल पर उपलब्ध होगी। इस विंडो पर शहीदों की पत्नियां अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगी। साथ ही यहां शिकायतों के आवेदक को ट्रैकिंग, निगरानी और नियमित फीडबैक देखने की सुविधा भी मिलेगी। सेना ने इसकी जानकारी एक बयान जारी करके दी है। सेना ने बताया कि शहीदों के परिजनों और उनकी पत्नियों के पास टेलीफोन, एसएमएस, व्हाट्सएप, पोस्ट, ई-मेल और सहायता प्राप्त करने के लिए वॉक-इन के माध्यम से वीएसके से संपर्क करने के लिए कई साधन होंगे। सेना ने बताया कि विभिन्न हितधारकों यानी रिकॉर्ड ऑफिस, ऑफिसर रिकॉर्ड ऑफिस, ईसीएचएस, एडब्ल्यूडब्ल्यूए, कैंटीन सर्विसेज डायरेक्टोरेट, कर्नल वेटरन आदि सीआरएम सॉफ्टवेयर के माध्यम से शिकायतों की स्थिति की निगरानी कर सकते हैं।

### चीनी सीमा तक पटरियां बिछाएगा रेलवे, नई रेल लाइन से भूटान को भी जोड़ने की योजना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को चीन सीमा तक आसानी से पहुंचाने के लिए भारतीय रेलवे अपनी विस्तार योजनाओं को नई गति दे रही है। इस क्रम में भारतीय रेलवे ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल नेटवर्क को मजबूत करने की कवायद के क्रम में भारतीय रेलवे ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा तक सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने के अलावा पड़ोसी भूटान तक रेलवे ट्रैक बिछाने की योजना बनाई है। रेल मंत्रालय ने बताया है कि इन विस्तार योजनाओं के तहत अरुणाचल प्रदेश में नई रेलवे परियोजनाओं के लिए रेलवे ने अंतिम स्थान सर्वेक्षण जोरों शोरों से शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने इन तैयारियों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे जोन ने अरुणाचल प्रदेश सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुछ और नई रेलवे परियोजनाओं के निर्माण की योजना बनाई है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय रेलवे ने चीन सीमा के साथ भालुकपोंग से तवांग और सिलापाथर से अलॉन्ग वाया बामे तक एक नई रेलवे लाइन बनाने और मुरकोंगसेलेक से पासीघाट तक रेलवे लाइन का विस्तार करने की योजना बनाई है।

# जेल से बाहर आते ही उद्धव के सामने राउत ने की शिंदे सरकार की तारीफ

### पीएम-गृहमंत्री से मिलने जाएंगे, ठाकरे बोले- ईडी को बंद कर देना चाहिए



**मुंबई।** मुंबई के आर्थर रोड जेल से बाहर आने के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत के तेवर बदले से नजर आए। भाजपा और प्रधानमंत्री पर हमलावर रहने वाले राउत ने उनसे और गृहमंत्री अमित शाह से मिलने की इच्छा जताई। इतना ही नहीं, उद्धव से बगावत करने वाले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार के कामकाज की भी जमकर तारीफ की।

उन्होंने यह भी कहा कि अगले दो-तीन दिनों में देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात करूंगा। एक दिन पहले ही पात्रा चॉल घोटाला केस में मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने संजय राउत को जमानत दी है। मुंबई के आर्थर रोड जेल से बाहर आने के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत मातोश्री पहुंचे। वहां उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इसके बाद दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

***राज्य सरकार ने कुछ अच्छे फैसले लिए: संजय राउत***

मुंबई में संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में नई सरकार बनी है। सरकार ने कुछ डिसीजन अच्छे लिए हैं, मैं उनका स्वागत करूंगा। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि राज्य को उप मुख्यमंत्री फडणवीस चला रहे हैं और वे राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं। सांसद संजय राउत ने आगे कहा- जिन लोगों ने ये साजिश रची थी, अगर उनको आनंद मिला होगा तो मैं इसमें उनका सहभागी हूं। मेरे मन में किसी के लिए कोई शिकायत नहीं है। मैं पूरे सिस्टम को या फिर किसी केंद्रीय एजेंसी को दोष नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि हमने आज तक ऐसा राजनीतिक प्रतिशोध नहीं देखा। राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मुसीबत के समय साथ दिया। वहीं, उद्धव ने कहा- संजय तुम तो हमारे ही हो। आज वो दिन नहीं है। कल का जो आदेश है, वो देश के लिए आदर्श है। राज्य और केंद्र के लिए एजेंसियां क्या हैं ये सब जानते हैं।। लोग अब सवाल उठाएंगे कि क्यों न ईडी को बंद कर देना चाहिए?

राउत की जमानत के फैसले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस भारती डांगरे इस पर सुनवाई करेंगे। कोर्ट ने रिहाई का आदेश तुरंत रोकने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा- सेशन कोर्ट ने फैसला लेने में एक महीना लिया है तो आप हमसे एक दिन में फैसले की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

## अदालत हर चीज में नहीं घुस सकती: सुप्रीम कोर्ट

### बढ़ रहे प्रदूषण पर तत्काल सुनवाई से चीफ जस्टिस का इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़े प्रदूषण के स्तर पर तत्काल सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। यही नहीं चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि अदालत हर चीज में नहीं घुस सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने प्रदूषण के मामले पर तत्काल सुनवाई की अर्जी को खारिज कर दिया।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पराली जलाए जाने से पलूशन को लेकर कहा कि क्या इसे बैन किया जा सकता है। चीफ जस्टिस ने कहा, 'क्या आप सोचते हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए हमें सब कुछ बैन कर देना चाहिए? क्या हमें सब कुछ रोक देना चाहिए?' चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें उन मामलों को ही सुनना चाहिए, जिन पर न्यायिक पक्ष के तौर पर कुछ कर सकते हैं। अदालत हर मामले में घुस सकती। इस पर हम तत्काल सुनवाई नहीं करने जा रहे। इसे नियम के तहत ही आने दीजिए। नवंबर के पहले सप्ताह से ही दिल्ली-एनसीआर की हवा खराब चल रही है। गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम और दिल्ली समेत एनसीआर के तमाम इलाकों में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स बेहद खराब रहा है। इस पलूशन के लिए हरियाणा और पंजाब में पराली जलाए जाने को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। पलूशन के खिलाफ दायर अर्जी में मांग की गई थी कि अदालत को आदेश देना चाहिए कि पराली जलाए जाने पर रोक लगे।

## पीएम मोदी का बाली दौरा 14 से 16 नवंबर तक, जी-20 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

### विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी, नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के फैसले का स्वागत



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मोदी 17वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 14 से 16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली दौरे पर रहेंगे। यहां खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन सहित जी -20 शिखर सम्मेलन के एजेंडे के हिस्से के रूप में तीन कार्य सत्र आयोजित किए जाएंगे।

***माले में आग की घटना में 10 लोगों की मौत, पीड़ितों को दे रहे पूरी मदद***

मालदीव के माले में बीती रात एक रिहायशी इमारत में आग लगने की घटना पर प्रवक्ता ने कहा कि मालदीव के अधिकारियों ने 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। हमारा उच्चायोग प्रभावित भारतीयों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता दे रहा है। तब तक हम शवों को भारतीय नागरिकों के रूप में पहचानने में सक्षम हैं। मैं यह पुष्टि नहीं करना चाहता कि कितने भारतीय मारे गए हैं? प्रारंभिक रिपोर्टों से इमारत में आग लगने का संकेत मिलता है। मालदीव सरकार ने इसकी गहन जांच की घोषणा की है।

इक्वेटोरियल गिनी में भारतीय नाविकों के फंसने की खबर पर बागची ने कहा कि हम कांसुलर मुद्दे से अवगत हैं, हमे लगता है कि 16 भारतीय नाविक वहां फंसे हुए हैं। हम हिरासत में लिए गए नाविकों के संपर्क में हैं और इस मुद्दे के जल्द समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं। अभी वे इक्वेटोरियल गिनी में हैं। यूके हाई कोर्ट द्वारा नीरव मोदी के प्रत्यर्पण आदेश पर मामले पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत आर्थिक भगोड़ों के प्रत्यर्पण की जोरदार कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें भारत में न्याय का सामना करना पड़े। हम यूके हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। हम उसे जल्द से जल्द भारत लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक अन्य अदालत को संजय भंडारी को भारत को प्रत्यर्पित करने के पक्ष में फैसला देते हुए देखा है। यह आमतौर पर एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन हम हर संभव प्रयास करना जारी रखेंगे ताकि देश की न्याय प्रणाली का सामना करने के लिए आर्थिक भगोड़े भारत वापस आ सकें।

## एक स्वीपर के खिलाफ उतरी इतनी ताकतवर सत्ता

### चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने लगाई तमिलनाडु सरकार को फटकार



**नई दिल्ली।** स्कूल में काम करने वाले सफाई कर्मचारी को नियमित किए जाने के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर इतनी ताकतवर सत्ता एक सफाईकर्मचारी के खिलाफ अदालत क्यों चली आई। दरअसल मद्रास हाई कोर्ट ने एक फैसला दिया था, जिसके तहत 22 साल से एक स्कूल में काम कर रहे सफाई कर्मचारी को नियमित करने का आदेश दिया गया था। इसके खिलाफ तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। अर्जी पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'एक शख्स ने स्कूल में 22 साल तक नौकरी की। इन 22 सालों के बाद वह शख्स बिना ग्रैच्युटी और पेंशन के घर लौटता है। यह समाज का सबसे निचला वर्ग है। आखिर कैसे सरकार एक स्वीपर के खिलाफ जा सकती है? एक सरकार सफाई कर्मचारी के खिलाफ अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रही है? सॉरी, हम इस अर्जी को खारिज करते हैं।' तमिलनाडु सरकार का तर्क था कि सफाई कर्मचारी ने भले ही 22 सालों तक स्कूल में काम किया, लेकिन वह पार्ट टाइम जॉब ही थी। यदि स्कूल में परमानेंट वैकेंसी ही नहीं है तो फिर उसे कैसे रेग्युलर वैकेंसी के तहत भर्ती कर्मचारी वाले फायदे दिए जा सकते हैं।

# सूचना युद्ध और साइबर हमला पूरी दुनिया के लिए खतरा, इससे मिलकर लड़ना होगा: राजनाथ

### नेशनल डिफेंस कॉलेज में एक संबोधन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत एक विश्व व्यवस्था में विश्वास नहीं करता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा वास्तव में सामूहिक उद्यम बन जाती है तो वैश्विक ढांचे की संभावना तलाशी जा सकती है। नेशनल डिफेंस कॉलेज में एक संबोधन में उन्होंने साइबर हमलों और सूचना युद्ध जैसे गंभीर उभरते सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के ठोस प्रयासों का भी आह्वान किया। राजनाथ ने कहा कि सूचना युद्ध में राजनीतिक स्थिरता को खतरा पैदा करने की क्षमता है।

***ऊर्जा क्षेत्र साइबर हमलों के मुख्य निशानों में से एक***

उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन और वितरण जैसे अहम ढांचे तेजी से अधिक जटिल बन रहे हैं और ऐसी चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने होगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र साइबर हमलों के मुख्य निशानों में से एक है लेकिन यह इकलौता नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवहन, सार्वजनिक क्षेत्र की सेवाएं, दूरसंचार और अहम विनिर्माण उद्योग भी कमजोर हैं। राजनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को शून्य संचय का खेल नहीं माना जाना चाहिए और सभी के लिए फायदेमंद स्थिति पैदा करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें संकीर्ण स्वार्थों के अनुसार नहीं चलना चाहिए, जो लंबे समय के लिए फायदेमंद नहीं है।

***दूसरों को नुकसान पहुंचाकर मजबूत और समृद्ध भारत नहीं बनाया जाएगा***

रक्षा मंत्री ने कहा कि दूसरों को नुकसान पहुंचाकर मजबूत और समृद्ध भारत नहीं बनाया जाएगा। इसके बजाय भारत दूसरे राष्ट्रों को अपनी क्षमता का अहसास कराने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि हमारी एक-दूसरे से जुड़ी वित्तीय प्रणालियां भी खतरे में हैं। आप सभी को पता होना चाहिए कि फरवरी 2016 में हैकरों ने बांग्लादेश के सेंट्रल बैंक को निशाना बनाया था और एक अरब डॉलर चुराने की कोशिश की थी। हालांकि, ज्यादातर लेनदेन रोक दिए गए लेकिन 10.1 करोड़ डॉलर अब भी गायब हैं।

राजनाथ ने कहा कि यह वित्तीय दुनिया के लिए खतरे की घंटी है कि वित्तीय प्रणाली में साइबर जोखिमों को बहुत कम आंका गया है। अगर आज यह सवाल नहीं है कि प्रमुख साइबर हमला वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा नहीं है तो फिर कब यह सवाल बनेगा। राजनाथ ने बताया कि सूचना युद्ध कौशल में राजनीतिक स्थिरता को खतरा पहुंचाने की क्षमता है।

### फीस को लेकर टीचर ने की पिटाई: आठवीं का छात्र फंदे पर झूला, स्कूल के बाहर हंगामा


**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के पटेल नगर में एक छात्र ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि टीचर की पिटाई से नाराज आठवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

दरअसल, एक दिन पहले बच्चे क्लास से निकाला और गुरुवार को पिटाई के बाद छात्र ने घर जाकर सुसाइड कर लिया। घटना से गुस्साए परिजनों और लोगों ने स्कूल के बाहर हंगामा किया।

यहां तक की अध्यापकों से की हाथापाई भी की। परिजनों का आरोप है कि फीस जमा नहीं होने पर शिक्षक ने छात्र की पिटाई कर दी। शिक्षक की पिटाई से आहत छात्र ने फांसी लगाई है। परिजनों ने स्कूल जाकर जमकर हंगामा किया। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है।



आरजेडी प्रमुख लालू यादव जल्द ही किडनी ट्रांसप्लांट के लिए सिंगापुर जाएंगे। संभावना है कि इस महीने के आखिरी हफ्ते तक वे सिंगापूर जायेंगे। जी मीडिया संवाददाता ने बताया कि बेटी रोहिणी आचार्य लालू यादव को एक किडनी दान कर रही हैं। हालांकि इस पर मीसा भारती ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। रोहिणी आचार्य लालूराबड़ी की दूसरी बड़ी बेटी हैं। बड़ी बेटी मीसा भारती ने कहा कि लालू यादव को दोबारा सिंगापुर जाना है। क्योंकि उनके कुछ टेस्ट बाकी हैं। किडनी ट्रांसप्लांट को लेकर मीसा भारती ने कहा जो डॉक्टर लालू यादव का इलाज कर रहे हैं फिलहाल वो मौजूद नहीं है।


**सेंसेक्स**
419.85 अंकों की गिरावट के साथ ही 60,613.70 पर



**सोना**
सोना बढ़कर 51,898 रुपये का हो गया



# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 419.85 अंकों तकरीबन 0.69 फीसदी की गिरावट के साथ ही 60,613.70 पर पहुंचा, निफ्टी में 128.80 अंकों की गिरावट दर्ज

**मुम्बई।** मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के कारण बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिकी बाजारों में गिरावट और वीकली एक्सपायरी का दिन होने से भी बाजार पर दवाब आया। इससे वह टूटने लगा। दिन भर के कारोबार के बाद तीसर शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 419.85 अंकों तकरीबन 0.69 फीसदी की गिरावट के साथ ही 60,613.70 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 128.80 अंकों तकरीबन 0.71 फीसदी की गिरावट के साथ ही 18,028.20 पर बंद हुआ। इसके अलावा बैंक निफ्टी 0.43 फीसदी नीचे आकर 179.40 अंक गिरकर 41,603.80 पर बंद हुआ।



वहीं मुख्य सूचकांकों में गिरावट के बाद भी बाजार में बदलाव के कारण होने वाला नकारात्मक प्रभाव इंडिया विक्स आज 2 फीसदी से अधिक नीचे आया है। इंडिया विक्स का नीचे आना बाजार में कम उतार-चढ़ाव का संकेत होता है। अभी बाजार कुछ कारणों से गिरा है वहीं निवेशकों में डर का माहौल नहीं है।

यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट रही है। इसके अलावा अमेरिका में उपभोक्ता सामान इंडेक्स के आंकड़ों पर भी बाजार की नजरें होंगी। अनुमान है कि यदि यह आंकड़े सही आते हैं तो फिर मुद्रास्फीति में भी कुछ गिरावट नजर आयेगी और फेडरल बैंक भविष्य में ब्याज दरें बढ़ाने को लेकर ज्यादा आक्रामक नहीं होगा।

हालांकि फेडरल बैंक ने की तरफ हाल में जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि जब तक महंगाई पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं होता तब तक फेड अपने रुख में बदलाव नहीं करेगा। बाजार जानकारों के अनुसार उपभोक्ता सामान इंडेक्स के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर है। यह नीचे आता है तो एशियाई बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। वहीं अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 92.59 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### सोने में तेजी, चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई है जबकि चांदी गिरी है। गुरुवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना दस ग्राम सोना बढ़कर 51,898 रुपये का हो गया। वहीं एक किलो चांदी की कीमतों में कमी आई है और अब यह 61,618 रुपये हो गयी हैं। सोना 135 रुपये बढ़कर 51,898 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 51,763 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी 250 रुपये नीचे आकर 61,618 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई जबकि गत कारोबारी सत्र में चांदी 61,368 रुपये प्रति किलोग्राम पर भी।

## 4जी सेवा लांच करेगा बीएसएनएल टीसीएस से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ 26,281 करोड़ रुपये का सौदा करने के लिए केंद्र की मंजूरी मिल गई है। जिससे भारत में 4जी सेवाओं को लांच करने का रास्ता साफ हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, टीसीएस 4जी लाइन स्थापित करेंगी और 9 साल तक नेटवर्क बनाए रखेगी। बीएसएनएल जल्द ही टीसीएस को 10,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर देगी। इसके साथ राज्य द्वारा संचालित टेल्को दिसंबर 2022 या जनवरी 2023 तक अपनी 4जी सेवाओं को लांच करने की तैयारी करेगा। टाटा संस की यूनिट तेजस नेटवर्क बीएसएनएल के लिए स्थानीय स्तर पर उपकरणों का निर्माण करेगी। अक्टूबर में टीसीएस ने कहा था कि वह ऑर्डर के 12 महीने के भीतर मुख्य उपकरण मुहैया कराएगी। आदेश प्राप्त होने के 24 माह के भीतर रेडियो उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। 4जी सेवाओं के शुरू होने के बाद बीएसएनएल भी अगस्त 2023 तक 5जी सर्विस को



लांच करने का लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। रिपोर्ट में बताया कि 26,281 करोड़ रुपये के ऑफर के साथ टीसीएस का लक्ष्य बीएसएनएल-एमटीएनएल नेटवर्क के लिए 100,000 टावर स्थापित करना होगा। इनमें उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों, लक्षद्वीप द्वीप समूह और 4जी सक्षम क्षेत्रों में अतिरिक्त 25,000 टावर स्थापित किए जाएंगे। यह डेवलपमेंट उस समय में आया है, जब केंद्र सरकार ने टेल्को को 4जी लॉन्च, संचालन वित्त पोषण और पूंजीगत व्यय को कवर करने के लिए 1.64 ट्रिलियन रुपये का बेलआउट पैकेज दिया है। बीएसएनएल के 4जी के लांच के साथ, भारत दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी विकसित करने में संयुक्त राज्य अमेरिका, स्वीडन, दक्षिण कोरिया और चीन की पसंद में शामिल हो जाएगा।

### यूपी से बिहार तक सस्ता हो गया पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान आई गिरावट से खुदरा बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम भी बदल गए हैं। यूपी और बिहार के कुछ शहरों में कीमतें नीचे आई हैं। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में तेल कीमतें नहीं बदली गई हैं। गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल का भाव 18 पैसे चढ़कर 96.94 रुपए प्रति लीटर और डीजल का भाव 18 पैसे बढ़कर 90.11 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 18 पैसे सस्ता हुआ और 96.40 रुपए लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 17 पैसे सस्ता होकर 89.58 रुपए लीटर रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल का रेट 35 पैसे की गिरकर 107.24 रुपए प्रति लीटर, जबकि डीजल 32 पैसे टूटकर 94.04 रुपए प्रति लीटर के भाव बिक रहा है। कच्चे तेल में पिछले 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव 2.71 डॉलर गिरकर 92.65 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई करीब एक डॉलर की गिरावट के साथ 85.87 डॉलर प्रति बैरल बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर है।

## सरकार ग्रीन बॉन्ड से जुटाएगी 16,000 करोड़, वित्तमंत्री सीतारमण ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के पहले सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड फ्रेमवर्क को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी से पेरिस समझौते के लक्ष्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा, जिससे ग्रीन प्रोजेक्ट्स में वैश्विक और घरेलू निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी कर जुटाये जाने वाले रकम को सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं में लगाया जाएगा जो अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को कम करने में मदद करेंगी।



***16,000 करोड़ रु जुटाने का प्लान***

सरकार ग्रीन बॉन्ड के जरिए 16,000 करोड़ रुपये जुटा सकती है। और इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रीन बॉन्ड जारी किया जा सकता है। ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को ध्यान में रखते हुए ये बॉन्ड लंबी अवधि वाले होंगे।

यह फ्रेमवर्क, 2021 में ग्लासगो में उडढ26 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ₹पंचामृत₹ के तहत भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुरुप है। 2022-23 के लिए बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी कर ग्रीन प्रोजेक्ट्स के लिए रिसोर्सेज जुटाने की बात कही थी।

***देश का पहला सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड तैयार***

सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड ऐसे फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स है जो पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ और जलवायु-उपयुक्त परियोजनाओं में निवेश के लिए धन जुटाते हैं। सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड नियमित बॉन्ड की तुलना में पूंजी की अपेक्षाकृत लागत को कम करती है। भारत का पहला सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड ढांचा तैयार किया है। सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी करने पर महत्वपूर्ण निर्णयों को मान्य करने के लिए ग्रीन फाइनेंस वर्किंग कमेटी का गठन किया गया था। नॉर्वे की सिसरो को भारत के ग्रीन बॉन्ड ढांचे का मूल्यांकन करने के लिए सेलेक्ट किया गया। सिसरो ने गुड स्कोर के साथ भारत के ग्रीन बॉन्ड फ्रेमवर्क को 'मीडियम ग्रीन' का दर्जा दिया है।

### सरकार एक्सिस बैंक में 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।** सरकार की निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक से बाहर निकलने की योजना है। सरकार की बैंक में अपनी 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी (4.65 करोड़ शेयर) बेचने पर विचार कर रही है। शेयर बाजारों को यह जानकारी दी गई है। केंद्र सरकार के तहत स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ द यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एसयूयूटीआई) की एक्सिस बैंक में 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। इस बिक्री के साथ की सरकार निजी क्षेत्र के ऋणदाता से अपनी पूरी हिस्सेदारी निकाल लेगी। एसयूयूटीआई के पास सितंबर, 2022 तक एक्सिस बैंक में 1.55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले 4,65,34,903 शेयर थे। सरकार को मौजूदा बाजार भाव पर शेयर बिक्री से करीब 4,000 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। एक्सिस बैंक के शेयर बुधवार को बीएसई पर पिछले बंद के मुकाबले 0.17 प्रतिशत बढ़कर 874.35 रुपए पर बंद हुए। सरकार ने पिछले साल मई में एसयूयूटीआई के जरिये एक्सिस बैंक में अपनी 1.95 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 4,000 करोड़ रुपए में बेची थी।

## सौर उत्पादन से भारत ने 6 महीने में बचाए 32 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** भारत ने 2022 की पहली छमाही में सौर उत्पादन के माध्यम से ईंधन लागत में 4.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (32603 करोड़ रुपए) की बचत की है। गुरुवार 10 नवंबर को इसे लेकर एक नई रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट ने भी पिछले दशक में सौर ऊर्जा के विकास का विश्लेषण किया और पाया कि सोलर कैपिसिटी वाली शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं में से 5 (चीन, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया और वियतनाम) अब एशिया से हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 7 प्रमुख एशियाई देशों चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, फिलीपींस और थाईलैंड में सौर उत्पादन के योगदान ने जनवरी से जून 2022 तक लगभग 34 बिलियन अमेरिकी डॉलर का संभावित जीवाश्म ईंधन लागत से बचा लिया गया। यह इस अवधि के दौरान कुल जीवाश्म ईंधन लागत के 9 प्रतिशत के बराबर है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सौर उत्पादन से साल की पहली छमाही में ईंधन लागत में 4.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर बचाए। इस उत्पादन ने 19.4 मिलियन टन कोयले की आवश्यकता को भी टाल दिया जो पहले से ही तनावपूर्ण घरेलू आपूर्ति पर जोर देता है। रिपोर्ट में पाया गया है कि अनुमानित 34 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत का अधिकांश हिस्सा चीन का है। यहां सोलर एनर्जी बिजली की कुल मांग का 5 प्रतिशत पूरा करता है और इस अवधि के दौरान अतिरिक्त कोयला और गैस आयात में लगभग 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर बचा लिया जाता है।

### रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिका डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया गिरावट पर बंद हुआ। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले कारोबारियों द्वारा सतर्कता का रुख बरतने से भी यह गिरावट आई है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे की गिरावट के साथ 81.77 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं बाजार जानकारों के अनुसार घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण भी निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया आज सुबह 81.61 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 81.54 के दिन के उच्चस्तर और 81.92 के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 30 पैसे की गिरावट के साथ 81.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जबकि पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 81.47 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इसी बीच विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की कमजोरी या मजबूती को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 फीसदी बढ़कर 110.70 हो गया।

## टीपीआरएमजी ने हरित ऊर्जा के प्रयोग में तेजी लाने के लिए सिडबी के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** टाटा पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड (टीपीआरएमजी) और स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) ने 1,000 हरित ग्रामीण उद्यमों की स्थापना और उन्नयन के लिए सहयोग किया है। समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर हेतु लखनऊ में सिडबी के प्रधान कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया था। इस गठबंधन का उद्देश्य टीपीआरएमजी के माइक्रोग्रिड से भारत के दूरदराज के गांवों तक हरित ऊर्जा को तेजी से आसानीपूर्वक उपलब्ध कराना है, जबकि सिडबी की वित्तीय सक्षमता पहल ग्रामीण उद्यमों को स्थायी रूप से विकसित करने के लिए सशक्त बनाएगी। यह सहयोग एक स्थायी भविष्य बनाने में दोनों संगठनों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता - टाटा पावर की सस्टेनेबल इज अटेन पहल और सिडबी की गो रिस्पॉन्सिव, एंटरप्राइज इंसेंटिव (ग्रीनी) पहल की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। समझौता ज्ञापन पर श्री



मनोज गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (टीपीआरएमजी) और श्री वी सत्य वेंकट राव, उप प्रबंध निदेशक (सिडबी) ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में अनूप पंत, जीएम-सिडबी, प्रवीण कुमार, डीजीएम-सिडबी, दिनेश प्रसाद, एजीएम-सिडबी, शिवेंद्रम मौर्य, प्रबंधक-सिडबी के साथ सुबोध दीक्षित, राज्य प्रमुख, टीपीआरएमजी उपस्थित थे। यह पहल ग्रामीण उद्यमों को हरित होने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जबकि सस्ती स्वच्छ बिजली का उपयोग करेगी और अपने व्यवसायों के लिए क्रेडिट लिंकेज का उपयोग करेगी। यह पहल ग्रामीण भारत को हरा-भरा बनाने और राष्ट्र को स्थायी लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में भी महत्वपूर्ण होगी।

## कृषि व्यवसायों को सहयोग करने और यूपी को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए एक एग्री वेल्यू चेन सॉल्यूशन 'खेत से किचन तक' लॉन्च किया

**मेरठ।** एग्रीटेक कंपनी लीड्स कनेक्ट सर्विसेज ने किसान समुदाय और कृषि व्यवसायों को सहयोग करने और यूपी को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए एक एग्री वेल्यू चेन सॉल्यूशन 'खेत से किचन तक' लॉन्च किया है। यह फार्म-टू-फोर्क सॉल्यूशन कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता बेहतर करने में सहयोग करेगा। फार्म-टू-फोर्क के परस्पर समाधान से कृषि सेक्टर की उत्पादकता औरस्थिरतामें सुधार होगा। लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री नवनीत रविकर ने कहा, ''बदलती वैश्विक मांगें हमारी वर्तमान कृषि और खाद्य तंत्र की क्षमताओं को पीछे छोड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, ''वर्तमान में, भारत की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या खाना खाने के लिए कृषि पर निर्भर है। फिर भी राष्ट्रीय जीडीपी में इस क्षेत्र का योगदान मुश्किल से 20 प्रतिशत है। ये सभी संकेत डिजिटल बदलाव की सख्त जरूरत के हैं। इसीलिए हम ऐसी प्रौद्योगिकियों पर



केंद्रित हैं जो खेत से किचन तक पहल को चला सकें। हमारा लक्ष्य खेत के प्रत्येक एकड़ और वेल्यू चेन में हर हितधारक को लाभ पहुंचाना है।'' इसके अलावा किसानों और ग्राहकों के बीच अंतर को पाटने के लिए यह परियोजना किसानों व अन्य लाभकताओं के लिए घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में खाद्य उत्पाद वितरण नेटवर्क का विस्तार करेगी। निर्यात और थोक खाद्य व्यापार इकाई के तौर पर लक्ष्मी एग्रो अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों को यूपी से पूरी दुनिया में ले जाएगी। वहीं बीएल एग्रो के प्रमुख ब्रांड बैल कोल्हू और नॉरिश घरेलू बाजारों में फोर्स मल्टीप्लायर्स के तौर पर काम करते हैं। दो से चार नवंबर तक जारी कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय एमएसएमई राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा की उपस्थिति में किया था। वीटोल और कृषि ड्रोन के लिए उपमुख्यमंभी श्री ब्रजेश पाठक और प्रदेश के वोकेशनल शिक्षा और कौशल विकास मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल के समक्ष एक लाइव डेमो दिया गया। लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नवनीत रविकर ने उन्हें इस संबंध में जानकारी दी और उनसे ड्रोन भी उड़वाया। किसानों, किसान उत्पादन संगठनों , कृषि व्यवसायों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए खेत से किचन तक पहल को चार इकाइयां सहयोग कर रही हैं। जहां लीड्स कनेक्ट सर्विसेज कृषि समुदायं को खेतों से संबंधित सटीक परामर्श, वित्तीय और फसल जोखिम प्रबंधन प्रदान कर रहा है, वहीं रोहिलखंड लेबोरेटरी एंड रिसर्च सेंटर कृषि व्यवसायों को महत्वपूर्ण खाद्य परीक्षण, परख और प्रमाण सुविधाएं खेतों पर ही प्रदान करता है ।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सीएनजी सेगमेंट में प्रवेश की घोषणा की




**बंगलौर।** ग्राहक सबसे पहले के अपने दर्शन के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने सीएनजी सेगमेंट में अपनी शुरूआत की घोषणा की। इससे ग्राहकों के चुनने के लिए उपलब्ध श्रृंखला में टोयोटा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर दोनों के और भी अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकेंगे। टोयोटा ग्लैंजा, इस साल के शुरू में लॉन्च किया गया था। अब मैनुअल ट्रांसमिशन में एस एंड जी ग्रेड में सीएनजी रूपांतर के साथ मैनुलट्रांसमिशन पावर ट्रेन के साथ उपलब्ध होगी। इस सेगमेंट में अपनी तरह का पहला अर्बन क्रूजर हाइ राइडर भी अब एसएंड जी दोनों ग्रेड में फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट के साथ उपलब्ध होगा।दोनों ग्रेड में मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) पावरट्रेन से युक्त, सीएनजी रूपांतर सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक के साथ-साथ नियोड्राइव रूपांतर के अतिरिक्त होगा, जो पहले से ही बाजार में उपलब्ध हैं और हैं जिन्हें ग्राहकों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। टोयोटा के दोनों मॉडलों में सीएनजी ग्रेड की शुरूआत टीकेएम को टिकाऊ वाहन प्रौद्योगिकी पेशकशों की अपनी सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों के चुनने के लिए पर्यावरण के अनुकूल और किफायती विकल्प प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। इस तरह, भारतीय उपभोक्ताओं की विभिन्न किस्म की गतिशीलता आवश्यकताएं पूरी की जाएंगी। अतुल सूद, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग, टीकेएम ने कहा, एक ग्राहक केंद्रित कंपनी होने के नाते, टीकेएम ग्राहकों के हितों को सबसे आगे रखने में विश्वास करता है। टोयोटा में हमारा लक्ष्य हमेशा ग्राहकों की आकांक्षाओं पर स्पष्ट ध्यान देते हुए और अपने ग्राहकों को सबसे व्यवहार्य उत्पाद और सेवाएं प्रदान करके बाजार की जरूरतों को पूरा करना रहा है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखते हुए, हमें सीएनजी सेगमेंटमें अपने प्रवेश की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, हमारे दो बहुप्रतीक्षित पेशकशों, टोयोटा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए सीएनजी वेरिएंट में ड्राइविंग। नवीनतम विकल्प शामिल किए जाने के बाद हमारा मानना है कि हमारे ग्राहकों को बाजार में अधिक विकल्प मिलेंगे, जिससे हम सब के लिए गतिशीलता ' के अपने दर्शन को दोहरा सकेंगे। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि टोयोटा वाहन के मालिक होने की खुशी के अलावा, हमारे ग्राहकों को स्वामित्व की कम लागत और टोयोटा वाहनों की पेशकश, 'पीस ऑफमाइंड' से भी लाभ होगा, इस प्रकार ' हम सभी को सामूहिक खुशी ' प्रदान करते हैं। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, टोयोटा ग्लैंजा में सीएनजी संस्करण में एक शक्तिशाली लेकिन ईंधन कुशल 'के-सीरिज इंजन' है और यह एक मैनुअल ट्रांसमिशन पावर ट्रेन से युक्त है। ***एजेंसी***

## संक्षेप

### निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने क्षेत्रीय विस्तार के क्रम में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया

**नई दिल्ली** भारत के अग्रणी स्टैंड अलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, निवा बुपा ने भारत के भीतरी इलाकों में अपने विकास के अगले चरण के तहत लखनऊ में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। निवाबूपा का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में लखनऊ के लगभग 5,000 लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना है। ग्राहक इस क्षेत्र में मौजूद 86 नेटवर्क अस्पतालों में कैशलेस अस्पताल भर्ती का लाभ उठा सकते हैं और साथ ही, उनके लिए देश भर के 9,100+ अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध होगी। भारत में गंभीर बीमारियों और जीवनशैली से जुड़े रोगों में वृद्धि के साथ, स्वास्थ्य बीमा एक प्राथमिकता बन चुकी है और इसकी पैठ पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ी है। इसके अलावा, चिकित्सा मुद्रास्फीति के कारण लोगों को धीरे - धीरे स्वास्थ्य और धन दोनों की सुरक्षा में स्वास्थ्य बीमा के महत्व का एहसास हुआ है। इसलिए कुछ स्थितियों में उच्च प्रीमियम औरअधिक प्रतीक्षा अवधि से बचने के लिए जीवन में जल्द-से-जल्द व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना में निवेश करना चाहिए। निवा बूपा ने लखनऊ में अगले 5 वर्षों में लगभग 5 करोड़ रुपये के सकल लिखित प्रीमियम का लक्ष्य रखा है। कंपनी लोगों के लिए व्यावसायिक अवसर भी लाएगी क्योंकि इसकी योजना 2027 तक लगभग 1,100 एजेंटों को बहाल करने की है। कंपनी पर्याप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगी और शहर में रहने वाली महिलाओं एवं गृहिणियों को बीमा एजेंट बनने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने मेंमदद मिलेगी।

### एसुस ने फोल्डेबल लैपटॉप- जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** ताइवान की टेक्नोलॉजी जायंट, एसुस इंडिया ने आज भारत में दुनिया का पहला 17.3 इंच का फोल्डेबल ओएलईडी लैपटॉप लॉन्च करने की घोषणा की है। यह जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी लैपटॉप अभूतपूर्व नवाचार का बेमिसाल उदाहरण पेश करता है। अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट और हल्का 12.5₹ फोल्डेबल ओएलईडी लैपटॉप 6 मोड्स के साथ एक बहुमुखी 17.3 इंच डिवाइस के रूप में इजात हुआ है, जबकि इसका वजन केवल 1.5 किलोग्राम (बिना कीबोर्ड के) ही है। जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी नवीनतम 12वीं जनरेशन के इंटेल कोर टी एम आई 7-1250 यू प्रोसेसर से लैस है, जिसे 10 कोर (दो परफॉर्मेंस कोर और आठ एफिशिएंसी कोर) के साथ डिजाइन किया गया है, जिसके लिए सभी कार्यों को आसानी से हैंडल करने की अधिकतम फ्रीक्वेंसी 4.7 है। जेनबुक 17- फोल्ड विद ओएलईडी डिस्प्ले तमाम भारतीय यूजर्स के लिए 329990 रूपए में ऑनलाइन और ऑफलाइन टचपॉइंट्स पर उपलब्ध है। अर्नोल्ड सु, बिजनेस हेड, कंज्यूमर और गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, एसुस इंडिया ने कहा भारतीय बाजार में हम अपने शानदार इनोवेशन जेनबुक 17 फोल्ड ओएलईडी के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित हैं। यह दुनिया का पहला 17.3 इंच का फोल्डेबल लैपटॉप है, जो प्रोप्राइटरी फोल्डेबल हिंज डिजाइन का उपयोग करता है। इंटेल और बीओई के साथ विकसित किया गया यह लैपटॉप एक बेशकीमती और क्रौंतिकारी अनुभव प्रदान करता है, जो लैपटॉप की पोर्टेबिलिटी के साथ डेस्कटॉप की उत्पादकता को बखूबी मिश्रित करता है।

### बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक- बैंक ऑफ इंडिया ने 31 अक्टूबर, 2022 से 06 नवंबर, 2022 तक अपने सभी कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के आदेश पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर सार्वजनिक संगठनों द्वारा हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय के साथ किया गया। भ्रष्टाचार विकास के सबसे बड़े अवरोधकों में से एक है और इसलिए यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सार्वजनिक जीवन से भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में काम करे ताकि हमारा देश तेजी से विकसित हो सके। सप्ताह भर चलने वाले उत्सव के दौरान, देश भर के सार्वजनिक संगठन विभिन्न पहल कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर अपने कर्मचारियों और नागरिकों के बीच भ्रष्टाचार मुक्त समाज के संदेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शाखाओं और कार्यालयों के माध्यम से कई आउटरीच कार्यक्रम शुरू किए हैं जैसे बैनरों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, ग्राहक बैठकें, ग्राम सभा, स्कूलों और कॉलेजों में वाद-विवाद और प्रतियोगिताएं, कर्मचारियों के बीच प्रश्नोत्तरी, भ्रष्टाचार की बुराइयों के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने और एक बेहतर राष्ट्र के लिए इसे मिटाने के प्रयासों के लिए सेमिनार आदि।

### बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया गैरकानूनी: गोदरेज एंड बॉयस

**मुंबई।** गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड ने बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि महाराष्ट्र सरकार ने अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मुंबई स्थित उसकी भूमि के अधिग्रहण की जो कार्रवाई शुरू की है वह अवैध तथा गैरकानूनी है। कंपनी ने राज्य सरकार और राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) द्वारा उस पर लगाए उन आरोपों को भी खारिज किया जिनमें कहा गया था कि कंपनी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में बेवजह अवरोध खड़े कर रही है जिससे परियोजना में विलंब हो रहा है। उसने कहा कि 264 करोड़ रुपये की जो अंतिम क्षतिपूर्ति राशि दी गई है वह तो भूमि अधिग्रहण के एवज में प्रस्तावित 572 करोड़ रुपये का महज एक हिस्सा है जिसकी कंपनी को आरंभिक तौर पर पेशकश की गई थी। कंपनी की याचिका के जवाब में सरकार और एनएचएसआरसीएल ने जो हलफनामे दायर किए उसके जवाब में कंपनी ने गुरुवार को हलफनामा दायर किया। कंपनी ने अपनी याचिका में महाराष्ट्र सरकार के 15 सितंबर 2022 के उस आदेश को चुनौती दी है जो बुलेट ट्रेन परियोजना की खातिर भूमि अधिग्रहण के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुआवजा देने से संबंधित है।

### हर महीने 1.60 बचा कर ले सकते हैं 2 लाख का फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत हर महीने एक रुपए या साल भर में सिर्फ 20 रुपए जमा करके 2 लाख रुपए का एक्सिडेंटल इंश्योरेंस प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना काफी कम प्रीमियम में जीवन बीमा प्रदान करती है। केंद्र सरकार ने कुछ साल पहले बहुत मामूली प्रीमियम पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना शुरू की थी। पीएमएसबीवाई का सालाना प्रीमियम मात्र 20 रुपए है। मई महीने के अंत में आपको इस प्रीमियम का भुगतान करना होता है। आपके बैंक खाते से 31 मई को यह रकम कट जाती है। पीएमएसबीवाई योजना का लाभ 18-70 साल तक की उम्र के लोग उठा सकते हैं। इस योजना का सालाना प्रीमियम 20 रुपए मात्र है। पीएमएसबीवाई पॉलिसी का प्रीमियम भी सीधे बैंक अकाउंट से काटा जाता है। पॉलिसी खरीदते वक्त ही बैंक खाते को पीएमएसबीवाईसे लिंक कराया जाता है। पीएमएसबीवाई पॉलिसी के अनुसार बीमा खरीदने वाले ग्राहक की एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर या विकलांग होने पर 2 लाख रुपए की रकम उसके आश्रित को मिलती है। बैंक की किसी भी शाखा में जाकर आप इस पॉलिसी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### कोल इंडिया का पूंजीगत व्यय 33 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** कोल इंडिया लि. का पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 7,027करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कहा कि एक साल पहले सामान अवधि में पूंजीगत व्यय 5,300 करोड़ रुपये था। कोल इंडिया ने कहा कि खदानों के पास कोयला निकालने और उसके परिवहन से जुड़े बुनियादी ढांचे पर कुल पूंजीगत व्यय का 36 प्रतिशत हिस्सा यानी 2,547 रुपये खर्च हुए हैं। इसमें कोयला रखरखाव संयंत्र/ गोदाम और रेलवे लाइन शामिल हैं।

# साहू तेली समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जनसंदेश न्यूज



शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

**मछलीशहर।** साहू तेली समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष सहित कुल 24 पदाधिकारियों ने शपथ ली। बुधवार को देर सांय नगर के महतवाना मोहल्ला स्थित एक निजी प्रतिष्ठान के प्रांगण में सर्वप्रथम साहू तेली समाज विकास ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजी साहू को मुख्य अतिथि और साहू कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष तथा अंबेडकरनगर के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने पद की शपथ दिलाई।

तत्पश्चात अध्यक्ष रामजी साहू ने रतन लाल गुप्ता और पूर्व सभासद मुंशीलाल गुप्ता को महामंत्री पद की व आत्माराम गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. एसपी गुप्ता, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, अजय गुप्ता को उपाध्यक्ष पद एवं राम मूरत गुप्ता, कैलाश नाथ साहू, राकेश गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, चंदन गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, गोविंद प्रसाद गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता को मंत्री पद की शपथ तथा विशेष रूप से राम गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद की और राकेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी पद की जबकि राम प्रसाद गुप्ता को संयोजक पद की शपथ दिलाई गई।मुख्य अतिथि अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि साहू तेली समाज धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर है लेकिन आर्थिक रूप से मजबूत होने का कोई मतलब तब तक नहीं है जब तक कि हम राजनैतिक और शैक्षिक रूप से भी मजबूत न हो सके। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजी साहू और उनकी टीम ने कहा कि साहू तेली विकास ट्रस्ट के माध्यम से समाज के गरीब बच्चों का उत्थान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम नारायण साहू तथा संचालन धरम चंद गुप्ता ने किया।

## व्यापार मंडल ने जेब्रा के सामूहिक विवाह को लेकर की बैठक

**जौनपुर।** जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में आगामी 18 दिसंबर को मोहम्मद हसन कालेज के प्रांगण में होने वाली सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह को लेकर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह इंदु के निर्देश पर व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर की एक बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से आये जेब्राा फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सेठ ने कहा कि संस्था हर तीसरे वर्ष सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब व असहाय लोगों के बेटे बेटी की शादी संस्था अपने खर्च पर करता है। वास्तव में सराहनीय और पुण्य का काम है। इस सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिये व्यापारियों ने अपना भरपूर समर्थन व सहयोग देने का निर्णय लिया। साथ ही पैसों के अभाव में कुछ गरीब की बेटियों व बेटों की जो शादियां नहीं हो पा रही है। ऐसे लोगों को तलाश कर इस सामूहिक विवाह समारोह में शामिल कराने के लिये प्रेरित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री मोहम्मद इकराम अंसारी, सतीश, याकूब, सर्वेश, आफताब आलम, तौसीफ अहमद, मोहम्मद फैज, संतोष गुप्त आदि उपस्थित रहे।

# आशाओं को बताया-कैसे पहचानें नवजात में खतरे के लक्षण

जानकारी

### हाथ धुलने, तापमान नापने, वजन करने और सांस अवरुद्ध होने पर देखभाल करने का ढंग बताया

**जौनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में 17 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आशा कार्यकर्ताओं के तीन बैच का प्रशिक्षण हुआ। इसमें उन्हें माड्यूल 6 और 7 के तहत प्रसव के बाद गृह आधारित नवजात की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। हर बैच में 30-30 आशा कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार सिंह ने नवजात शिशु में खतरे के संकेतों को पहचान कर शिशु को सीएचसी रेफर करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब शिशु स्तनपान करने में असमर्थ हो, खानपान पर उल्टी कर दे, शरीर में ऐंठन हो, सुस्त/बेहोश हो तो यह स्थितियां खतरे का संकेत करतीं हैं। ऐसी स्थिति स्थिति में उसे तुरंत सीएचसी रेफर कर देना चाहिए। चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन सिंह ने बताया कि नवजात के घर पहुंचने पर आशा कार्यकर्ता की सबसे पहली जिम्मेदारी साबुन और पानी से अपना हाथ धुलने की है। इसके लिए सुमन-के विधि का प्रयोग करना चाहिए। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार चौबे ने थमार्मीटर से नवजात का तापमान मापने, वजन मशीन के माध्यम से वजन करने, शिशु को कंबल में लपेटने का तरीका बताया। प्रशिक्षकों ने सांस अवरुद्ध हो जाने पर म्यूकस एक्सट्रैक्टर मशीन से बच्चे की नाक और मुंह साफ करने का ढंग बताया। साथ ही दस्त, बुखार आदि से बचाव व मलेरिया जैसे संक्रमण से उनका बचाव करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चार्ट के अनुसार बालक-बालिकाओं में कुपोषण के स्तर का पता लगाने के बारे में भी बताया। गैर सरकारी संगठन के संजय कुमार सिंह और दिनेश कुमार सिंह ने भी आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जलालपुर, नेहरू नगर, केराकत और रामनगर की आशा कार्यकर्ता शामिल हुईं।

## संक्षेप

### भोजपुरी फिल्म दिशा में एक साथ दिखाई देंगे आदित्य और श्रुति

**जलालपुर।** क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी भोजपुरी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के निवास स्थान पर आए भोजपुरी फिल्म के जाने-माने अभिनेता आदित्य ओझा व फिल्म अभिनेत्री श्रुति राव ने प्रेसवार्ता में बताया कि वह जिले में बन रही भोजपुरी फिल्म दिशा के शूटिंग के लिए मुम्बई से आए है। श्री ओझा ने बताया वह बचपन में क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन पीठ में गंभीर चोट के कारण वह क्रिकेटर के रूप में अपना करियर नही बना सके। अभिनेता बनने से पहले उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा थिएटर कलाकार प्रदीप झा के साथ अभिनय की कार्यशालाएं कीं। उन्होने बताया कि 2011 में भोजपुरी फिल्म सुगना से शुरूआत किया। इसके बाद एक के बाद एक फिल्मों के ऑफर आने शुरू हो गए। इनकी प्रमुख फिल्में सुगना, रिहाई, सुगना-2, शादी करके फंस गया यार, बॉर्डर, आशीर्वाद चाहता मैया के सहित दर्जनों भोजपुरी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। फिल्म अभिनेत्री श्रुति राव एक अभिनेत्री और गायिका है। उन्होंने बताया पराग पाटिल द्वारा निर्देशित भोजपुरी फिल्म लिट्टी चोखा में खेसारी लाल यादव के साथ काम किया है। श्रुति ने अपने करियर की शुरूआत गायन से की और दर्जनों से अधिक गाने गाए और विभिन्न यूट्युब चैनल पर रिलीज हुए। श्रुति ने बताया की वो अब तक एक दर्जन से अधिक फिल्मों में काम कर चुकी है। इनकी प्रमुख फिल्में लाल, अफवाह, उड़ल ओढ़निया प्यार में, सैंया सवरका, लव लेटर, इश्क हसाय इश्क रूलाय, जलवा सहित और कई भोजपुरी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ, सतीष वर्मा, विनय वर्मा, गायक राजेश तिवारी रत्न, प्रेमधनी विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चन्दन ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### एआरएम ने कस्बे से रोडवेज बसों के संचालन के लिए मांगा समय

**गौराबादशाहपुर।** नगर पंचायत में रोडवेज बसों का कस्बे से संचालन न होने का कारण जब अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष डॉ. जयसिंह राजपूत द्वारा एआरएम जौनपुर से पूछा गया तो उन्होंने असमर्थता व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि इस समय हमारे यहां चेकिंग बैन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण हम बसों की चेकिंग कराने में असमर्थ हैं। हमें दो चार दिन का समय दीजिये जल्द ही बैन उपलब्ध होने की संभावना है जैसे ही बैन उपलब्ध हो जाती है तत्काल चेकिंग करवाकर जो भी रोडवेज की बस बाईपास से गुजरती हुई मिलेगी उनको दंडित किया जाएगा एवं सारी रोडवेज की बसों का संचालन सुचारु रुप से कस्बे से कराया जाएगा ताकि यात्रियों की हो रही असुविधा को समाप्त किया जा सके।

### घायल नीलगाय का कराया गया उपचार

**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित फरीदपुर गांव के समीप बाहर सुनसान जगह पर गुरुवार को घायलावस्था में बेसुध पड़ी नीलगाय का उपचार पशुचिकित्साधिकारी की देखरेख में हुआ। पशुचिकित्साधिकारी डॉ. विपिन सोनकर ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि विकास खण्ड सोंधी अंतर्गत स्थित फरीदपुर गांव के बाहर सुनसान जगह पर नीलगाय घायलावस्था में बेसुध पड़ी हुई है। सूचना के बाद टीम लेकर मौके पर पहुँचे घायलावस्था में नीलगाय का उपचार किया। टीम में जयराम गौतम, संजय शर्मा, अश्वनी, भूपेंद्र, राजेश आदि लोग शामिल रहे।

### ड्यूटी से नदारद शिक्षक का एबीएसए ने रोका एक दिन का वेतन

**ज्ञानपुर।** प्रदेश की योगी सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के क्रम में गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के आदेश के क्रम में प्राथमिक विद्यालय तुलापुर रोही का खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया एबीएसए के निरीक्षण में गायब शिक्षक जय शंकर पांडेय का एक दिन का वेतन रोका गया और स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

### सालाना उर्स कल

**भदोही।** बाबूसराय बाजार डाक बंगला के पश्चिम हजरत बाबा निजामुद्दीन सैयद बाबा का सालाना उर्स 12 नवंबर दिन शनिवार को मनाया जाएगा। जिसमें जवाबी कव्वाली का मुकाबला नसरुद्दीन जौनपुर व रौनक जहां नागपुर के बीच होगा। उपरोक्त जानकारी मोहम्मद नईम ने दी है।

### पत्रकार के चाचा के निधन पर शोक

**सुरियावां।** क्षेत्र के ग्राम बलीपुर निवासी पत्रकार अशोक सिंह के चाचा रामधारी सिंह उम्र 79 वर्ष अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक का निधन गत बुधवार को हो जाने पर गुरुवार को शोकसभा आयोजित करके श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में विनय चौरसिया, नंदलाल गुप्ता, शेषधर गुप्ता, स्वामीनाथ मिश्र एडवोकेट, डॉ. चंद्रेश मौर्य, मनोज शुक्ल, शिवा सिंह, धर्मराज सिंह, अशोक कुमार मिश्र, सिंपी सिंह, राज शेखर उपाध्याय, महेंद्र सिंह, केदारनाथ यादव, शिव शंकर यादव, मूलचन्द्र यादव, ए के सिंह आदि लोग शामिल रहें।

### जनसंवाद दिवस पर 57 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की दिशा में उनके द्वारा शुरूआत किए गये प्रत्येक वृहस्पतिवार जनसंवाद दिवस में विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस का सभी विभागों द्वारा आयोजन कर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया गया। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस व अन्य शिकायती पोर्टल पर लम्बित वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में असंतुष्ट फीडबैक वाले शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर त्वरित निस्तारण किया किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग में जनसंवाद दिवस का आयोजन कर बताया कि मुख्यमंत्री शिकायत पटल एवं अन्य पटल पर प्राप्त शिकायतों में असंतोषजनक, फीडबैक शिकायतों का त्वरित व गुणर्वत्तापूर्ण समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित सभी शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक वृहस्पतिवार को जन संवाद दिवसन्न में असंतुष्ट फीडबैक में से गुरुवार को 125 शिकायतों का लगभग सभी कार्यालयध्यक्षों द्वारा असंतुष्ट शिकायतकताओं व अन्य रिपीटेड, डिफाल्टर, सी श्रेणी के शिकायतकताओं से स्वयं एवं अधीनस्थ के द्वारा सुनवाई किया गया। विद्युत कार्यालय भदोही, जिला बेसिक अधिकारी आदि सभी विभागों द्वारा असंतुष्ट शिकायतों के संतुष्टि परक निस्तारण पर बल दिया गया।

### मेट्रो झांकी को मिला पहला पुरस्कार

**गौराबादशाहपुर।** अपने अनुशासन के लिए जानी जाने वाली रामलीला व भरत मिलाप वास्तव में ऐतिहासिक है। ऐसे ही आयोजनों से सनातन धर्म को स्थापित करने तथा भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलती है। उक्त बाते एक मैरिज हॉल में आयोजित नवयुवक रामलीला एवं ऐतिहासिक भरत मिलाप समिति द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह 'प्रिंशु' ने कही। विशिष्ट अतिथि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अनुपम सिंह ने सभी झांकियों को भव्य एवं अतुलनीय बताया। सर्वोत्कृष्ट झांकी का पुरस्कार जिवली को मिला, पुरस्कृत होने वालों में नवीन साहू, धर्मेंद्र गुप्ता, परम ज्योति संस्था, सुजीत जायसवाल, अजीत सोनकर, टीम 07, शीशवंश सिंह इत्यादि रहे। संचालन अमित प्रजापति ने किया। अध्यक्षता कमलेश ने की। कार्यक्रम में नवीन साहू बबलू, हरिशंकर सेठ, अजीत सोनकर, अमित गुप्ता, पप्पू चौरसिया इत्यादि मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज में रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड के स्टेशन रोड स्थित पीजी कालेज में रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय के हाथों किया गया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना हर हाथ को रोजगार के अंतर्गत गुरुवार को मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज में जिला प्रमुख मनोज पांडे के नेतृत्व में कॉलेज में कार्यालय का उद्घाटन हुआ जिसमें विद्यार्थी परिषद के प्रमुख मनोज शुक्ला तथा महाविद्यालय में रोजगार सृजन केंद्र का कार्य देख रहे प्रोफेसर विवेक मिश्र के अथक परिश्रम से छात्र हित के लिए एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर एसके पाठक ने किया जबकि मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय रहे।

निश्चित रूप से यह कार्यक्रम छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने बताया छात्र 40 साल तक कंप्टीशन की तैयारी ही नहीं करेंगे। अपने युवा ऊर्जा को यूं ही नष्ट करेंगे। अपितु छात्र जीवन में ही स्वरोजगार के माध्यम से धन अर्जन का कार्य प्रारंभ करेंगे। इस योजना का उद्देश्य चीन के बढ़ते हुए आर्थिक दबदबे को कम करना है। आज भारत वासियों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा चीन को जा रहा है जबकि हमारे छात्र बेरोजगार और लाचार होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के शिक्षक या क्षेत्र के समस्त जागरूक नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि स्वरोजगार के माध्यम से देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए इसकी पूरी संभावनाएं हमारे गांव क्षेत्र में उपलब्ध है। सिर्फ छात्रों को सही दिशा देने की आवश्यकता है और यह दिशा स्वरोजगार सृजन केंद्र के द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर विवेक मिश्र ने किया छात्रों छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ-साथ स्वरोजगार से जुड़े प्रेरणादाई गीत भी गाए गए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अंजनी पांडे, प्रो. अजय वर्मा, प्रो. सुमन सिंह के साथ सुजीत पटेल, आशुतोष शर्मा, दया सिंधु, संजय सरोज राजपाल, डॉ. जेपी दुबे, डीजे चतुर्वेदी, डॉ. कुरील जैसे विद्वत प्रोफेसर ने छात्रों को इस दिशा में प्रेरित किया।

## फिल्म दरोगा नम्बर वन के लिए हुआ शुभ मुहूर्त

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम चौकियां नई बाजार में गुरुवार को पूर्वान्ह दस बजे भोजपुरी फिल्म दरोगा नम्बर वन के निर्माण के लिये शूटिंग की शुरुआत पूजा पाठ कर किया गया। फिल्म की शूटिंग का शुभारम्भ पूर्व जिला पंचायत शर्मिला यादव पत्नी रमेश यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया। दरोगा नम्बर वन फिल्म का निर्माण कृष्णा फिल्म व उत्तीमराज प्रोडक्शन के बैनर तले हो रहा है। फिल्म के बारे में बताते हुए निर्माता कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि फिल्म की कहानी में उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग और पुलिसिया परिवेश में नौकरी के दौरान आने वाली चुनौतियों और ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करने से जुड़ी है। वहीं अपराध नियंत्रण से पुलिस विभाग क्षवि सुधारने और दबंग बदमाशों से गाँव की गरीब जनता को बचाते हुये सबका विश्वास जीतने में कामयाब हो जाता है। वहीं ये पूरी फिल्म पारिवारिक परिवेश में देखने के योग्य होने के साथ ही एक कॉमेडी फिल्म है। मौके पर अर्चना सिंह, निर्देशक व कैमरामैन निरंजन सिंह व सहयोगी अंशुल, लेखक दीपक भगत, स्टोरी रिसर्चर सोनू सहगम, फिल्म अभिनेता शुभम तिवारी, अभिनेत्री प्रग्या तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लखनऊ में 15 नवंबर को शिक्षक भरेंगे हुंकार : अमित सिंह

बैठक

### धरने को सफल बनाने के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की हुई बैठक



बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह की अध्यक्षता में एक रणनीतिक बैठक हुसेनाबाद स्थित कैंप कार्यालय में हुई।

बैठक के सम्बंध में जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने अवगत कराया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पूर्व से घोषित आन्दोलन के क्रम में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर पूरे देश में निरन्तर चरणबद्ध आन्दोलन चल रहा है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) द्वारा उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से विभिन्न आन्दोलन जैसे हस्ताक्षर अभियान/जनपदीय धरना प्रदर्शन सहित अन्य कई आन्दोलन किए गए। साथ ही अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा देश के समस्त राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन प्रस्तावित है। जिसके क्रम में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर 15 नवम्बर को ईको गार्डन लखनऊ में एक दिवसीय प्रदेशीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन पूर्व से घोषित किया जा चुका है।

इस अवर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अतुल सिंह संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, नूपुर श्रीवास्तव, रामकृपाल यादव स्वतंत्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक निरंकारी संत समागम में रवाना हुए सैकड़ों सेवादार

जनसंदेश न्यूज



वार्षिक निरंकारी संत समागम में भाग लेने के लिए भदोही रेलवे स्टेशन से रवाना होते सेवादार

**भदोही।** संत निरंकारी मंडल द्वारा समदृष्टि के भाव को दशार्ते हुए 75 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 16 से 20 नवंबर को समालखा हरियाणा में भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी स्थानीय संयोजक राजेश कुमार ने देते हुए बताया कि निरंकारी संत समागम को भव्यता एवं दिव्यता के साथ सुंदर स्वरूप देने के लिए आज सैकड़ों सेवादार भक्त भदोही से अलग-अलग स्थानों से ट्रेन के माध्यम से रवाना हुए।

उन्होंने कहा कि जब हम सद्गुरु से साकार रूप में मिलते हैं तो हमें निराकार ईश्वर के ही प्रतिनिधि होने का बोध होता है। इसलिए सद्गुरु की पहचान निराकार से ही है। सद्गुरु संसार के सभी जाति धर्म नस्ल भाषा एवं संस्कृति से ऊपर होता है। ऐसे सभी बंधनों से मुक्त होता है और समस्त मानव जाति को विविधता में एकता के भाव से युक्त होकर मिलवर्तन एवं भाईचारे के साथ जीने की कला सिखाता है। उन्होंने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंकारी सेवादल के जवान हर समय मानवता की सेवा के लिए तैयार रहते हैं। इनको जब भी पुकारा जाता। यह सेवादार खुशी-खुशी निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए पहुंच जाते हैं।

इस दिव्य संत समागम का उद्देश्य मानवता एंव भाईचारे की भावना को दृढ़ता प्रदान करना तथा रूहानियत में इंसानियत के महत्व को दशार्ना है जो केवल ब्रह्मानुभूति से जुड़कर ही संभव है।

## जसवंत सिंह बने अध्यक्ष, महामंत्री की जिम्मेदारी शिवाकांत को

**ज्ञानपुर।** कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश शाखा भदोही में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश, प्रांतीय कार्यकारिणी के अध्यक्षता में दो वार्षिक अधिवेशन कृषि भवन घराव में संपन्न हुआ।

वार्षिक अधिवेशन में गुरुवार को पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जसवंत कुमार सिंह, महामंत्री शिवाकांत, संगठन मंत्री यशवंत कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री धर्मराज यादव, डा विश्वंभर सिंह को संघ का संरक्षक निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह, उप संभागीय कृषि प्रसार के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष धर्मराज यादव, राधा रमण मिश्रा, प्रांतीय अध्यक्ष अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश, एवं अंबा प्रकाश शर्मा प्रांतीय महामंत्री अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश, डॉ आदित्य कुमार मिश्र, फराज कबीर, अरविंद कुमार सिंह, अवधेश कुमार संत तथा समस्त सदस्य अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जनपद शाखा भदोही मौके पर उपस्थित रहे ।

# सहकारी समिति की एसडीएम ने की जांच



क्रय विक्रय सहकारी समिति का औचक निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय

**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव स्थित क्रय विक्रय सहकारी समिति पर खाद न मिलने की शिकायत पर गुरुवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने सहकारी समिति की जाँच की। एसडीएम की जाँच के दौरान सहकारी समिति में हड़कंप मचा रहा।

बताया जाता है कि किसानों द्वारा समिति पर डीएपी उर्वरक न मिलने की शिकायत की गई थी। जिस पर एसडीएम अश्वनी पांडेय व नायब तहसीलदार संजय समिति पर औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। उप जिलाधिकारी ने सहकारी समिति के रजिस्टर, कंप्यूटर आदि की जांच करने पर पाया कि शिकायत निराधार है, और पर्याप्त मात्रा में डीएपी उर्वरक खाद यूरिया मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि अगर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत होती है तो संबंधित नंबर सहित उप जिला अधिकारी से संपर्क करें। सहकारी समिति पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि हमारे पास जितनी मात्रा में डीएपी खाद यूरिया मौजूद है, वह किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन किसानों को नहीं मिला है वह उपलब्धता होने पर दी जाएगी।

# औराई अग्निकांड में झुलसी परी की इलाज के दौरान गई जान

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### भदोही के जीवनदीप हॉस्पिटल में परी ने तोड़ा दम

**ज्ञानपुर।** दो अक्टूबर की रात हुई औराई ?दुर्गा पूजा पंडाल में अग्निकांड की घटना में गुरुवार को चार वर्षीय परी की भदोही के जीवनदीप हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परी की मौत से अग्निकांड में हुई मौतों की संख्या उन्नीस पहुँच गयी।भदोही मेडिकल टीम प्रशासन ने बताया कि 19 वी मृतका परी पुत्री चंदन उम्र चार वर्ष निवासी राजापुर औराई पचीस फीसदी आग से गंभीर रूप से जल चुकी थीं। मृतका का विगत दिनों से पूरी मेडिकल टीम गंभीरता से इलाज कर रही थी, लेकिन डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद भी उनको बचाया नहीं जा सका। जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में ईश्वर से साहस संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# तीन अलग-अलग निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**भदोही।** नगर के पकरी व अयोध्यापुरी में तीन अलग अलग निर्माण कार्य का बृहस्पतिवार को पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने फावड़ा चला कर शिलान्यास किया। इस दौरान वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पुनीत मेहरा ने सिविल लाइन स्थित आधा दर्जन विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग किया। पालिकाध्यक्ष पहले अयोध्यापुर पहुचे। यहां प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुरी से रामचंदर गुप्ता के पेट्रोल पंप तक 17.82 लाख की लागत से बनने वाले सीवर विस्तार कार्य का शिलान्यास किया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि एक और टेंडर हुआ है। जो पेट्रोल पम्प से सालिमपुर मोड़ तक सीवर विस्तार होना है। जिससे पकरी स्टेशन रोड के पटरियों पर जलभराव समस्या समाप्त हो जायेगा। यहां से पालिकाध्यक्ष पकरी वार्ड के प्रेम बहादुर के मकान से सभाशंकर यादव के मकान तक 13.63 लाख की लागत से दोनों तरफ नाली व इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। तत्पश्चात पकरी वार्ड में प्लेटफार्म नं. 2 के शुलभ शौचालय से सालीग्राम विश्वकर्मा के मकान तक 4.99 लाख की लागत से 500 मीटर पेयजल पाईप लाईन विस्तार का शिलान्यास किया। वार्ड सभासद मुन्नीलाल यादव व उपस्थित लोगो ने पालिकाध्यक्ष का फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान मुकेश दूबे, सभासद सुजीत यादव, जितेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, विमलेश सिंह डब्लू, अशोक श्रीवास्तव, इन्द्रजीत यादव, मुकेश दूबे, अशोक श्रीवास्तव, इन्द्रजीत यादव, मुन्नी गुप्ता, बसंत लाल मौर्या आदि उपस्थित रहे।



फावड़ा चला कर शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल व साथ मे खड़े पुनीत मेहरा व अन्य लोग

## शिकायतों में समयबद्ध निस्तारण न होने पर 15 कम्प्यूटर आपरेटरों को स्पष्टीकरण जारी

**भदोही।** आइजीआरएस शिकायतो के निस्तारण में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के ने समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने की दिशा में लगभग पन्द्रह कार्यालयो के कम्प्यूटर आपरेटरो,कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय डीघ, विद्युत कार्यालय ज्ञानपुर, भदोही, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय अभोली के कम्प्यूटर आपरेटरो, कर्मचारियों, सहित जिला ई गवर्नेन्स कार्यालय के ईडीएम, शिकायत लिपिक, प्रशान्त एवं संजय यादव को स्पष्टीकरण देते हुये पन्द्रह दिन के भीतर कार्यशैली में सुधार कराने का निर्देश दिया तथा अन्य उपर्युक्त सभी कम्प्युटर आपरेटरो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिया। उन्होने समस्त विभागो के आइजीआरएस सम्बन्धित कम्प्यूटर आपरेटरो को 15 नवम्बर तक डिफाल्टर श्रेणी के शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने निर्देश दिया।

# वाहन चेकिंग में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

जनसंदेश न्यूज

चेकिंग अभियान

### फर्जी नंबर प्लेट लगे बोलेरो के साथ एक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोपीगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल की। बुलेरो पर कूटरचित नम्बर प्लेट व गलत स्टिकर लगा कर चल रहे आरोपी को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल मय जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्टीकर व बरामद पिस्टल लोगों पर रौब दिखाने के लिए करता था। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा जनपद में चुस्त.दुरुस्त कानून व्यवस्था एवं अपराधों पर अंकुश व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में नौ नवंबर की रात्रि में गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व वाहनों की चेकिंग राजमार्ग पर बड़ागांव मोड़ पर कर रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर बिना रजिस्ट्रेशन बुलेरो वाहन पर कूटरचित नम्बर प्लेट व आगे शीशे पर उत्तर प्रदेश सरकार का गलत तरीके से स्टीकर लगाए हुए आरोपी संतोष कुमार उपाध्याय निवासी बेलहुआ थाना ऊंज को बोलेरो सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज पिस्टल 32 बोर मय 4 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि बरामद पिस्टल व गलत तरिके से लगाये हुए स्टीकर का उपयोग लोगों पर रौब दिखाने के लिए करता था। उक्त गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना मे मुअसं.325/2022 धारा.170, 420, 467, 468, 471भादवि मुअसं. 326/2022 धारा.3/ 25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर पूछताछ व आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# कर्नाटक में भी 'ज्ञानवापी'

## आखिर क्यों अदालत को कहना पड़ा, बंद हो निर्माण

## मस्जिद के नीचे से मंदिर निकलने की बात उठ चुकी है

**बंगलुरु।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद का मसला अभी हल नहीं हुआ है कि अब कर्नाटक में भी कुछ ऐसा ही मामला उठ खड़ा हुआ है। वहां भी एक मस्जिद के नीचे मंदिर होने की बात आई तो पेशबंदी शुरू हो गयी। मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे ढांचे को मस्जिद कमेटी तोड़वा रही थी कि कोर्ट में याचिका दाखिल कर मांग की गई कि ढांचे को कोई खास पक्ष नहीं तोड़



सकता। वक्फ बोर्ड से जुड़े लोगों ने कहा कि यह वक्फ की सम्पति है और यह उसके अधिकार क्षेत्र में है। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता पहुंचे और ढांचा तोड़ने का काम बंद करने की मांग की। सिविल कोर्ट ने कहा है कि मलालीपेटे मस्जिद से जुड़ी याचिका की सुनवाई करना उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। असल में याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित मलालीपेटे मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे ढांचे को तोड़ने पर स्थाई रूप से रोक लगाने का आग्रह किया था। लेकिन मस्जिद समिति ने इसे सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर करार दिया था। हालांकि, अतिरिक्त सिविल जज निकिता अक्की ने अपने फैसले में अधिकार क्षेत्र से जुड़े तर्क को खारिज कर दिया। समिति की ओर से तर्क दिया गया था कि मस्जिद के वक़्फ बोर्ड की जमीन पर स्थित होने की वजह ये मामला सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर और सिर्फ वक़्फ ट्राइब्यूनल इस मामले में सुनवाई कर सकता है। याचिकाकर्ताओं के वकील चिदानंद केदल्या ने बताया है कि अदालत ने कहा है कि यह मामला उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। वहीं, मस्जिद समिति के वकील एमपी शिनॉय ने बताया है, हम अधिकार क्षेत्र का मसला कर्नाटक हाई कोर्ट में लेकर जाएंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट के ऐसे तमाम मामलों को सामने रखा है जिसके तहत ये मामला वक़्फ ट्राइब्यूनल के सामने जाना चाहिए। इस मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे ढांचे निकलने के मामले की तुलना वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद विवाद से की जा रही है।

## ये शाही मस्जिद क्या कभी हनुमान मंदिर थी ?

तटीय क्षेत्र में बनी ये मस्जिद एक साधारण टाइल्स वाली पारंपरिक संरचना है जो 4,350 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैली है। इस मस्जिद में स्थानीय निवासी नियमित तौर पर प्रार्थना में शामिल होते हैं। मस्जिद के बगल में एक कब्रिस्तान है। कहा जाता है कि लगभग 500 साल पहले उल्लाल अब्बाकदेवी के शासन के दौरान ये मस्जिद अस्तित्व में आयी थी। एक स्थानीय निवासी ने गुमनामी की शर्त पर कहा कि यह साबित करने के लिए दस्तावेज हैं कि ये मस्जिद मौजूद थी क्योंकि सड़क को मस्जिद रोड के रूप में वर्णित किया गया है। मंगलुरु के पास थेनका उलपडी गांव के मलालीपेटे में बने असैद अब्दुल्लाही मदीन मस्जिद को लेकर विवाद इसी साल 21 अप्रैल को सामने आया था।इस मस्जिद की मंदिर जैसी संरचना पर लोगों का ध्यान तब गया जब जीर्णोद्धार के लिए निर्माण सामग्री को अंदर लाने के लिए दीवार के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा था। ये लगभग तभी हो रहा था उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद चर्चा के केंद्र में थी। दशकों से सांप्रदायिक तौर पर संवेदनशील समझे जाने वाले इस इलाके में कोई असहज स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए स्थानीय पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू कर दी। इस मामले के दोनों वादियों धनंजय और मनोज कुमार के बारे में उनके वकील एम. चिदानंद केदल्या ने कहा, मस्जिद के अंदर एक पुराने मंदिर को देखकर वे लोग अचरज में थे। इन दोनों ने मस्जिद समिति के सदस्यों से मंदिर जैसी संरचना नहीं गिराने की अपील की। जब मस्जिद समिति ने इनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया तो दोनों वादियों ने पुलिस, तहसीलदार और जिला उपायुक्त को सूचित किया। इसके बाद स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रोक दिया गया। वादियों के वकील के मुताबिक, पुलिस प्रशासन ने वादियों को बताया कि मस्जिद समिति के पास निर्माण कार्य कराने की अनुमति है, इसलिए कोर्ट के आदेश के बिना निर्माण कार्य को लंबे समय तक रोका नहीं जा सकता है। अगले ही दिन धनंजय और मनोज कुमार ने निर्माण कार्य और पुराने ढांचे को गिराने के काम पर रोक लगाने की अपील सिविल अदालत से की। इसके बाद 21 अप्रैल को सिविल अदालत ने मस्जिद में निर्माण कार्य पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी। हालांकि, बाद में स्थानीय सर्वेक्षण के लिए अदालत ने आयुक्त की मांग को स्वीकार नहीं किया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले में सिविल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

### क्या कह रहे हैं दोनों पक्ष

इस मामले में वादी धनजंय और मनोज कुमार और प्रतिवादी मलालीपेटे मस्जिद समिति के अध्यक्ष मामू मानेल ने ये दलीलें दी हैं। 30 साल के युवाओं धनजंय एवं मनोज कुमार ने कहा है, वे स्थानीय निवासी हैं और उनकी दिलचस्पी इस मंदिर में है जो एक प्राचीन विरासत है. उनके पूर्वज इस मंदिर में पूजा उपासना करते थे। इन दोनों के मुताबिक, इस मस्जिद का निर्माण सरकारी जमीन पर हुआ है और दोनों पुराने मंदिर को ऐतिहासिक स्मारक घोषित करने और उसे संरक्षित करने के लिए पुरातत्व विभाग को सौंपने की मांग कर रहे हैं।

## एक तीर से सपा प्रमुख ने कई निशाने साधे हैं

## खानदान की रस्साकशी पर भी लगाम लगा दी है

# आखिर डिम्पल को ही क्यों अखिलेश ने उतारा?



*लखनऊ। क्या आपको याद है कि अखिलेश ने यह साफ कर दिया था कि डिम्पल अब भविष्य में कोई चुनाव नहीं लड़ेंगी। लेकिन उन्हें तब नहीं पता था कि उनकी राह कुछ ही साल में कांटों भरी हो जाएगी। पिता मुलायम सिंह यादव उन्हें अकेला छोड़ जाएंगे और 2022 का विधानसभा चुनाव वह हार जाएंगे। उन्होंने जो सोचा था, वह पूरा नहीं हुआ। नेताजी के निधन से सारा बवाल उनके कंधे पर आ गया है। चचा सिर पर सवार हैं कि अब नेताजी की विरासत में सेंध लगाउंगा। मैनपुरी का चुनाव लड़ना था क्योंकि सपा का सबसे मजबूत व विश्वस्त किला है यह। अखिलेश यूपी नहीं छोड़ सकते और यह उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़कर बता दिया था। आजमगढ़ की हार ने उनके कदमों के नीचे से दरी खींच ली थी। अब वो मैनपुरी की विरासत किसी और को नहीं देना चाहते। सबसे सेफ सीट है यह तो सबसे विश्वस्त भी उसे संभाले। निगाह दौड़ाई और दिमाग से सोचा तो डिम्पल ही उपयुक्त लगीं। आखिर जीवन संगिनी हैं और आगे जो फैसला अखिलेश लेंगे, उसे आसानी से स्वीकार वह कर सकेंगी। डिंपल सियासी दंगल में 3 साल बाद वापसी कर रहीं हैं। 2019 में उन्होंने कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां वह भाजपा के सुब्रत पाठक से हार गई थीं। तब से वह सीधे तौर पर राजनीति में नहीं उतरीं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कौशांबी समेत कुछ सीटों पर प्रचार किया था। डिम्पल के साथ कमजोरी यह है कि वह सधी हुई राजनीतिज्ञ नहीं हैं और न लच्छेदार भाषण में माहिर। जनता को अपनी ओर खींचने के लिए नेताओं को भाषण में माहिर होना होता है। अखिलेश की समस्या यह है कि वह अपने चचेरे भाइयों या चाचा पर भरोसा नहीं कर सकते। इसका कारण है मुलायम सिंह यादव का न होना। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क साधने और उन्हें राह पर लाने का काम वही करते थे। अब अखिलेश की समस्या यह है कि वरिष्ठ नेताओं की इगो कैसे सहलाएं। वरिष्ठ भी थोड़े ऐंठ गए हैं। ऐसे में डिम्पल से बेहतर उन्हें मैनपुरी से कोई नहीं लगा और फिर आगे कभी लोकसभा में जाना हुआ तो यह सीट उन्हें हर तरह से मुफीद साबित होगी।*



### 2012 में कन्नौज से सपा ने डिंपल पर ही जताया था भरोसा

अखिलश यादव के कन्नौज लोकसभा सीट छोड़ने के बाद 2012 में उपचुनाव हुआ। सपा ने इस बार भी डिंपल यादव पर भरोसा जताया। वहीं, इस चुनाव में बसपा, कांग्रेस, भाजपा ने उनके खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। जबकि, दो लोगों के नामांकन वापस लेने के बाद डिंपल निर्विरोध चुनाव जीतने में कामयाब रहीं। वहीं 2014 लोकसभा चुनाव में भी वह कन्नौज सीट बचा ले गईं। वैसे राजनीतिक जानकारों का कहना है कि डिंपल को मैनपुरी से प्रत्याशी बनाए जाने का कारण यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में उनका चुनाव प्रचार रहा। चुनाव प्रचार में डिंपल यादव हिट रहीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें आखिरी चरणों में मुश्किल सीटों पर प्रचार के लिए उतारकर सीटें अपनी झोली में डलवा ली। कौशांबी और जौनपुर में हुई जनसभाओं में सिर्फ एक सीट ही भाजपा के खाते में जुड़ सकी। वो भी बहुत कम मार्जिन के साथ। विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण में पहली जनसभा डिंपल ने सिराथू में पल्लवी पटेल के लिए की। पल्लवी के सामने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य खुद चुनाव मैदान में थे। डिंपल की जनसभा होने के बाद यहां पल्लवी टक्कर में आ गई। वो इस सीट से जीत गईं। कौशांबी की चायल विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी पूजा पाल के समर्थन में सभा की। पूजा पाल पूर्व विधायक राजू पाल की पत्नी हैं। यहां पूजा का मुकाबला अपना दल (सोनेलाल) के नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल से था। 88818 वोट लेकर पूजा पाल ने जीत दर्ज की। यहां भाजपा की तरफ से लाल बहादुर चुनावी मैदान में थे। भाजपा संगठन उनके लिए प्रचार कर रहा था। डिंपल ने यहां इंद्रजीत सरोज के लिए सिर्फ एक जनसभा की थी। यहां भी सपा प्रत्याशी ही जीता। जौनपुर की मड़ियाहू सीट पर अपना दल (सोनेलाल) के प्रत्याशी डॉ. आरके पटेल को सपा की प्रत्याशी सुषमा पटेल से चुनौती थी। यहां डिंपल ने जनसभा की। यहां कांटे की टक्कर ऐसी कि पूरी बाजी सिर्फ 1206 वोटों से ही सुषमा ने जीत दर्ज की। मछलीशहर से डॉ. रागिनी चुनाव लड़ रही थीं। डिंपल ने प्रचार किया। नतीजा ये रहा कि रागनी को 91659 वोट मिले। भाजपा के प्रत्याशी महिलाल 83175 वोट पाकर हार गए थे। जानकारों का कहना है कि समाजवादी पार्टी को परिवार पर भरोसा है। यह रणनीति वह मैनपुरी पर लागू की गई है। सपा की यह रणनीति पहले भी कामयाब हो चुकी है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर 2014 में मुलायम ने जब मैनपुरी सीट छोड़कर आजमगढ़ की सीट संभाली थी। तब भी उपचुनाव में परिवार के तेज प्रताप यादव को मैनपुरी से उतारा था। तेज प्रताप ने तब 3 लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीता था। इससे पहले 2004 उपचुनाव में धर्मेंद्र यादव भी मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत चुके हैं। तब भी मुलायम ने यह सीट खाली की थी। यानी इस बार भी सपा इसी पर भरोसा कर रही है। 2019 में जब मुलायम आजमगढ़ लोकसभा सीट छोड़ मैनपुरी गए तो आजमगढ़ से अखिलेश यादव लोकसभा पहुंचे। हालांकि, 2022 में वह यह सीट छोड़ करहल से विधायक बने। धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ उपचुनाव लड़ाया, लेकिन वह हार गए।

### 2009 में फिरोजाबाद उपचुनाव में उतरीं थीं

विधानसभा चुनाव 2022 में डिंपल ने सपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था। विधानसभा चुनाव 2022 में डिंपल ने सपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था। 2009 लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की दो सीटों फिरोजाबाद और कन्नौज से चुनाव लड़ा। बाद में अखिलेश ने फिरोजबाद सीट छोड़ दी और उपचुनाव में डिंपल को वहां से उम्मीदवार बनाया। लेकिन, डिंपल कांग्रेसी नेता राज बब्बर से चुनाव हार गईं।

### डिंपल 5वीं बार चुनाव लड़ेंगी

44 साल की डिंपल 5वीं बार चुनाव लड़ेंगी। मैनपुरी सपा की पारिवारिक सीट है। 1996 में यहां मुलायम सिंह ने पहली बार चुनाव लड़ा था। तब से इस सीट पर सपा का कब्जा है। तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव ने भी अपनी सियासी पारी की शुरुआत इसी सीट पर जीत से की थी। मुलायम के निधन के बाद इस सीट पर तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव का नाम भी चल रहा था। हालांकि, अखिलेश ने डिंपल के नाम पर आखिरी मुहर लगाई है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि मुलायम की सीट यानी उनकी विरासत पर डिंपल के उतारने के गहरे सियासी मायने भी हैं। डिंपल अब फिर सक्रिय राजनीति में आएंगी।

### भाजपा से अपर्णा की चर्चा शुरू

डिंपल यादव के चुनावी मैदान में उतरने के बाद समीकरण बदले हैं। भाजपा ने अभी अपने उम्मीदवार का चेहरा स्पष्ट नहीं किया है। यहां से शिवपाल यादव के नाम पर की चर्चा चल रही थी। यादव वोटर उनका समर्थन कर सकते हैं, अगर पिछली जाति के कद्दावर नेता का सपोर्ट उन्हें मिले, तो मैनपुरी सीट निकाल सकते हैं। उनके अलावा मुलायम की बहू अपर्णा यादव पर भी सबकी नजर है। अपर्णा यादव को वोटर्स की सहानभूति मिल सकती है। दरअसल, मैनपुरी लोकसभा में सबसे ज्यादा यादव मतदाता हैं। इनकी संख्या 4 लाख से भी ज्यादा की है। इसके बाद शाक्य मतदाता लगभग 2.25 लाख के आसपास हैं। ऐसे में एक चर्चा ये भी है कि भाजपा यहां कोई शाक्य नेता बतौर उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार सकती है।

### कन्नौज से दो बार सांसद रहीं

15 जनवरी 1978 को महाराष्ट्र के पुणे में पैदा हुई डिंपल कन्नौज से दो बार सांसद रह चुकी हैं। उनका परिवार मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। उनके पिता रिटायर कर्नल हैं।

# आखिर क्यों पूर्व सीएम व डिप्टी सीएम ने कहा, चुनाव नहीं लड़ेंगे

### गुजरात में क्या हो रहा

**जिस तरह से रूपाणी और नितिन पटेल को हटाया गया, उससे दोनों हैं क्षुब्ध**

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में भाजपा सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की मीटिंग बुधवार की रात 11.30 बजे तक चली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बैठक में पहुंचे थे। मीटिंग से पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल और सीनियर विधायक भूपेंद्र सिंह चुडास्मा ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। यह कुछ लोगों के लिए अचरजभरा हो सकता है, पर आलाकमान के लिए ऐसा कुछ नहीं था। मोदी व शाह की जोड़ी यह फैसला ले चुकी थी कि जिन्हें नाकाम कहकर कुर्सी से हटाया था, उन्हें किस मुंह से जनता के सामने ले जाते। कोरोना को संभालने में चूक का ठीकरा अपने सिर लिए अब भी घूम रहे हैं विजय रूपाणी। हकीकत वह जानते हैं पर सामने कुछ नहीं कह सकते।

### रूपाणी ने सीनियर नेताओं को भेजा लेटर

गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी ने पार्टी के सीनियर लीडर्स को लेटर भेजकर कहा– सभी के सहयोग से पांच साल सीएम के रूप में काम किया। इन चुनावों में नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए। मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। पार्टी द्वारा चुने गए उम्मीदवार को जिताने के लिए काम करूंगा। विजय रूपाणी 7 अगस्त 2016 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। 2017 का चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा गया था। तब भाजपा ने 99 सीटें जीती थीं। रूपाणी ने 26 दिसंबर 2017 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।



### नितिन चार बार सीएम बनने से चूक गए थे

पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल वित्त, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, सिंचाई और शहरी विकास मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके हाथ से चार बार गुजरात का मुख्यमंत्री बनने का मौका निकला है। पहली बार 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उस समय गुजरात सीएम के लिए उनका नाम चल रहा था, लेकिन पार्टी ने आनंदीबेन पटेल को मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद 2015-16 के पाटीदार आंदोलन के बाद जब आनंदीबेन पटेल को सीएम पद से हटाया गया, तब भी उनका नाम उछला, लेकिन विजय रूपाणी को मुख्यमंत्री बनाया गया। 2017 का चुनाव परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं आने के बाद ऐसा लग रहा था कि अब नितिन पटेल का सीएम बनना तय है, लेकिन रूपाणी दोबारा सीएम बने। इसके बाद 2021 में बीजेपी ने विजय रूपाणी को हटाकर भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बना दिया। तब भी उनका नाम चर्चाओं में था।

### रूपाणी और पटेल ने कहा- युवाओं को मिले मौका

रूपाणी और नितिन पटेल ने कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ रहे, ताकि युवाओं को मौका मिले। हालांकि चर्चा है कि पार्टी ने इन दोनों नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देकर विधानसभा चुनाव से दूर किया है। विजय रूपाणी को पंजाब की जिम्मेदारी दी गई थी। नितिन पटेल को भी दूसरे राज्य में बड़ी जिम्मेदारी देकर गुजरात चुनाव से दूर रखा जाएगा।